■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स
अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 314
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
18 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1853 :** एशिया की पहली ट्रेन बॉम्बे से तन्ना तक चलायी गयी।
**1859 :** वर्ष 1857 विद्रोह के नेता तात्यां तोपे को फांसी दी गयी।
**1917 :** महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया।
**1955 :** प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टाइन का निधन।
**1971 :** 'सम्राट अशोक' नामक देश का पहला जंबो जेट विमान 747 मुंबई में उतरा।

**एक व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, जब उसने कभी भी कुछ नया करने की कोशिश की यानी जब हम कुछ नया करते है तब गलतियां होना स्वाभाविक है।**

# आज से महिलाओं के हित को लेकर सीधा संवाद करेगी नीतीश सरकार

## 50 वाहनों द्वारा राज्य के सभी जिलों में महिला संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। पटना के 1-अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास से नीतीश सुबह साढ़े 10 बजे इसकी शुरुआत करेंगे। साथ ही वह 50 वाहनों को विभिन्न प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना भी करेंगे। पहले दिन बिहार में 600 जगहों पर महिला संवाद होगा। महिला संवाद कार्यक्रम अगले दो महीने तक चलेगा। इस दौरान हर जिले में सरकार की ओर से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस साल होनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार का यह कार्यक्रम अहम माना जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से




पूर्व में मिली जानकारी के अनुसार अगले दो महीने तक 70 हजार जगहों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जगहों का चयन कर लिया गया है। महिला संवाद के लिए 600 गाड़ियां गांव-गांव घूमेंगी। संवाद में दो करोड़ महिलाओं के शामिल होने का दावा भी किया जा रहा है। इनमें से 1.35 लाख जीविका दीदियां शामिल होंगी। बिहार के सभी 38 जिलों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पटना जिले में 1395 जगहों पर कार्यक्रम होंगे। राज्य भर में रोजाना औसतन 1200 जगहों पर आयोजन होगा। इसे सुबह और शाम के समय में आयोजित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि नीतीश सरकार की ओर से महिला संवाद के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इनमें महिला सशक्तिकरण नीती 2015, महिला आरक्षण, नशामुक्ति अभियान, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा उन्मूलन अभियान, जीविका योजना, सीएम कन्या उत्थान योजना, बालिका पोशाक योजना समेत अन्य योजना शामिल हैं।

# राज्य के सभी पैक्स अध्यक्षों को मिलेंगे 15-15 लाख का ऋण : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के सभी पैक्स अध्यक्षों को 15-15 लाख रूपये का ऋण दिया जाएगा। यह ऋण उन्हें मुख्यमंत्री हरित कृषि योजना के तहत दिया जाएगा। इसमें 50 प्रतिशत ऋण एवं 50 प्रतिशत अनुदान होगा। यह बात बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गुरूवार को यहां स्थित जिला सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बिहार में ऐसे किसान, जो सब्जी का उत्पादन करते हैं, अब उनको अब तक सब्जी के क्रय और विक्रय करने में काफी परेशानी होती है। इसके भी लिए बिहार राज्य सब्जी उत्पादक सहकारी समिति का गठन किया गया है, जिसके अब 1.14 करोड़ की लागत से कोल्ड स्टोरेज, गोडाउन और एक कार्यालय बनाया जाएगा। इसमें इस कोल्ड स्टोरेज की क्षमता कुल 10 टन होगा और वहीं गोडाउन की क्षमता 20 टन होगा और उसके साथ ही एक कार्यालय का भी एक निर्माण को किया जाएगा। इसके माध्यम से किसानों को सब्जी बेचने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसको लेकर जिले के कुढ़नी, पारू, औराई और मुशहरी प्रखंड में निर्माण किया जाएगा। मंत्री प्रेम कुमार ने सर्किट हाउस से ऑनलाइन शिलान्यास किया और बताया कि सरकार के द्वारा लगातार किसान और पैक्स के लिए काम किए जाए। आगे बताया कि अब मधुमक्खी पालकों को भी काफी परेशानी होनी है। सही से ब्रांडिंग नहीं हो पाती है, जिस कारण उन्हें सही लागत नहीं मिल पाता है। इसके लिए मधुमक्खी संघ बनाया गया है और अब जिसके माध्यम से ब्रांडिंग का काम किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसपी केंद्र भी खुलेगा। जहां से आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र रेल व फ्लाइट की टिकट बुकिंग करवा सकेंगे।



## हादसे से बची इंडिगो की फ्लाइट

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना एयरपोर्ट पर इंडिगो की फ्लाइट गुरुवार शाम एक बड़े हादसे से बच गई। जानकारी के मुताबिक, पुणे से आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट शाम 6.30 में लैंड करने वाली थी। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने डीजे की लेजर लाइट विमान की ओर मारा, जो पायलट के आंख पर पड़ी। इससे विमान का संतुलन कुछ देर के लिए बिगड़ गया। हालांकि, पायलट की सतर्कता और सूझबूझ के कारण एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई और विमान को सेफ लैंड करा लिया गया। मामले में दो थाने की पुलिस जांच में जुट गई है।

# अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं : उपराष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ चौबीसों घंटे उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को तमिलनाडु गवर्नर बनाम राज्य सरकार के केस में गवर्नर के अधिकार की 'सीमा' तय कर दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था, 'राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था। राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, 'हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो 'सुपर संसद' के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है।'

## दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिला के चकमेहसी थाना क्षेत्र के भट्टी चौक पर एक तेज रफ्तार दुध की टैंकर ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर हालत में समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मधुरपुर टारा वार्ड 14 निवासी नीतीश कुमार (32) के रूप में हुई है। दूसरा घायल की पहचान संतोष कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने टैंकर के शीशे तोड़ दिए। वहीं स्थानीय लोगों के साथ मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ दरभंगा-समस्तीपुर मुख्य सड़क पर जाम कर दिया। जिससे चार घंटे से अधिक समय तक जाम रहने के कारण वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# झारखंड के सरकारी कर्मियों को मिलेगा बीमा लाभ : हेमंत

■ **कर्मचारियों के कल्याण के लिए झारखंड सरकार ने बढ़ाया एक और कदम**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सरकार की पहल पर झारखंड के सरकारी कर्मियों को एक बड़ा तोहफा मिला है। एसबीआई में सैलरी अकाउंट रखने वाले सरकारी कर्मियों को दुर्घटना समेत कई तरह की बीमा का लाभ मिलेगा। इस बाबत प्रोजेक्ट भवन में वित्त विभाग का एसबीआई के साथ एमओयू हुआ है। खास बात है कि जिनका सैलरी अकाउंट एसबीआई में नहीं है और वे एसबीआई में अपना सैलरी अकाउंट खुलवाते हैं तो उन्हें भी लाभ मिलेगा। दूसरी बड़ी बात यह है कि बीमा लाभ के बदले प्रीमियम के नाम पर एक पैसा भी नहीं देना होगा।

### किस कैटेगरी में कितनी मिलेगी बीमा राशि

- दुर्घटना में मौत होने पर परिजनों को 1 करोड़ रु
- स्थायी अपंगता पर 1 करोड़ रु. मिलेंगे
- 1.60 करोड़ का हवाई दुर्घटना बीमा आंशिक अपंगता पर 80 लाख का बीमा लाभ
- 10 लाख रु का जीवन बीमा लाभ
- परिवार के चार सदस्यों के लिए 5-5 लाख का स्वास्थ्य बीमा लाभ

### सीएम, वित मंत्री और एसबीआई प्रबंधन की प्रतिक्रिया

एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एसबीआई के सहयोग से राज्यकर्मियों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए एसबीआई प्रबंधन का शुक्रिया अदा करते हुए सीएम ने कहा कि यह झारखंड के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों की चिंता करती है। साथ ही उम्मीद करते है कि कर्मी भी अपने कर्तव्यों का पालन भी पूरी ईमानदारी से करें। कार्यक्रम में शामिल वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इस लाभ के बदले किसी भी कर्मचारी को एक भी पैसा नहीं देना होगा। सिर्फ एक शर्त है कि कर्मचारी का खाता एसबीआई में होना चाहिए। एसबीआई, बिहार-झारखंड के मुख्य महाप्रबंधक के. बी. बंगा राजू ने कहा कि झारखंड में 580 ब्रांच और 1260 एटीएम से ग्राहकों को सेवा दी जा रही है। राज्य में करीब 1 लाख 70 हजार कर्मचारी हैं। इनमें 70 हजार पुलिसकर्मियों के लिए सितंबर 2024 में ही एमओयू हो चुका है। आज के एमओयू से राज्य के 1 लाख 5 हजार कर्मचारियों को बीमा लाभ मिलेगा।

### झारखंड पुलिस के साथ भी हो चुका है एमओयूइसी

इसी तरह का एक एमओयू सितंबर 2024 में झारखंड पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुआ था। इसके तहत झारखंड पुलिस के अधिकारियों और जवानों को व्यक्तिगत दुघर्टना मृत्यु बीमा 01 करोड़ रु देने का प्रावधान है। स्थायी पूर्ण विकलांगता पर भी 01 करोड़ का बीमा लाभ मिलना है। जबकि स्थायी आंशिक विकलांगता पर 80 लाख तक, वायुयान दुघर्टना पर 01 करोड़ 60 लाख रुपया, नक्सल हिंसा/ उग्रवादियों एवं अपराधकर्मियों द्वारा घात लगाकर किये गये हमलों में शहीदों के आश्रित को अतिरिक्त 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

# वक्फ कानून : केन्द्र सरकार को कानून पर जवाब देने को सात दिनों का मिला समय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन करीब 1 घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का वक्त दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी। तब तक



सरकार को तीन निर्देश मानने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, '110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में ऐसे 5 पॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें।' सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।

## कुख्यात समेत सात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर की शाहपुर थाना की पुलिस ने कार्रवाई में पटना के कुख्यात अपराधी राजकुमार सहित 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को शिवाला गैस गोदाम के पास बड़ी वारदात की साजिश होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके से एक देसी पिस्टल बरामद किया है। साथ ही दो मैगजीन और 20 जिंदा कारतूस भी मिले हैं। टीम ने 9 मोबाइल और एक डोंगल भी जब्त किया है। पकड़े गए अन्य अपराधियों में भोजपुर जिले के प्रतुल भारद्वाज, मोहित कुमार, अमन कुमार, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार और कार्तिक कुमार शामिल हैं।

# सड़क सुरक्षा के प्रति स्कूली बच्चों को किया जाएगा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक पहल करने जा रहा है। इसके तहत अब स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए स्कूलों की दीवारों पर स्लोगन लिखे जाएंगे। साथ ही स्कूलों की चाहरदीवारी पर पेंटिंग बनाई जाएगी। इन पेंटिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा से जुड़े तमाम जरूरी बातों को उकेरा जाएगा। इसकी मदद से बच्चे आसानी से चीजों को समझ सकेंगे। कुछ दिन पहले विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई कार्यपालक समिति, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए परिवहन आयुक्त सह प्रभारी पदाधिकारी ने सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के निदेशक को पत्र लिखा है। इसमें विभाग से वॉल पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन के लिए निर्धारित दर की जानकारी मांगी है। ताकि इस योजना को सही तरीके से लागू किया जा सके। सड़क सुरक्षा संबंधित स्लोगन और पेंटिंग स्कूलों की बाउंड्री वॉल पर ऐसे स्लोगन लिखे जाएंगे, जो सरल, प्रभावशाली और प्रेरणादायक हो, जिससे बच्चे आसानी से समझ सकें और इससे सबक ले सकें। साथ ही पेंटिंग के जरिए बच्चों और आम जनता को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया जाएगा। इसमें हेलमेट का उपयोग, सीट बेल्ट पहनने की अनिवार्यता, स्पीड का पालन, सड़क पर मोबाइल के इस्तेमाल से बचना, पैदल चलने वालों के अधिकार आदि की जानकारी दी जाएगी। शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर बिहार सड़क सुरक्षा परिषद ये काम करेगा। इसे समय पर पूरा करने के लिए एक विशेष निगरानी समिति भी बनाई जाएगी।

■ **स्कूल की चाहरदीवारी पर बनाई जाएगी पेंटिंग, दीवार पर लिखे जाएंगे स्लोगन**

# 25 हजार शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को करीब 26,000 बर्खास्त शिक्षकों को राहत दी है। कोर्ट ने कहा- जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हुई है, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनका नाम 2016 के घोटाले मामले में नहीं आया हो। कोर्ट ने कहा- हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा- बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन को 31 मई तक भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन जारी करना होगा। 31 दिसंबर तक चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। बंगाल सरकार और एसएससी को 31 मई तक भर्ती का विज्ञापन जारी कर उसका पूरा शेड्यूल कोर्ट को सौंपना होगा। अगर तय समय में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो कोर्ट उचित कार्रवाई और जुर्माना लगाएगा। हालांकि, ग्रुप ए और ग्रुप क के नॉन टीचिंग स्टाफ के कर्मचारियों को राहत नहीं मिल है। कोर्ट ने कहा- इनमें से ज्यादातर कर्मचारियों पर आरोप सिद्ध हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने 2016 की भर्ती के 25,753 टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। इधर, सुप्रीम कोर्ट से टीचरों को राहत दिए जाने के बाद सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बर्खास्त शिक्षकों का कार्यकाल बढ़ाने के आदेश से वह खुश हैं।

# खनन टीम पर जानलेवा हमला, चार जवान घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** बिहार में पुलिस पर हमला के बाद अब अररिया में खनन और जल संसाधन विभाग की संयुक्त टीम पर हमला हुआ है। घटना फारबिसगंज के रामपुर उत्तर पंचायत की है। हमले में माइनिंग इंस्पेक्टर अरमान समेत होमगार्ड जवानों के साथ हाथापाई कर जबरन जब्त मिट्टी लोड ट्रैक्टर को छुड़ाकर लिया गया। खनन पदाधिकारी अभिजित कुमार ने घटना की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक रामपुर नहर में गुरुवार को खनन रोकने गई खनन विभाग की टीम पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया। टीम ने अवैध मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया था, जिसे 50-60 लोगों ने जबरन छुड़ाकर ले लिया। हमले में माइनिंग इंस्पेक्टर अरमान सहित कई कर्मी घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल कर्मी सनोज मंडल समेत अन्य घायल को अनुमंडलीय




अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खान निरिक्षक मो. अरमान ने बताया की सिंचाई प्रमंडल बथनाहा के द्वारा लगातार सूचना मिली कि पूर्णिया केनाल नहर से अवैध तरीके से मिट्टी खनन कर खरीद बिक्री की जा रही थी। इसको लेकर आज माइनिंग टीम होमगार्ड जवान और सिंचाई प्रमंडल बथनाहा के सहायक अभियंता के साथ पहुंचे तो एक ट्रैक्टर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि अचानक नहर के बांध के समीप 50 से 60 की संख्या में आए अज्ञात व्यक्ति ने खनन विभाग टीम और बथनाहा टीम पर जानलेवा हमला करते हुए ट्रैक्टर को छुड़ाकर लेकर चले गए। किसी तरह जान बचाकर हमलोग वहा से भागे। उन्होंने बताया की फारबिसगंज में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया गया है। वहीं खनन पदाधिकारी अभिजित कुमार ने बताया की घटना हुई है। विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**आवश्यकता**

**सुधा आइसक्रीम सेल्स टीम के एरिया मैनेजर के पद पर युवकों की आवश्यकता है**

**कौस्तुभ इंटरप्राइजेज**
(जिला डिस्ट्रीब्यूटर- सुधा आइसक्रीम)
सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार)
मो.- 6206165107




नोट: आइसक्रीम कुल्फी के विभिन्न प्रोडक्ट के लिए दुकानदार बंधु भी संपर्क करें।

C M Y K

# नीतीश सरकार गरीब पिछड़े लोगों को अपना घर बनाकर दे रही : संजय सरावगी

## सरकार पंचायतों में जमीन खरीदने के लिए एक लाख रुपए दे रही



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि बिहार की नीतीश सरकार ने गरीब पिछड़े लोगों को न सिर्फ अपना घर बनाकर दे रही है, बल्कि अब उन्हें जीवन यापन के लिए जमीन खरीदने के लिए पैसे भी दे रही है। सरकार पंचायतों में जमीन खरीदने के लिए एक लाख रुपए दे रही है। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में अभियान बसेरा-2 चल रहा है। इसके तहत दलित महादलित पिछड़ा, अत्यंत पिछड़ा समाज के जो लोग हैं और उनके पास जमीन नहीं है, उन्हें जमीन उपलब्ध कराना है। सरावगी गुरुवार को मीडियाकर्मियों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि सरकार एक नया प्रावधान भी लाई है, जिन पंचायत में जमीन नहीं है, उन पंचायत के लोगों को जमीन खरीदने के लिए मुख्यमंत्री आवास नीति योजना के तहत एक लाख रुपये चेक के माध्यम से दिया जाएगा। संजय सरावगी ने कहा कि सभी रैयतों की जमीन उनके नाम पर हो जाए, इसके लिए जमीन सर्वे की प्रक्रिया को सरल बना दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च थी। बावजूद पोर्टल को खोल कर रखा गया है। अभी भी लोग उनके पास जमीन से जुड़े जो कागजात उपलब्ध हैं, उस पर अपना आवेदन करें। ऐसे ही लोगों को परेशानी हो रही है, जो आवेदन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रैयतों के पास जमीन से जुड़ा जो डॉक्यूमेंट है, उस आधार पर आवेदन करें, स्वलिखित वंशावली दें। उन्होंने कहा कि जमीन का दाखिल खारिज करने के लिए अब कार्यालय जाने की बिलकुल जरूरत नहीं है, सभी सुविधाएं ऑनलाइन हैं। संजय सरावगी ने कहा कि बिहार में जमीन विवाद बहुत अधिक है। विशेष भू-सर्वेक्षण होने पर विवाद में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि दाखिल खारिज के मामले में विभाग ने तय किया है कि 35 दिनों के अंदर भू स्वामी की जमीन का दाखिल खारिज हो जाएगा। अगर किसी मामले में विवाद है तो वैसे मामले में 75 दिनों के अंदर इसका निष्पादन कर दिया जाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के दाखिल खारिज वाद को अगर कागज में कमी है तो सुनवाई के बाद भी उसे निरस्त करना है। अधिकारी को रैयतों को बुलाना है, अगर कागजात कम है तो उसे कागजात उपलब्ध कराना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर के जन्म दिवस के अवसर पर पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, पार्क नं0-2, कंकड़बाग में किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व० चन्द्रशेखर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री श्याम रजक, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व० चन्द्रशेखर जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राजद विधायक रीतलाल यादव ने किया कोर्ट में सरेंडर, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव ने रंगदारी मामले में गुरुवार को दानापुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में पटना के बेऊर जेल भेज दिया। रीतलाल यादव पर एक बिल्डर से रंगदारी मांगने का आरोप है। साथ ही साथ धमकी देने का भी आरोप लगा था। पुलिस लगातार उनकी तलाश में छापामारी कर रही थी जिसके बाद राजद विधायक ने अपने भाई और भांजे के साथ कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने के बाद मीडिया से बातचीत में रीतलाल यादव ने अपने ऊपर लगे आरोपों को साजिश बताते हुए कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस उनकी हत्या करना चाहती है। उन्होंने कहा कि उन्हें डर है कि जेल में उनकी हत्या न कर दी जाए। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने हमारे घर पर जो छापा मारा था, उसका असली मकसद एके47/एके56 जैसे प्रतिबंधित हथियार को उनके घर पर रखकर फंसाना था। उन्होंने बिल्डर से रंगदारी मामले में कहा कि बिल्डर के द्वारा कुछ गरीबों की जमीन ली जा रही थी। हमने उसे पंचायत कर सुलह करा दी थी, लेकिन बाद में बिल्डर पर दबाव डालकर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया, ताकि मुझे फसाया जा सके और मेरी हत्या कराई जा सके। उन्होंने कहा कि दानापुर विधानसभा सीट से हमारे विरोधी पार्टी भाजपा को जिताने की यह पूरी तरह साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता हमारे साथ है। मैं दानापुर से चुनाव लड़ूंगा और फिर मेरी जीत होगी। बता दें कि पुलिस ने 11 अप्रैल को उससे संबंधित 11 स्थानों पर तलाशी ली और करीब 10.5 लाख रुपये, 77.5 लाख रुपये के खाली चेक, भूमि हड़पने के 14 दस्तावेज और समझौते, 17 चेकबुक और पांच स्टांप, छह पेन ड्राइव और वॉकी-टॉकी बरामद किए थे। रीतलाल यादव के ठिकानों से 10 लाख से अधिक नकद, ब्लैंक चेक और कई कागजात व पेनड्राइव आदि मिले थे। सूत्र बताते हैं कि पुलिस अब इनकम टैक्स की मदद भी ले रही है। विधायक के बैंक खाते, संपत्ति और निवेश की जांच की जा रही है। संदेह है कि अपराध से विधायक ने धन अर्जित की और उसे वैध रूप देने की कोशिश की।

# चन्द्रशेखर पार्क की जमीन को लेकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हंगामा

## कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर गुरुवार को कंकड़बाग स्थित बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों विरोध प्रदर्शन किया। मामला चंद्रशेखर पार्क की जमीन को निजी स्कूल को आवंटित किए जाने से जुड़ा है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विरोध जताने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने पहले ही उन्हें रोक दिया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल से इनके जाने के बाद लोगों ने पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह के समक्ष विरोध जताया। जिलाधिकारी ने उन्हें बताया कि चंद्रशेखर पार्क की जमीन को हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक निजी शैक्षणिक संस्थान को आवंटित किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसी जमीन पर पार्क बनाए जाने को लेकर पहले स्थानीय लोगों ने ही अदालत में याचिका दाखिल की थी जिसके बाद अदालत ने जमीन को शिक्षण संस्थान के लिए उपयोग की अनुमति दी। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पार्क न सिर्फ बुजुर्गों के टहलने और घूमने के लिए उपयोगी था बल्कि युवाओं के लिए खेल और दांव-पेच की ट्रेनिंग का भी केंद्र था। उन्होंने जमीन को निजी संस्थान को देने का विरोध किया और इसे जनहित के खिलाफ बताया। प्रदर्शन के दौरान जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने विरोध कर रहे लोगों से कहा कि अगर उन्हें कोर्ट के फैसले पर आपत्ति है तो वे दोबारा न्यायालय में याचिका दायर करें।

# मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव के ग्रैंड फिनाले में जवाहर नवोदय विद्यालय समस्तीपुर को प्रथम स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्कूली छात्रों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025का बहुप्रतीक्षित ग्रैंड फिनाले गुरुवार को पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में जेएनवी समस्तीपुर के जैफी जावेद और दीपंकर, जिन्होंने पूरे आत्मविश्वास और सूझबूझ के साथ मुकाबला जीतकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं इस प्रतियोगिता में प्रथम रनर अप राजधानी के संत करेंस स्कूल के छात्र ईशानभूषण व अंबर सिन्हा रहे। उनकी तेज प्रतिक्रियाएं, गहरी समझ और खेलों पर मजबूत पकड़ ने उन्हें न केवल प्रतियोगिता में सबसे आगे रखा, बल्कि पूरे आयोजन की शोभा भी बढ़ा दी। बिहार के नौ प्रमंडलों की 25 सर्वश्रेष्ठ टीमों को पछाड़ते हुए जैफी और दीपंकर ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी सीमित संसाधन की मोहताज नहीं होती–उसे बस मंच और मार्गदर्शन



चाहिए। वहीं ईशान व अंबर सिन्हा ने भी प्रतियोगिता में अंत तक अपना जलवा बरकरार रहा। ग्रैंड फिनाले का हर राउंड खेल-जगत की गहराइयों में उतरता गया–ओलंपिक इतिहास से लेकर राष्ट्रीय खेल नीतियों तक, खिलाड़ियों के रिकॉर्ड से लेकर खेलों के नियमों तक। लिखित प्रीलिम्स और ऑन स्टेज राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर निम्नलिखित टीमों ने शीर्ष स्थान हासिल किया उनमें प्रथम स्थानःजैफी जावेद और दीपंकर (जेएनवी समस्तीपुर), द्वितीय स्थानःअंबर सिन्हा और ईशा भूषा (सेंट कैरेन्स स्कूल, पटना व तृतीय स्थानःन्याशा श्रीवास्तव और ऋषव कुमार (सिंड्रेला इंग्लिश स्कूल, दरभंगा के प्रतिभागी रहे। प्रतियोगिता का संचालन प्रसिद्ध खेल उद्घोषक अनिकेत मिश्राने किया, जिनकी शानदार प्रस्तुति ने माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक सिंह, आईएएस, अध्यक्ष, रेरा बिहार एवं रवींद्र शंकरण आईपीएस, महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण समेत संजय सिन्हा, आईएएस सलाहकार, राजनारायण सिंह, समन्वयक, एमकेजी 2025 की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मुख्य अतिथि विवेक सिंह ने आयोजन कहा कि वे को इस अनोखी पहल के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। उनके नेतृत्व में बिहार ने एशियन हॉकी चैंपियनशिप, सेपक टकरॉ वर्ल्ड कप 2025 और खेलो इंडिया गेम्स जैसे बड़े आयोजनों को सफलतापूर्वक आयोजित किया है।उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में बिहार के दूरदराज इलाकों से आए छात्रों ने जिस तरह का शानदार प्रदर्शन किया, उससे मेरा दिल गर्व से भर गया। हम पूरी दुनिया को बिहार की प्रतिभा दिखाएंगे। वहीं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्र शंकरण में कहा किमुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 देश की पहली राज्य स्तरीय खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता है। यह बिहार के लिए गर्व की बात है कि उसने इस ऐतिहासिक पहल को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। खेल मंत्रालय ने इस प्रतियोगिता की विस्तृत एसओपी मांगी है। निश्चित रूप से यह आयोजन देश भर में ऐसी प्रतियोगिताओं के लिए एक आदर्श मॉडल बनेगा।

# मानव धर्मयोग ट्रस्ट की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** मानव धर्मयोग ट्रस्ट की ओर से ओम आश्रम चितकोहरा (पटना) चावल बाजार में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंख, हड्डी, शुगर, चर्म रोग एवं ह्रदय रोग से संबंधित मरीजों का मुफ्त में इलाज एवं चिकित्सीय परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से दिया गया। शिविर में करीब पांच सौ लोगों का निशुल्क इलाज एवं जांच की गई। शिविर में आये लोगों को मुफ्त दवाइयां भी दी गई। इसकी जानकारी देते हुए आश्रम से जुड़े नागेंद कुमार ने बताया कि चिकित्सा शिविर में डॉ0 रूपेश कुमार, डॉ0 रंजन कुमार, डॉ0 बाल्मिकी प्रसाद, डॉ0 मनीष रंजन, डॉ0 सुबोध कुमार, डॉ0 ए क्यू अंसारी, डॉ0 बलराम प्रसाद एवं डॉ0 विजय कुमार चिकित्सीय परामर्श एवं इलाज किया। शिविर में संजय बाबा,वार्ड पार्षद बुल्लू जी, प्रमोद कुमार, रवि रंजन, बी के सिन्हा, नागेन्द्र कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# तेजस्वी यादव ही महागठबंधन का करेंगे नेतृत्व

## ▸ समन्वय समिति के अध्यक्ष चुने गए ▸ सीट बंटवारे से चुनावी रणनीति तक सब तय करेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर गुरूवार को राजद कार्यालय में हुई महागठबंधन की पहली बैठक में तेजस्वी यादव को समन्वय समिति का अध्यक्ष चुना गया। इससे यह लगभग साफ हो गया कि महागठबंधन की ओर से तेजस्वी ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। बैठक के बाद बिहार कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि तेजस्वी ही महागठबंधन को लीड करेंगे। सीएम चेहरे के बारे में पूछे गए सवाल का उन्होंने सीधे कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि तेजस्वी ही महागठबंधन को लीड करेंगे। अल्लावरु ने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर महागठबंधन में कोई कन्फ्यूजन नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर एनडीए में ही कन्फ्यूजन है। करीब तीन घंटे तक चली बैठक में महागठबंधन के छह दलों-राजद, कांग्रेस, वीआईपी और तीनों वामपंथी पार्टियों के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर पर समन्वय समिति बनाने का फैसला किया गया। ये समितियां आपस में समय-समय पर बैठक करेंगी। इनके जिम्मे एजेंडे को आगे बढ़ाने की जिम्मोवारी होगी। बैठक में यह तय हुआ कि समन्वय समिति सीट शेयरिंग पर निर्णय लेगी, चुनावी एजेंडा तय करेगी, चुनाव प्रचार की रणनीति बनाएगी और साझा न्यूनतम कार्यक्रम तय करेगी। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों ने गरीब, नौजवान, महिलाओं और युवाओं के मुद्दों पर बातचीत की। इसके साथ ही बिहार से हो रहे पलायन पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों में बहुत गुस्सा है। बीस साल से खटारा सरकार है। केन्द्र की ही रिपोर्ट बताती है कि बिहार में सबसे ज्यादा गरीबी है और दो करोड़ से ज्यादा लोग रोजगार के लिए यहां से पलायन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, पलायन और अपराध में बिहार नंबर वन है। बिहार में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। इसके लिए सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोषी नहीं हैं। उन्हें क्या कहें, वह चेत अवस्था में हैं।

सीएम फेस के बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी ने कहा कि सभी बातों पर सहमति बन गई है। थोड़ा इंतजार करिए। एक ही दिन में सब बता दें क्या? महागठबंधन की इस अहम बैठक में राजद के तरफ से तेजस्वी यादव के अलावा सांसद संजय यादव और पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, कांग्रेस की ओर से प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा, वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी और प्रवक्ता देव में ज्योति, भाकपा के केडी यादव, माकपा के जय कुमार तथा भाकपा-माले के राज्य सचिव कुणाल मौजूद थे।

# भाई-बहन को घर में घुसकर मारी गोली, पारिवारिक रंजिश में वारदात की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** जानीपुर थाना क्षेत्र के हुलासचक मोहल्ले में बुधवार की देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला और उसके भाई को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। गोली महिला के बांह और युवक के पांव में लगी है। बताया जा रहा है कि गोली चलाने वाले हमलावर मौके से फरार हो गए। महिला किसी निजी कंपनी में गार्ड का काम भी करती है। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को गंभीर हालत में एम्स पटना पहुंचाया गया। घटना की शिकार महिला की पहचान अरपा हिलसा निवासी बेबी कुमारी के रूप में हुई है जो पिछले चार वर्षों से हुलासचक में अपने भाइयों के साथ रह रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बेबी कुमारी हाल ही में 17 मार्च को अपने ससुर की हत्या के मामले में जेल से छूट कर आई है वह स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि करीब 4 से 5 वर्षों पहले इन लोगों ने यहां घर बनाया है। इसलिए गांव वाले से ज्यादा कांटेक्ट में या परिवार नहीं है। घटना इनके साथ क्या हुआ है किन कारणों से हुआ है इस बारे में गांव वालों को कुछ जानकारी नहीं है। स्थानीय लोगों में इस वारदात को लेकर भय और आक्रोश दोनों देखा जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके गांव में जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। बुधवार रात किसी ने दरवाजे पर दस्तक दी और जैसे ही दरवाजा खोला गया, हमलावर भीतर घुस गए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। उसने आरोप लगाया कि इसी रंजिश में अरपा निवासी बंटी और विक्रम निवासी चंदन ने उसे और उसके भाई को निशाना बनाया।

# लूटकांड का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ के पास स्थित जीवा ज्वेलर्स के दुकान से छः अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा हथियार के बल पर दुकान से सोने चांदी एवं हीरा के जेवरात को लूट करने के मामले में मुख्य अभियुक्त को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि जीवा ज्वेलर्स के दुकान में विगत 31 जनवरी को अपराधियों ने लूट का अंजाम दिया था। सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। वैधानिक अनुसंधान एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल एक मुख्य अपराधकर्मी नारायणपुर भोजपुर आरा का रहने वाला दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके पास से एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में इस घटना में संलिप्त लटीयरगंज, आरा की आकाश कुमार उर्फ सूरज कुमार, आरती कुमारी, खौरी मोड़ पटना की सरीता देवी, नारायणपुर आरा का रोहित कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था तथा घटना में लूटी गई 31 पीस सोने एवं हीरा से कढ़ाई किया जेवरात, एक उजला रंग का अपाची मोटरसाइकिल, अपराधकर्मी का जूता, पहने हुये कपड़े को बरामद किया गया है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है।

# रेलवे बोर्ड द्वारा नागरिकों के लिये रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता का आयोजन

## विजेता प्रतिभागियों को किया जाएगा पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेल मंत्रालय सभी नागरिकों के लिये हिन्दी में रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। रेलकर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेलवे की सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा उनमें हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित की गयी है जिसमें हिन्दी में लिखे गये रेल कर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव मांगे गये हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में एक को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपए, एक को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 08 हजार रूपए, एक को तृतीय पुरस्कार के रूप में 06 हजार रूपए तथा पांच को प्रेरणा पुरस्कार के रूप में प्रत्येक को 04 हजार की राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। रेल यात्रा वृतान्त हिन्दी भाषा में और मौलिक होना चाहिए तथा न्यूनतम 3000 एवं अधिकतम 3500 शब्दों का होना चाहिये। रेल यात्रा वृतान्त डबल स्पेश में टाइप किया हुआ तथा चारों तरफ एक-एक इंच का हासिया छूटा हुआ एवं पृष्ठ संख्या अंकित होना चाहिये। इसके साथ ही शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिये। वृतान्त के प्रारम्भ में एक अलग कागज में बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय अथवा निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नम्बर, ई-मेल तथा वृतान्त के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिये। इस योजना में भाग लेने के इच्छुक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके विरूद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफ न तो किसी प्रकार का आपराधिक मामला चल रहा है और न ही वे किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को घोषणा पत्र में यह भी उल्लेख करना होगा कि ''संबंधित रेल यात्रा वृतांत मेरी मौलिक रचना है, इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है।'' रेल यात्रा वृतांत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31.07.2025 तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), कमरा नं. 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली-110002 को भेज सकते हैं। वृतांत की एकल प्रति प्राप्त होने पर प्रविष्टि रद्द कर दी जाएगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर मंत्रालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

# आठ ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के अन्तर्गत गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट के मध्य तीसरी लाइन के प्रावधान एवं गोरखपुर जं. स्टेशन की यार्ड रिमॉडलिंग के परिप्रेक्ष्य में और 08 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन कर चलाने का निर्णय किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 24 एवं 25 अप्रैल तथा 01 एवं 02 मई, 2025 को पोरबंदर से खुलने वाली गाड़ी सं. 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का परिचालन गोरखपुर कैंट-भटनी-छपरा ग्रामीण-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलायी जाएगी। 27 एवं 28 अप्रैल, 2025 को मुजफ्फरपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 19270 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का परिचालन मुजफ्फरपुर-छपरा ग्रामीण- भटनी-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जाएगी। 27 अप्रैल, 2025 को कामाख्या से खुलने वाली गाड़ी सं. 15655 कामाख्या-श्रीमाता वैष्णो देवी, कटड़ा एक्सप्रेस का परिचालन बरौनी-मुजफ्फरपुर-छपरा ग्रामीण- भटनी-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जाएगी। 30 अप्रैल, 2025 को श्रीमाता वैष्णो देवी, कटड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 15656 श्रीमाता वैष्णो देवी, कटड़ा-कामाख्या एक्सप्रेस का परिचालन गोरखपुर कैंट-भटनी-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलायी जाएगी। 30 अप्रैल, 2025 को सहरसा से खुलने वाली गाड़ी सं. 15529 सहरसा-आनंद विहार जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन मुजफ्फरपुर-छपरा ग्रामीण-भटनी-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जाएगी।

# अतिक्रमण पर नप प्रशासन का चला बुलडोजर, वसूला जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** नगर में सड़क किनारे अतिक्रमण और लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए तीसरे दिन गुरुवार को नगर परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया। डीएम व आयुक्त के निर्देश के बाद नगर परिषद प्रशासन ने सगुना मोड़ से हाथी खाना मोड़ तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया। अतिक्रमण हटाओ टीम के सड़क पर उतरते ही फुटपाथी दुकानदार अपनी-अपनी दुकान समेटकर भागते नजर आए। नप प्रशासन ने शहर के सगुना मोड़ से हाथीखाना मोड़ तक अतिक्रमण हटाया गया। प्रशासन ने बुलडोजर से सड़क किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से झोंपड़ियों, गुमटियों को ध्वस्त किया। दुकानों को ट्रैक्टर में लादकर हटवाया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों से 8700 रुपए जुर्माना वसूला गया। नप के इओ पंकज कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस को लिखित सूचना दी गयी है कि दोबारा अतिक्रमण करने वाले पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें। अपर ईओ पंकज कुमार, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार सिंह, सफाई निरीक्षक संजय कुमार, अमीन व पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह पर होटल मौर्या में किया गया फायर मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को होटल मौर्या में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा फायर मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा आग बुझाने के अद्भुत तरीके प्रस्तुत किए गए। फायर अलार्म द्वारा आग की सूचना मिलते ही मार्शल टीम हरकत में आ गई। अतिथि को इमरजेंसी लैंडर द्वारा रूम से बारी - बारी से सुरक्षित उतारा गया। इसके बाद होटल मौर्या के एडमिनिस्ट्रेटर आर के सिंह द्वारा अतिथि को प्राथमिक उपचार (बी पी जांच) मुहैया कराया गया और एम्बुलेंस के द्वारा नजदीक के रेनबो अस्पताल भेजा



गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित अजीत कुमार ने अग्नि सुरक्षा पर होटल मौर्या के कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं अन्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. करीम (रेड क्रॉस सोसाइटी), चंद्र प्रकाश सिंह (उपाध्यक्ष, इंटक), प्रकाश कुमार (टाउन डीएसपी - 2) ने भी अग्नि सुरक्षा को लेकर अपने - अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर उपस्थित होटल मौर्या के सीएफओ राजीव कुमार ने भी सुरक्षा पर अपने विचार प्रकट किए जबकि होटल मौर्या के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बी डी सिंह ने कार्यक्रम में अग्नि सुरक्षा पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर लोगों को इससे अवगत कराया। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए होटल मौर्या के एडमिनिस्ट्रेटर आर के सिंह ने कहा कि होटल मौर्या के पास सभी प्रकार के फायर एक्सटीन्गुइसर उपलब्ध है जिसके सहारे हम सभी विषम परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हैं। हमारे पास पब्लिक एड्रेस सिस्टम, एडवांस स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर अलार्म, हाइड्रेंट सिस्टम, फोम जेट और फायर स्मोक एक्सट्रैक्टर की पूरी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए सारा साधन यहां मौजूद है।

# देशी पिस्टल, जिन्दा कारतूस व मैगजीन के साथ सात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** शाहपुर थाना अंतर्गत शिवाला स्थित गैस गोदाम के पास सड़क के किनारे मोटरसाइकिल पर खड़े 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से एक देशी पिस्टल, 20 जिन्दा कारतूस, दो मैगजीन, 3 मोटरसाइकिल, 9 मोबाइल बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि शिवाला स्थित गैस गोदाम के पास सड़क के किनारे मोटरसाइकिल खड़ा कर सभी अपराधी लूट की योजना बना रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर सभी भागने लगे। पुलिस से उन्हें दौड़कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से पिस्टल, मैगजीन व गोली बरामद की गई। गिरफ्तार अपराधी नौबतपुर का राज कुमार, उदवंतनगर का सोनू कुमार, कौसिक दुलारपुर अभिषेक कुमार, कार्तिक कुमार, अमन कुमार, रतनपुर निवासी मोहित कुमार, कोईलवर निवासी प्रतुल भारद्वाज है। अभियुक्त राज कुमार के ऊपर नौबतपुर एवं फुलवारीशरीफ थाने में हत्या, लूट, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। सभी अभियुक्तों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जिला प्रशासन चला रहा स्वच्छ कैमूर, स्वस्थ कैमूर अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के विभिन्न नगर परिषद और नगर पंचायतों द्वारा अहले सुबह से व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से कार्यपालक पदाधिकारीगण स्वयं क्षेत्र में घूम-घूमकर सफाई कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। अनुमंडल पदाधिकारी भी औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं, ताकि कार्य में कोई लापरवाही न हो। जिला प्रशासन का यह सतत प्रयास है कि जिले के हर नागरिक को एक स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर जीवन वातावरण प्रदान किया जा सके। आइए, हम सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और अपने शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। साथ ही शिक्षा का अलख जगाने का भी अभियान चल रहा है। जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि कैमूर जिले के शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिदिन अहले सुबह महादलित बस्तियों का भ्रमण कर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गर्म मौसम को देखते हुए सभी विद्यालयों का संचालन सुबह की पाली में किया जा रहा है, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन का यह महत्वपूर्ण प्रयास है कि मुख्यधारा से वंचित परिवारों के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन विद्यालयों में सुनिश्चित हो। आइए, हम सब मिलकर हर बच्चे को शिक्षा के अधिकार से जोड़ें।



## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ चालक व मालिक गिरफ्तार

**नासरीगंज (नबिटा सं.)।** काराकाट थाने की पुलिस ने अवैध बालू के कारोबार में संलिप्त दो ट्रैक्टर के साथ दो बाइक सहित चालक व ट्रैक्टर मालिक को मुंजी गांव के समीप गिरफ्तार किया। गिरफ्तार ट्रैक्टर मालिक चिकसील गांव निवासी चंदन कुमार पिता शिवजी सिंह तथा चालक पप्पू सिंह पिता श्री निवास सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया। साथ ही अवैध बालू के कारोबार में संलिप्त दो बाइक को जब्त किया गया। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि अवैध बालू लोड कर मुंजी मुख्य पथ से जा रहा है। सूचना के बाद मुंजी गांव के पास घेराबंदी कर बालू लदे दो ट्रैक्टर सहित दो बाइक को जब्त किया गया। अवैध बालू लदे चालक व ट्रैक्टर मालिक से कागजात की मांग की गई तो किसी प्रकार का कागजात नहीं दिखाया गया।

# एसडीएम व एएसपी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** डालमियानगर थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात दो गुटों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में शांति बहाल को लेकर गुरुवार की देर शाम थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड, डालमियानगर फील्ड, एकता चौक, सिधौली रोड सहित अन्य स्थानों में फ्लैग मार्च किया। बताते चलें कि बालू कारोबार से जुड़े दो गुटों में बालू लदे वाहन पार करने को लेकर मारपीट हुई थी जिसमें चार लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही तीन लग्जरी वाहन को भी जब्त किया गया था। विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह एवं एएसपी कोटा किरण कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया एवं शांति व्यवस्था बहाल करने की बातें की गई। फ्लैग मार्च में स्थानीय डालमिया नगर थाना, दरिहट थाना, अकोढ़ी गोला थाना, आयरकोठा थाना, इंद्रपुरी थाना, डिहरी नगर थाना डायल 112 की टीम के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी। पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते हुए इन्होंने बताया कि विधि व्यवस्था को बनाए रखने में आप लोगों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।



# उदय सिंह मीना ने डीडीयू के नए डीआरएम बने, कार्यभार संभाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** उदय सिंह मीना ने डीडीयू (पंडित दीन दयाल उपाध्याय) मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। वे राजेश गुप्ता का स्थान लेंगे जिन्हें विदाई दी गई। उदय सिंह मीना 1990 बैच के एससीआरए और 1993 बैच के आईआर एसएमई सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई डिग्री प्राप्त की है और साथ ही एमबीए (ऑपरेशन एंड फाइनेंस) की पढाई की है। उदय सिंह मीना केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव के पैनल में भी चयनित हैं। उदय सिंह मीना का रेलवे करियर सेंट्रल रेलवे से शुरू हुआ था जहां उन्होंने मुंबई, पुणे और सोलापुर जैसे प्रमुख मंडलों में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए आधारभूत परिवर्तन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है जहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार म्यूजियम का नवीनीकरण किया। इसके अलावा उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत डीपीआईआईटी (डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड) में निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उदय सिंह मीना ने डयूक यूनिवर्सिटी, यूएसए से वित्तीय विकेंद्रीकरण तथा रणनीतिक प्रबंधन एवं व्यवसाय नियोजन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में भारत की भागीदारी में भी अपने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उदय सिंह मीना मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी अधिकारी हैं।

# मुखिया मंजू देवी चंद्रवंशी ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्र सुजानपुर का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के भैसहां पंचायत अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र सुजानपुर का निरीक्षण पंचायत के मुखिया मंजू देवी चंद्रवंशी द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में कई दिशा निर्देश दिए गए। सबसे पहले दवा का वितरण सही तरीके से हो तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई के लिए और भी आवश्यक कदम जो उठाना हो उसे उठाया जाए। अस्पताल के स्टाफ द्वारा वहां पर चहारदिवारी की आवश्यकता बताई गई उस पर पंचायत में विचार-विमर्श किया जाएगा। जांच के क्रम में दवा की स्टॉक पंजी तथा दवा का रखरखाव के साथ-साथ वहां पर जो भी सुविधाएं हैं वह लोगों को पहुंच रही है कि नहीं रोगी रजिस्ट्रेशन पंजी भी देखी गई। पंजी कुछ रोगी से भी जांच पड़ताल की गई उस क्रम में पता चला कि यहां पर सभी कार्य संतोष जनक है।

# बालू कारोबारियों के दो गुट आपस में भिड़े चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** डालमिया नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर के समय बुधवार की देर रात आपसी वर्चस्व की लड़ाई को लेकर बालू कारोबारियों के दो गुटों में आपसी में तनातनी हुई और झड़प भी हुई। इस मामले की भनक लगते ही रोहतास पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार सहित आसपास के सात थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थिति को नियंत्रित किया। समय रहते पुलिस को मौके पर पहुंचने से खूनी संघर्ष होने से बच गया तथा पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित भी किया। इस मामले में डालमिया नगर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि दो गुटों में वर्चस्व को लेकर झगड़ा हुआ था जिसमें चार लोगों की गिरफ्तारी हुई जिसमें सुमित कुमार सिंह, चंद्रधारी सिंह विश्वजीत कुमार उर्फ विशू और सोम राज सिंह को घटना स्थल से ही गिरफ्तार किया गया वहीं उसी स्थल से तीन लग्जरी वाहनों को जब्त किया गया। वाहनों से स्टीक और हॉकी भी बरामद किए गए। स्थिति को देखते हुए डिहरी नगर थाना, डालमियानगर थाना, अकोढ़ीगोला थाना दरिहट, इंद्रपुरी आदि थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शांति बहाल है। मोबाइल का लोकेशन और आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# बाबा साहेब की जयंती पर संपूर्ण देश अंबेडकरमय : मोहन राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के संरक्षक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त 'पत्रकार' मोहन राम ने बड़े ही मनन व मंथन करने के बाद कहा कि 14 अप्रैल 2025 को भारत के भाग्य विधाता, भारतीय संविधान के जनक, शोषितों/दलितों के महानायक, महान शिक्षाविद् एवं प्रकांड विद्वान पूज्य बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 134 वीं जयंती संपूर्ण देश ही नहीं बल्कि विश्व में बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग व जज्बे के साथ मनाया गया। बाबा साहेब की जयंती के पावन बेला पर संपूर्ण देश की हर गलियां, टोले - मुहल्ले, चौक - चौराहे, चाहे शहर हो या कस्बे सभी नीले रंग के झंडे व बैनर से पट गया धरती। 'बाबा साहेब अमर रहें एवं जब - तक सूरज - चांद रहेगा बाबा साहेब तेरा नाम रहेगा' के नारों से गूंजयमान हो उठा आसमान। संपूर्ण देश अंबेडकरमय हो गया। लोग जयंती को त्योहार के रूप में मनाये। डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम ने कहा कि आज संपूर्ण देश अंबेडकरमय जो हुआ वह संविधान के शिल्पिकार पूज्य बाबा साहेब डॉ भीम राव अंवेडकर के कठोर परिश्रम, नेक इरादे, दृढ़ इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प एवं त्याग के प्रतिमूर्ति का प्रतिफल है। श्री राम ने कहा बाबा साहेब सिर्फ दलितों के नहीं बल्कि देश के समग्र जाति व संप्रदाय के लोगों के हित की बात की। आज यही कारण है कि देश के दलित, पिछड़े, अतिपिछड़े व अकलियतों के जो चतुर्दिक विकास हुए वह बाबा साहेब की देन है। वर्षों पूर्व दलितों के गले में हाड़ी व कमर में झाड़ू बांधे जा रहे थे वह आज उसके बदले गले में टाई व हाथ में कलम दिये जा रहे हैं। बड़े ही गर्व की बात है कि आज जो देश के शीर्ष पद पर नीचले पैदान के लोगों को जो अवसर मिल रहे हैं वह पूज्य बाबा साहेब की महती कृपा का प्रतिफल है। ऐसे महान विभूति को शत- शत नमन।

# योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** तीन दिनों का भीम संवाद रथ यात्रा को क्रमशः 21 अप्रैल को अतरी विधान सभा के गहलौर 22 अप्रैल को बेलागंज, 23 को शेरघाटी विधान सभा में अनुसूचित जाति बहुल इलाके में कार्यक्रम आयोजन कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कराए जा रहे योजनाओ के बारे में प्रचार प्रसार के लिए कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि रथ में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार त्यागी सहित कई लोग शामिल रहेंगे। डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए अतरी में पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह, विधायक डॉ कृष्णनंदन यादव, बेलागंज में विधायक मनोरमा देवी, शेरघाटी में पूर्व मंत्री विनोद कुमार यादव, जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से सहयोग लिया जा रहा है। डॉ. कुमार ने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष को ज्यादा से ज्यादा संखया में शामिल होने की तैयारी के लिए प्रचार प्रसार की जिम्मेवारी दी गई है।

# तिलौथू बना शिक्षा का नया केंद्र

## वार्षिक परीक्षा में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हासिल किए शत-प्रतिशत अंक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** शिक्षा के क्षेत्र में तिलौथू के किड्स वर्ल्ड इंग्लिश स्कूल, बाबूगंज ने इस वर्ष एक नया इतिहास रच दिया है। घोषित वार्षिक परीक्षा परिणामों में यहां के सैकड़ों विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रौशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया। विद्यालयों में इस शानदार उपलब्धि को लेकर उत्सव का माहौल है। शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और छात्रों की लगन ने एक साथ मिलकर वो कर दिखाया है जिसकी मिसाल पूरे प्रखंड में दी जा रही है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह सफलता आने वाले वर्षों में तिलौथू को जिले का शिक्षा हब बनाने की ओर एक बड़ा कदम है। समाजसेवी ओमजी और सत्यानंद कुमार, पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार इस उपलब्धि की सराहना करते हुए सफल छात्रों को सम्मानित किये। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन और आत्मविश्वास को दिया है। चटनी बिहगा शशि कुमार के चारों बच्चे 90 से 100 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनीता सिंह ने विद्यालय के शिक्षक राजू कुमार को बेस्ट टीचर का अवार्ड दिया।

विद्यालय के निर्देशक अशोक कुमार ने बताया कि अब तिलौथू केवल ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ही नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए भी जाना जाएगा। विद्यालय के सभी शिक्षक रामप्रवेश सिंह, शंकर प्रसाद, मुन्ना कुमार, राजू कुमार, हरे कृष्ण कुमार, प्रवीण कुमार, रिद्धि कुमारी, मानवी कुमारी, अभिभावक के रूप में दिलीप गुप्ता सहित सैकड़ों विद्यार्थी कार्यक्रम का हिस्सा बने।




# पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ निकाला आक्रोश मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** हिन्दू जागरण मंच ने पश्चिम बंगाल की सरकार के खिलाफ गुरुवार की शाम शहर में आक्रोश मार्च निकाला। बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते हुए नारेबाजी की। शहर के आजाद पार्क से हिन्दू जागरण मंच के सदस्यों ने आक्रोश मार्च निकाला। जीबी रोड, कोतवाली होते हुए मार्च टावर चौक तक गया। यहां मंच की ओर से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया। मंच के जिला संयोजक संजय वर्णवाल ने कहा कि वहां पश्चिम बंगाल के संरक्षण में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है। घर से खींच कर हिन्दुओं की हत्या की जा रही है। महिलाओं के साथ बदसलूकी की जा रही है। उपाध्यक्ष टिंकू गोस्वामी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सिर्फ हिन्दुओं को टारगेट किया जा रहा है। हिन्दुओं पर अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मार्च में शामिल मंच के लोगों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा देने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। आकाश मार्च में संतोष पाठक, अमित मोहन मिश्रा, विकास भदानी, कुंदन सिंह, राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बईया, प्रेम प्रकाश पवन, गणेश सिंघानिया, बिगन विश्वकर्मा, जितेंद्र आर्या, बंटी वर्मा व राजू रजक सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत

## मौके पर पहुंचे जिप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** बेलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत पसाई पंचायत के बिछिया गांव में गुरुवार को संदिग्ध अवस्था में एक महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिछिया गांव निवासी इंदल कुमार की 30 वर्षीय पत्नी माया देवी बताई जाती है जिसकी सूचना पाकर पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया। वहीं सूचना की खबर पाते ही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने बताया कि बेलाव थाना क्षेत्र के बिछिया गांव निवासी इंदल कुमार की पत्नी माया देवी की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। वही मेरे द्वारा पीड़ित परिजनों को हर संभव आर्थिक मदद किया जायेगा। वही जिला प्रशासन से इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर उचित कार्रवाई की मांग किया है।




**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) सोना प्रसाद गुप्ता, पिता–राजेन्द्र साव, सा0–खोनहर, थाना–केतार, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप केतार थाना कांड सं0–84/2024 दिनांक–05.12.2024 धारा–64(1), 352, 351(2), 3(5), बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री एस0एन0 कुजुर न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–31.03.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री एस0एन0 कुजुर न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 350593 Police(25-26)D


# स्वार्थ से ऊपर उठकर गया बार एसोसिएशन के विकास हित में कार्य करें : मनीष पंकज मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया बार एसोसिएशन के 2025-27 के चुनाव में गुरुवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं गया बार एसोसिएशन के आजीवन सदस्य डॉ. मनीष पंकज मिश्रा एबं राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। मतदान के पश्चात उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अपील की कि वे व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर गया बार एसोसिएशन के विकास एवं अधिवक्ताओं के हित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि गया बार की गरिमा को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए पारदर्शिता, समर्पण एवं एकजुटता जरूरी है। डॉ.मिश्रा ने यह भी कहा कि गया बार एसोसिएशन को बिहार का नंबर वन बार बनाने की दिशा में सभी सदस्यों को मिलकर कार्य करना होगा। अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान, उचित प्रतिनिधित्व और न्यायिक प्रक्रिया में सुधार उनकी प्राथमिकताएं होनी चाहिए। मतदान स्थल पर एक प्रेरणादायक माहौल उत्पन्न किया मतदान मे संपन्न करने वालों सभी मतदान अधिकारियों का प्रति आभार प्रकट किया। सैकड़ों की संख्या में अपने अपने पसंद उम्मीदवार को मतदान का प्रयोग किया।

**लंच के पहले तक करीब 1200 अधिवक्ताओं ने वोट डाल दिए**

इधर गया बार एसोसिएशन के लिए जारी मतदान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार लंच के पहले तक करीब 1200 अधिवक्ताओं ने वोट डाला। लंच ब्रेक खत्म होने के बाद पुनः मतदान शुरू हो गया। दोपहर 2:00 बजे लंच ब्रेक की घोषणा निर्वाची पदाधिकारी ने करते हुए बताया कि 45 मिनट के ब्रेक के बाद पुनः मतदान जारी हो गया। जो 2:45 से शुरू होकर शाम 4:30 बजे तक चला। पांच बूथों से मिली जानकारी के अनुसार दो बजे तक करीब 1210 के आसपास वोट डाले जा चुके हैं।

# नए प्रमंडलीय आयुक्त ने किया प्रभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** सरकार की अधिसूचना के आलोक में आयुक्त, मगध प्रमंडल प्रेम सिंह मीणा द्वारा गुरुवार को पूर्वाह्न में डॉ० सफीना एएन को प्रभार दिया गया। नए आयुक्त ने कहा कि पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव सुशील कुमार, उप निदेशक, जन संपर्क सहित आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

सं. एस.4/एस/डीएपी/2025-26 दिनांक 17.04.2025

**संशोधन**

**मुख्य सामग्री प्रबंधक (एडमिन.),** पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व प्रकाशित **पूर्व रेलवे के अप्रैल, 2025 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम में संशोधन।** आसनसोल मंडल के अप्रैल, 2025 महीने के ई-नीलामी कार्यक्रम में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किए गए हैं तथा डिपो एवं मंडलों की अन्य तारीख अपरिवर्तित रहेंगी।

| मंडल | पूर्व प्रकाशित तारीख | संशोधित तारीख |
|---|---|---|
| आसनसोल | 22.04.2025 | 24.04.2025 |

(STORES-04/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**
दिनांक – 10.05.2025 (शनिवार)
स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी (गढ़वा)।

**"आम सूचना"**

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में **दिनांक 10.05.2025 (शनिवार)** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से **03:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) संबंधित न्यायालय में जारी है।

अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राश्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

1. सुलहनीय आपराधिक मामले।
2. श्रम संबंधी विवाद।
3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)A
4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद।
5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद।
6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद)
7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद।
8. अपील संबंधी मामले।
9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले।
10. वन अधिनियम संबंधी मामले।
11. मद्य् निशेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)A
12. BSNL से संबंधित मामले।
13. अन्य सुलहनीय मामले।

**श्री दीपक कुमार पाण्डेय**
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

**श्री शेखर जमुआर**
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

**श्री नलिन कुमार**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 350618 Law(25-26)#D

# मंत्री ने करोड़ों की योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

## न्याय के साथ विकास का डंका बजा रहा मॉडल : ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** वेन प्रखंड के ग्राम पंचायत राज आंट में मंगलवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने करोड़ों की लागत से बनने वाली विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि मॉडल में न्याय के साथ विकास और सुशासन की मिसाल कायम हो रही है। बिहार अब विकास की दौड़ में अग्रणी राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि नौ लाख युवाओं को नौकरी और 35 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ने का कार्य सरकार ने किया है। राज्य की गरीब जनता को स्वावलंबी बनाने के लिए 'बिहार लघु उद्यमी योजना' के अंतर्गत 2 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना' के तहत महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है। विकास योजनाओं में ग्राम माड़ी में बीएससी से मेन रोड तक 8 लाख रुपये की लागत से मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग का कार्य। ग्राम महमदपुर में उमेश सिंह के बोरिंग से सांसी नदी तक 9.95 लाख रुपये की लागत से मिट्टी भराई व ईंट सोलिंग कार्य। ग्राम महमदपुर में रामजी मुखिया के बोरिंग से तरणी सिंह के खेत तक 9.90 लाख रुपये की लागत से मिट्टी भराई एवं सोलिंग। ग्राम महमदपुर में टाल कोना से उमेश सिंह के खेत तक 9.91 लाख रुपये की लागत से मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग। बड़ी आंट हाई स्कूल परिसर में 8.45 लाख रुपये की लागत से मिट्टी भराई व फैबर ब्लॉक निर्माण कार्य का उद्घाटन। बड़ी आंट पंचायत के पैमार नदी स्थित पुराना छिलका छठ घाट पर 6 लाख रुपये की लागत से सीढ़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि 2025 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुनः प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए 4,148 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है जिससे पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें 18 पारंपरिक कलाओं का प्रशिक्षण दे रही है, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को 2,500 रुपये की छात्रवृत्ति, आवास और भोजन की सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, सोनम सोनाली, लक्ष्मण प्रसाद, धुरी रविदास, रामानुज सिंह, अरविंद पासवान, अर्णव आर्या, बिंदु चौधरी, संजय चौधरी, शैलेन्द्र प्रसाद, जीतू कुशवाहा, वेचन प्रसाद, लल्लू चौधरी, अनिल कुमार, कुन्नू प्रसाद, सन्तू महतो, सोनू सिंह, अभय सिंह, छोटू मोची, वीरेंद्र प्रसाद, ललन सिंह, अयोध्या पासवान, ओमप्रकाश सिंह, उमेश सिंह, शक्ति सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रत्येक पांच पंचायतों के लिए एक कलस्टर बनाकर नया आधार पंजीयन केंद्र स्थापित करें : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। गुरुवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आधार परियोजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक जिला पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य उन क्षेत्रों की पहचान करना था, जहां आधार नामांकन की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा वहां अतिरिक्त आधार पंजीयन केंद्रों की स्थापना सुनिश्चित करना है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक पांच पंचायतों के लिए एक क्लस्टर बनाकर नया आधार पंजीयन केंद्र स्थापित किया जाए। साथ ही, उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं डीपीओ, आईसीडीएस को यह निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं एवं अन्य पात्र नागरिकों को आधार कार्ड से आच्छादित किया जाए साथ जिला पदाधिकारी द्वारा डाकघर अधीक्षक एवं डीपीओ (आईसीडीएस) को आपसी समन्वय स्थापित कर 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का आधार बनवाने हेतु निर्देशित किया गया है। विद्यालयों में आधार बनवाने के लिए डाकघर, जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से कैंप आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कन्या उत्थान योजना, बालिका पोशाक योजना, कन्या वात्सल्य योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं को आधार से जोड़ा जाए, ताकि पारदर्शिता और लाभुकों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। बैठक में यह जानकारी दी गई कि वर्तमान में जिले में 23 आधार केंद्र कार्यरत हैं, जिनमें 9 कार्यशील एवं 14 अकार्यशील हैं। अतिरिक्त आवश्यकता को देखते हुए 06 पंचायतों में एक-एक आधार केंद्र की स्थापना की जाएगी। इस प्रकार कुल आधार केंद्रों की संख्या बढ़कर 47 हो जाएगी। मार्च 2025 में आधार पंजीकरण के अंतर्गत 960 नए आधार, 645 बायोमेट्रिक अपडेट, 1365 डेमोग्राफिक अपडेट किए गए। कुल मिलाकर 3206 कार्य संपन्न हुए तथा 1,32,750 की राशि प्राप्त हुई। बैठक में यह भी बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में आधार से संबंधित धोखाधड़ी का कोई मामला प्रखंड स्तर से प्रतिवेदित नहीं किया गया है। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, निदेशक डीआरडीए धीरज कुमार, डीपीओ आईसीडीएस निरूपमा शंकर के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर परिषद में 159 करोड़ 19 लाख का बजट पारित

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नगर परिषद के सभा कक्ष में गुरुवार को मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी की अध्यक्षता में बजट की विशेष बैठक आहूत की गई । जिसमें उपमुख्य पार्षद कंचन विश्वकर्मा एवं सभी सशक्त स्थाई समिति सदस्य गण और सभी वार्ड पार्षद बजट ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें नगर प्रबंधक नागमणि सिंह, प्रधान सहायक विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। बजट पारित होने के उपरांत मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने बताया कि नवादा नगर परिषद के वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए 159 करोड़ 19 लाख रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया । उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 185 करोड़ 28 लाख रुपए आय होने का अनुमान है । जबकि कुल अनुमानित व्यय बजट 159 करोड़ 19 लाख रुपए रखा गया है यानी की 2025 - 26 में नवादा नगर परिषद को बजट के अनुसार 26 करोड़ 9 लख रुपए की बचत होगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से करीब 122 करोड़ 33 लख रुपए प्राप्त होने का अनुमान है । आगामी चालू वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर की वसूली का लक्ष्य दो करोड़ 60 लाख रुपए रखा गया है । योजनाओं पर व्यय किए जाने का भी अनुमानित राशि तय की गई है। जिसमें नगर पालिका के नए भूमि क्रय हेतु दो करोड रुपए, मार्केट कंपलेक्स हेतु एक करोड रुपए , सामुदायिक भवन निर्माण हेतु एक करोड रुपए, वेंडर जोन निर्माण हेतु एक करोड रुपए, शव दाह गृह निर्माण हेतु एक करोड़ 50 लाख रुपए, शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला अवसान हेतु दो करोड रुपए , पुस्तकालय हेतु 50 लाख रुपए, रोड एवं नाला निर्माण हेतु 40 करोड़ 50 लाख रुपए, जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जीवन हरियाली योजना के लिए 6 करोड रुपए , पब्लिक लाइट हेतु 8 करोड रुपए, पार्किंग विकास हेतु 50 लाख रुपए , सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु आठ करोड रुपए , संपत्ति कर वसूली सॉफ्टवेयर एवं अन्य सॉफ्टवेयर डेटाबेस हेतु 50 लाख रुपए , ओपन जिम एवं पार्क विकास के लिए एक करोड़ 50 लाख रुपए, डस्टबिन की खरीद के लिए दो करोड़ 50 लाख रुपए, ओल्ड एज होम निर्माण हेतु दो करोड रुपए, सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय हेतु एक करोड रुपए खर्च करने का उपबंध किया गया है। बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के धारा 82 के अंतर्गत संसाधनों का 25% राशि शहरी गरीबों के लिए आधारभूत सेवाओं हेतु करना अंकित करने का प्रावधान है । जिसमें 55 करोड़ 45 लाख रुपए उपबंध किया गया है। बजट सर्वसम्मति से पारित कर लिया गया।

# जल समस्या को लेकर सिरदला प्रखंड में जिलाधिकारी ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सिरदला प्रखंड में जल समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जल संकट से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उपस्थित सभी अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से फीडबैक प्राप्त किया। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की जल संबंधी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा समाधान के लिए सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि सभी क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। अब्दुल पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि श्रीमती प्रतिमा रानी ने अपने वार्डों में जल समस्या की जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड सं0-02 में मोटर खराब होने के कारण जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पाती है। वार्ड सं0-03 में मोटर कार्यशील है, लेकिन पाइप लीक होने के कारण जल की समस्या अक्सर होती है। बांधी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि वार्ड सं0-01 में दो यूनिट हैं, जिसमें 01 यूनिट में महादलित टोला में नल-जल कार्यशील है एवं दूसरे यूनिट में कहीं-कहीं पाइप लीक होने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है।इसके अतिरिक्त अन्य पंचायतों के मुखिया द्वारा अपने-अपने पंचायतों से संबंधित जल की समस्या से जिला पदाधिकारी को अवगत करवाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को निर्देश दिया कि जिन वार्डों में नल-जल की व्यवस्था है, वहां उसे दुरुस्त करें तथा सभी वार्डों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने जल की उपलब्धता, वितरण और उसके संरक्षण के उपायों पर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कनीय अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सिरदला द्वारा बताया गया कि सिरदला प्रखंड के कुछ वार्डों में नल-जल योजना से खेत पटवन की जाती है, जिससे पेयजल की समस्या होती है। जिस पर जिलाधिकारी ने कनीय अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि घर में इस्तेमाल होने वाले पेयजल के अलावा अगर खेत में पटवन करते हुए पकड़े जाने पर उन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से जल समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल संकट को गंभीरता से लेते हुए हमें हरसंभव प्रयास करने होंगे ताकि सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जल के समुचित उपयोग एवं उसके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल समस्या के स्थानीय समाधान हेतु जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जल संकट के समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की और कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी नागरिकों को पर्याप्त और सुरक्षित जल मिल सके। जिलाधिकारी ने स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण और आपूर्ति की योजना को शीघ्र लागू करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने एसडीओ पीएचईडी एवं कनीय अभियंता पीएचईडी को निर्देशित किया कि सिरदला प्रखंड के सभी पंचायतों के सभी वार्डों का स्थलीय निरीक्षण कर पेयजल संबंधी सभी समस्याओं का समाधान करें एवं जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आदित्य कुमार पीयूष (अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली), राजीव कुमार (गोपनीय शाखा प्रभारी), अमरनाथ कुमार (वरीय उपसमाहर्ता-सह-प्रशिक्षु प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिरदला), अमृतेश कुमार सिंह (अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी), अरुण प्रकाश (कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा),प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी,सिरदला तथा सिरदला प्रखंड के सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं को टीसी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के चितरकोली पंचायत के डगरास्थान गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापक चंदन कुमार द्वारा निःशुल्क टीसी प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक शिक्षक अनिल कुमार,आरती कुमारी एवं कुमारी खुश्बू भी मौजूद रही। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में पहली कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक बच्चे अपने पढ़ाई पूरी कर आगे की पढ़ाई हेतु दूसरे विद्यालय में गए हैं। सभी बच्चों को विद्यालय परित्याग पत्र दिया गया है।उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में बच्चे अबोध स्थिति में आते हैं। विद्यालय में समय के गुजरने के दौरान बच्चों और शिक्षकों में एक पारिवारिक रिश्ता सा बन जाता है। इस कारणवश बच्चों को टीसी देकर विदाई देते समय सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों के आंखे नम दिखाई दिया।इस मौके पर विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष को कुलुखा देवी,सचिव शोभा देवी, सदस्य सुषमा देवी व सीताबिया देवी के अलावे ग्रामीणों में उमेश प्रसाद सिंह,योगेंद्र यादव,श्री यादव,अरविंद सिंह एवं गीता देवी मौजूद रहे।

# 45 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 16 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 2, हत्या के प्रयास में 5, मद्य निषेध में 4 एवं अन्य गिरफ्तारी 34 कुल 45 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 538 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-57 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-2 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 1200 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 77 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाइकिल 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# विधायक द्वारा किया जा रहा दलित बस्तियों का दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** नवादा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न एससी-एसटी टोलों में प्रस्तावित डॉ अंबेडकर समग्र विकास सेवा अभियान को लेकर विधायक विभा देवी गंभीरता के साथ क्षेत्रों में दौरा कर रहीं हैं । 19 अप्रैल को आयोजित सरकारी शिविरों में एससी परिवार की अधिकतम उपस्थिति और वास्तविक लाभुकों को लाभ दिलाने के लिए विधायक स्वंय मोनिटरिंग कर रही है और गांवों का भ्रमण कर लोगों को जागरूक कर रही हैं । इसके अलावे दलित बस्तियों में विकास योजनाओं का चयन भी किया जा रहा है और अनुशंसा करते हुए क्रियान्वयन के लिए अग्रसारित भी किया जा रहा है। नारदीगंज प्रखण्ड के पेश पंचायत स्थित पसय, कल्याणपुर, बहोरी बिगहा, हड़िया पंचायत के दलेलपुर, पड़पा महादलित टोला, दरियापुर में दर्जनों योजनाओं का चयन कर अनुशंसा की गई । दूसरी ओर सरकारी शिविर के 8 टारगेट को भी पूरा किया गया जिसमें बलोखर, कादिरगंज, आंती मुसहरी, पौरा मुसहरी, किंजल बिगहा, अमौनी, पहाड़पुर, बीहड़ चक का सघन दौरा किया गया और लाभुक परिवार के साथ बैठक कर उन्हें मिलने वाली 22 प्रकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। मौके पर सुरेन्द्र यादव, दीपू यादव, शम्भू मालाकार, घुटर यादव, बाल्मीकि चौधरी, बमबम सिंह, डब्लू कुमार, अमित सरकार, संजय राजवंशी, राजेन्द्र यादव, आजाद यादव, उमेश कुमार, संजय राजवंशी इत्यादि शामिल थे।

# डुमरावां में कार्यक्रम में शामिल हुए एमएलसी एवं विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** गुरुवार को पकरीबरावां प्रखण्ड के डुमरावां गांव के महारानी स्थान के पास एक कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में एमएलसी अशोक कुमार, वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अरुणा देवी, पंचायत समिति सदस्या पूजा कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष संजीव कुमार, जिला परिषद सदस्या के प्रतिनिधि मुकेश सिंह, जदयू नेता नीरज कुमार राकेश, उप मुखिया विनोद कुमार, परमानंद शर्मा, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह आदि का अभिनंदन किया गया। उन्हें बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बीच ग्रामीणों ने स्वास्थ्य उप केंद्र डुमरावां में एक महिला डॉक्टर एवं एक पुरूष डॉक्टर की तैनाती की मांग की। इस बीच राजद नेता परमानन्द शर्मा ने एमएलसी अशोक कुमार के नेतृत्व में राजद को छोड़कर जदयू की सदस्या ग्रहण किया। एमएलसी ने बुके एवं फूलों की माला पहनाकर जदयू में उनका स्वागत किया। परमानंद शर्मा ने बताया कि वे वर्षों से राजद में थे और वे किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष थे। ग्रामीणों ने महादलित टोला में सामुदायिक भवन बनाने, सड़क का निर्माण सहित अन्य मांग की। डुमरावां में डिग्री कॉलेज की मांग की गई। इस अवसर पर ग्रामीण मंटू सिंह, विपिन कुमार, राकेश कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के एनएच 20 पर महानंदपुर पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में जख्मी महिला की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। मृतका महानंदपुर गांव निवासी रामाधीन प्रसाद की 58 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी थी। परिजनों ने बताया कि मृतका घर से खेत जाने के लिए सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला को इलाज के लिए निजी क्लीनिक मे चल रहा था। ट्राफिक थाना की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है।

# शादी समारोह में काम करने पहुंचे वृद्ध की गोली मार की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के सिथौरा गांव में शादी समारोह में काम करने गए एक वृद्ध को गोली मारकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान कृपा बिगहा निवासी विशु ठाकुर के 75 वर्षीय पुत्र सुखदेव ठाकुर के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि कृपा बिगहा गांव निवासी सुखदेव ठाकुर बुधवार को सिथौरा गांव में तिलक व फलदान के कार्यक्रमों में यजमान का काम करने गए था। जहां गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि सिथौरा गांव जहां कार्यक्रम हो रहा था, वहां के कुछ लोग छत या सीढ़ी से गिरकर यजमान की मृत्यु होने की बात कही जा रही है। हालांकि घटना का कारण किया है इसकी जांच पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो पाएगा की मृत्यु कैसे हुई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी एवं किसी के द्वारा प्राथमिक की दर्ज नहीं हुई है। मृतक के पत्नी उर्मिला देवी ने कहा कि हमारे पति सुखदेव ठाकुर सुबह में यह कह कर निकले थे कि मैं सिथौरा गांव जा रहा हूं। जहां उस गांव में दो जगह कार्यक्रम शादी एवं तिलक व फलदान है। आने में देर हो जाएगी यह कहकर घर से निकले थे, लेकिन गुरुवार की सुबह पांच बजे सिथौरा गांव से कुछ लोग गाड़ी से उनके पति का शव दरवाजे पर रखकर यह कहकर चलते बने की सुखदेव ठाकुर की मृत्यु छत से गिरकर हो गई है। इन्हें अंतिम दाह संस्कार कर दीजिए।

## एक नजर

### कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में विकास शिविर को लेकर प्रखंड स्तरीय कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने की। उन्होंने कहा पंचायत स्तर पर विकास शिविर आयोजित होना है। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम 19 अप्रैल से प्रत्येक पंचायत के अनुसूचित टोला में विकास शिविर का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव, विकास मित्र, आंगनबाड़ी सेविका, आशा, एएनएम, आशा फैसीलेटर, विद्युत अभियंता, सीडीपीओ, स्वास्थ्य प्रबंधक समेत संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### भाजपा ने चलाया जागरूकता अभियान

**कौआकोल।** प्रखण्ड भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। भाजपा पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा ने बताया कि शुक्रवार को झिलार गांव में आदिवासी समुदाय की महिलाओं के साथ जनसम्पर्क कर मोदी एवं नीतीश सरकार के उपलब्धियों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के हित में कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिसको लेकर गांव-गांव में सपर्क स्थापित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### सीएसपी दुकान में तोड़फोड़ और लूटपाट

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के चिकसौरा रोड स्थित एक सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) दुकान में बुधवार देर शाम करीब आठ बजे बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। आठ की संख्या में आए अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर पहले गाली-गलौज किया, फिर विरोध करने पर जमकर तोड़फोड़ व मारपीट की। घटना में दुकान पर बैठे युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक की पहचान शिवाजी नगर मोहल्ला निवासी निरंजन प्रसाद के 16 वर्षीय पुत्र ऋषभ राज के रूप में हुई है। ऋषभ ने बताया कि उसके बड़े भाई चिकसौरा रोड पर साइबर कैफ़े चलाते हैं, जिसमें सीएसपी सेवा भी संचालित होती है। बुधवार की रात वह दुकान पर अकेले मौजूद था, तभी अचानक बदमाशों का समूह वहां पहुँचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर दुकान का सारा सामान तोड़ दिया गया और उस पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया।

### श्रमजीवी ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**बिहारशरीफ।** भागनबिगहा ओपी के कादीबिगहा गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मृतका संजय रविदास की 49 वर्षीया पत्नी सरिता देवी थी। परिवार वालों ने बताया कि वह खेत में लगे फसल देखने जा रही थी। इसी दौरान श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार झा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। परिवार वाले ट्रेन की चपेट में आने से मौत की बात बता रहे हैं।

# विम्स पावापुरी में एमआरआई लैब का उद्घाटन, गरीबों को मिलेगा बड़ा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ।** भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स), पावापुरी में बुधवार को अत्याधुनिक एमआरआई लैब का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

यह एमआरआई सुविधा 'पीपीपी मोड' पर ऐडेनेक्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, कटक (उड़ीसा) द्वारा स्थापित की गई है। इसके शुरू होने से आम व गरीब मरीजों को न्यूनतम दर पर एमआरआई जांच की सुविधा मिल सकेगी। इस लैब में कुल 58 प्रकार की उच्च गुणवत्ता वाली जांचें की जा सकेंगी।

इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों को उच्च स्तरीय संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है ताकि प्रत्येक नागरिक को मुफ्त या रियायती दर पर गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके। कार्यक्रम में विम्स के अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार सिन्हा, प्राचार्या डॉ. (प्रो.) सर्बिल कुमारी, उपाधीक्षक डॉ. अजय कुमार, रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) खुर्शीद दुर्रानी, आकस्मिक विभाग के सीएमओ डॉ. प्रेम प्रकाश, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नमन नेही, ऐडेनेक्स हेल्थकेयर के सीईओ शशिभूषण मिश्रा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि इस सुविधा के शुरू हो जाने से नालंदा ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों से आने वाले मरीजों को भी काफी राहत मिलेगी और अब उन्हें एमआरआई जांच के लिए पटना नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संस्थान में शीघ्र ही डायलिसिस सुविधा शुरू करने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

# स्कॉर्पियो में लिफ्ट दे युवती से किया दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना अंतर्गत पांडू पोखर पार्क के पास गुरुवार को मुखिया पुत्र ने स्कॉर्पियो में युवती से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। राहगीरों ने देखा तो आरोपित व उसके चालक को पकड़ लिया। सूचना पाकर आई पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित गिरियक के सतौआ पंचायत की मुखिया ललिता देवी का पुत्र मंटू कुमार और उसका चालक है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया। युवती भी गिरियक प्रखंड की निवासी है। 19 वर्षीया पीड़िता ने बताया कि वह अपनी आंखों का इलाज कराने राजगीर आई थी। राजगीर बस स्टैंड से वह पैदल वीरायतन की ओर बढ़ रही थी। उसी दौरान उसके समीप आकर स्कॉर्पियो रुकी। सवार ने पूछा कि कहा जा रहे हैं। जिस पर युवती ने वीरायत जाने की बात कही। फिर सवार उधर ही जाने की बात कह युवती को स्कॉर्पियो में लिफ्ट दे बिठा लिया। सुनसान स्थान पर वाहन रोककर बदमाश ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि आरोपित मंटू व उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया गया गया है। चालक पर घटना में सहयोग करने का आरोप लगा है। वाहन जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई जारी है। पीड़िता के बयान पर केस दर्ज किया गया।

# 3 से 15 मई तक खेलो इंडिया यूथ गेम प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** आगामी 3 मई से 15 मई 2025 तक खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 प्रतियोगिता का आयोजन गया जिले के बिपार्ड एवं आईआईएम बोधगया के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों में भी प्रतियोगिता का आयोजन होना है। खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के आयोजन के अवसर पर सहभागी सभी खिलाड़ियों, तकनीकी पदाधिकारी एवं सहायकों के लिए गया जिले में आवासन, परिवहन एवं अन्य समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जा रही है। जिले के डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभा कक्ष में नियंत्रण कक्ष में नामित पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक किया। खेलो इंडिया युथ गेम के मद्देनजर 3 स्थानों यथा समाहरणालय में, बिपार्ड में एवं आईआईएम में नियंत्रण कक्ष बनाया जाना है। इसे लेकर 3 पालियों में पदाधिकारी एवं कर्मियों का रोस्टर तैयार किया गया है। सभी 3 स्थानों पर नियंत्रण कक्ष की मॉनिटरिंग के लिये वरीय पदाधिकारी को लगाया गया है। 8-8 घंटे का शिफ्ट रखा गया है। नियंत्रण कक्ष में सभी विभाग यथा पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली, फायर, सफाई, परिवहन सहित अन्य विभागों के कर्मी को भी मौजूद रखा जाएगा ताकि कही से भी किसी विभाग संबंधित कार्य की कमी आने से तुरंत ठीक/ समाधान करवाया जा सके साथ ही लगातार फॉलोअप की भी व्यवस्था रखी गयी है। डीएम ने कहा कि पेयजल एवं टॉयलेट सफाई अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसे बारीकी से मोनिटरिंग करना होगा। डीएम ने बताया कि खेलो इंडिया गेम के अंतर्गत खिलाड़ियों के लिये आईआईएम एवं बिपार्ड में 13 से 15 हॉस्टल चिन्हित रखे गए हैं जहां खिलाड़ी आवासन करेंगे। उनकी जरूरत के हिसाब से सभी व्यवस्थाएं होस्टल्स में उपलब्ध करवाया जा रहा है। हर होस्टल्स में व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिये भी हर होस्टल के लिये एक एक नोडल पदाधिकारी भी नामित रखा गया है। बैठक में पूर्व डीएम ने बिपार्ड पहुच कर बिपार्ड के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए व्यवस्थाओ की पूरी जानकारी लिया है। डीएम ने हर बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा है। खेल अवधि अर्थात 03 मई से 15 मई तक 3 टाइम गंगा जल पेय जलापूर्ति सप्लाई बिपार्ड में करवाने को कहा गया है। डीएम ने कहा कि नेशनल स्तर का खेल होने जा रहा है, इसी उद्देश्य के साथ सभी कार्य पूरी क्वालिटी के साथ करे। सभी खिलाड़ियों के कमरों में एक कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर चिपकाए जाएगा ताकि वह अपने जरूरत के हिसाब से संबंधित नंबर पर संपर्क करके कार्य/ मदद ले सकते हैं। डीएम ने कहा है कि 27 अप्रैल तक हर हाल में कंट्रोल रूम को चालू करवाये।

## दो वारंटी गिरफ्तार, गये जेल

**गुरारू (नबिटा सं.)।** प्रभारी थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के मलपा एवं कजरैला गांव से नन वेलेवल वारंट के वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री प्रिया वर्णवाल के न्यायालय से मलपा गांव के जितेन्द्र कुमार चौधरी पिता स्वर्गीय किशोरी चौधरी एवं चिरैला गांव के विजय मिस्त्री पिता स्वर्गीय संतोष मिस्त्री के विरुद्ध एन वी डब्ल्यू निर्गत किया गया था।

## पिकअप ने बाइक सवार दो किशोरों को मारी टक्कर

**कोंच/गुरारू (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र में गुरुवार को सुबह डबुर गांव के समीप एक पिकअप ने दो बाइक सवारों को टक्कर मारी जिससे दो किशोर घायल हो गए। संवाद सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम मोती बिगहा निवासी विकास कुमार उम्र 10 वर्ष पिता राजेंद्र यादव एवं गोल्डन कुमार उम्र 15 वर्ष पिता वीरेंद्र यादव बाइक से सेंट्रींग का सामान बथानी पहुंचा कर वापस अपने गांव लौट रहे थे।

# हथियार सप्लायर कुख्यात नक्सली कृष्णा मिस्त्री गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** गया जिले के नक्सल प्रभावित इलाका इमामगंज थाना क्षेत्र के गंगटी गांव बाजार से बुधवार को जिला पुलिस और एसटीएफ के जवानों ने एक बार फिर एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। दरअसल पिछले दिनों 3 अप्रैल को इमामगंज थाना क्षेत्र के कादिरगंज गांव के जंगली और पहाड़ी इलाका से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस एवं विस्फोटक एवं अन्य समान बरामद किया था। उसी मामले में पुलिस ने तीन कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया था। उन्हीं गिरफ्तार नक्सलियों के निशानदेही पर एक बार फिर जिला पुलिस और एसटीएफ के जवानों ने कार्रवाई कर एक नक्सली को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। वहीं इस संबंध में इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कुख्यात नक्सली कृष्णा मिस्त्री गंगटी बाजार में आया हुआ है। इसी क्रम में गया एसएससी आनंद कुमार एवं सीटीएसपी रामानंद कुमार कौशल के नेतृत्व में इमामगंज थाने की पुलिस अधिकारियों और एसटीएफ के पुलिस कर्मियों को शामिल कर एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम के प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु गंगटी बाजार पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा। वहीं मौके पर शस्त्र बलों के सहयोग से उसे दौड़कर पकड़ लिया गया जब पकड़े गए व्यक्ति का नाम व पता पूछने पर अपना नाम व पता कृष्णा मिस्त्री पिता स्वर्गीय कालेश्वर मिस्त्री ग्राम कादिरगंज बताया गया। वहीं एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली कृष्ण मिस्त्री हथियार बनाकर नक्सलियों को सप्लाई करने का काम करता था। वही श्री कुमार ने कहा कि पुलिस को यह सफलता पिछले दिनों 3 अप्रैल को कादिरगंज गांव से गिरफ्तार किए गए तीन नक्सलियों के निशानदेही पर किया गया है। इसके बाद गिरफ्तार नक्सली कृष्णा मिस्त्री को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



# पीड़ित परिवार से राजद प्रवक्ता ने मिलकर दी सांत्वना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** गुरुवार को गोपाल कृष्ण उर्फ जुगनू यादव जिला प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता राष्ट्रीय जनता दल गया मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए विगत दिनों कोंच प्रखंड अंतर्गत ग्राम खैरा के उदय यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु एवं ग्राम बैदौली के छोटू यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग किया है कि मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी एवं उचित मुआवजा राशि अविलंब मिले जिससे मृतकों के आश्रितों को राहत मिल सके एवं उनके बाल बच्चों को उचित शिक्षा की समुचित व्यवस्था कराई जा सके क्योंकि दोनों मृतकों के आश्रितों में कोई कमाने वाले लोग नहीं हैं जो उन दोनों का परिवार का खर्च निर्वहन हो सके। इस हृदय विदारक घटना को देखते हुए एक शिष्टमंडल उपरोक्त दोनों गांव में दौरा किया। शिष्टमंडल में गोपाल कृष्ण, जुगनू यादव जिला प्रधान महासचिव सह पर प्रवक्ता राष्ट्रीय जनता दल गया, नित्यानंद कुमार, सुबोध कुमार, कृष्ण उत्तम कुमार, उमेश दास, अरविंद नारायण राय एवं स्थानीय प्रतिनिधि मुकेश कुमार व मंजीत कुमार उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**गुरारू (नबिटा सं.)।** सिपाही परीक्षा के लिए फिजिकल की तैयारी कर रही मंगरौर गांव की बीस वर्षीय सुमन कुमारी पिता अर्जुन यादव की मौत गुरूवार की सुबह करीब छः बजे रौना रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही हो गई। इस संबंध में मृतका के चचेरा भाई सुधीर यादव ने बताया कि वह सर्वोदय उच्च विद्यालय के मैदान में प्रतिदिन अहले सुबह सिपाही फिजिकल की तैयारी के लिए साइकिल से आती थी और दौड़ -कूद के बाद गांव चली जाती थी। आज गुरूवार की सुबह उक्त मैदान से दौड़ कर गांव जा रही थी कि रेलवे गुमटी बंद रहने के कारण क्रासिंग के फाटक के पास साइकिल लगाकर रेल लाइन पर ट्रेन देखने गयी और गया की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में पड़ गयी। ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर फट गया और घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना से ग्रामीण सहित परिजन मर्माहत हैं।

## शिक्षण में नैतिकता का पालन करना समय की मांग : प्रो. एच. सी. वर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** शिक्षण में नैतिकता का पालन करना समय की मांग है और वर्तमान परिदृश्य में देश की शिक्षा प्रणाली में भी इसका पालन करना अनिवार्य है क्योंकि इसकी वजह से युवा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारी दबाव में रहते हैं। विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाने के साथ - साथ सीखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए जिससे हम युवा दिमाग विकसित कर सकें जो अपनी रुचि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। ये बातें प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी पद्मश्री प्रो. एच. सी. वर्मा ने दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित विज्ञान के लिए समाज विषय पर व्याख्यान के दौरान कही। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी पूर्वी क्षेत्र द्वारा सीयूएसबी के संस्थान नवाचार प्रकोष्ठ के सहयोग से व्याख्यान का आयोजन किया गया। अपने व्याख्यान के दौरान प्रो. वर्मा ने देश में कोचिंग संस्कृति के उभरने की निंदा की, जो स्कूल और कॉलेजों की कक्षा संस्कृति की स्थिरता के लिए एक बड़ा खतरा है। जेईई, नीट (यूजी) जैसी बहुचर्चित परीक्षाओं में सफल होने की चाहत में आजकल कोचिंग संस्कृति के बढ़ने से युवाओं पर बहुत अधिक दबाव पड़ रहा है जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। अपने विस्तृत प्रस्तुतीकरण में प्रो. वर्मा ने भौतिकी के साथ जीवन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान सहित विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित रोजमर्रा की जिंदगी के संदर्भों को उद्धत किया। प्रो. वर्मा ने शिक्षण-अधिगम को रोचक बनाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सिद्धांत के साथ-साथ प्रयोग आधारित शिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

## अवैध गिट्टी लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**इमामगंज (नबिटा सं.)।** प्रखंड अंतर्गत सलैया थाना क्षेत्र के हरैया तरी गांव से पुलिस ने गिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। वहीं मौके से वाहन चालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीनारायण यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के हरैया तरी गांव से गुप्त सूचना के आधार पर गिट्टी लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया है तथा उसके चालक को भी गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार चालक की पहचान झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले रामस्वरूप मांझी के रूप में किया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

## किशोरी लापता, मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के मंझियावां पंचायत के एक गांव से एक किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने बताया कि मेरी 16 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से कोंच पंचायत के एक गांव का शादी शुदा युवक कहीं ले गया है। पुलिस से किशोरी को ढूंढने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 233/25 दर्ज कर किशोरी की तलाश के लिए टीमें गठित की गई है और जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

## नाली के ढक्कन के लिए सभी वार्डों में दिए जाएंगे 10-10 लाख रुपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया नगर निगम सभागार में गुरुवार को बोर्ड की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मेयर गणेश पासवान ने की। बैठक में मच्छरों से निजात, पेयजल समस्या, बरसात के पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई, लाइट, शौचालय सहित अन्य मुद्दों पर मुहर लगी। बैठक के दौरान कुछ पार्षदों ने कहा कि शहर में फॉगिंग के बाद भी मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। मेयर गणेश पासवान ने कहा कि ऐसे में यह निर्णय लिया गया कि एंटी लार्वा के छिड़काव के लिए सभी वार्डों में एक-एक स्प्रे मशीन की खरीद की जायेगी जिससे फॉगिंग के साथ नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव होगा। इससे मच्छरों के प्रकोप से निजात मिलेगी। बैठक शुरू होते ही भाजपा नेताओं ने नगर विकास और आवास मंत्री को निगम में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए ज्ञापन देने पर पार्षद नाराज थे। पार्षद गजेन्द्र सहित अन्य पार्षदों ने कहा कि किसी पर आरोप लगाने से पहले जांच करनी चाहिए। बिना जांच के किसी पर गलत आरोप लगाकर उसकी छवि खराब करने की कोशिश न की जाए। इस दौरान लोगों ने नगर विधायक के फंड से की जा रही विभिन्न योजनाओं की गुणवत्ता जांच करने की आवाज उठायी। पार्षदों ने कहा कि गर्मी शुरू हो गई है। ऐसे में जलस्तर नीचे जाने से धीरे-धीरे जल संकट गहराता जा रहा है। इससे पहले स्थिति भयावह हो इसका समाधान की जाए। पहले से विभिन्न वार्डों में वैट (मिनी जलापूर्ति केंद्र) लगाने की योजना है उसे समय रहते पूरा किया जाए। इस मामले पर नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने कहा कि पहले से शहर में चार सौ वैट लगा हुआ है। अब लगाने के लिए विभाग से अनुमति की जरूरत है।

**नाली के ढक्कन के लिए सभी वार्डों में दिए जाएंगे 10-10 लाख रुपये**

मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि वार्डों में नालियों के टूटे ढक्कन व अन्य छोटे-छोटे काम के लिए 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। इससे वह साल भर इस तरह कार्य कराते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा लाइट एंड साउंड फिर से चालू किया जायेगा। बच्चों के शव के लिए गडंति का टेंडर हो गया है।

# हज यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** हज यात्रा 2025 के अवसर पर जिले के डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम ने सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ हज यात्रियों के रवानगी के मद्देनजर की जाने वाली तैयारियां के संबंध में एयरपोर्ट सभागार में बैठक की गई। बताया गया कि हज यात्रा 2025 के अवसर पर गया एयरपोर्ट से 02 मई को सुबह 10 बजे 147 हाजी एवं 03 मई को सुबह 07 बजे 125 हाजी हज यात्रा के लिये जाएंगे। इस प्रकार कुल 272 हाजी गया हवाई अड्डा से रवाना होंगे। डीएम ने निर्देश दिया है कि पटना हज भवन से हाजी सीधे गया एयरपोर्ट आएंगे और उनका व्यवस्था पूरा मुकम्मल करवना सुनिश्चित करे। कार्यपालक अभियंता पीएचइडी पूर्व से लगे टॉयलेट को अविलंब मरम्मत करवाये। नल के टैप को ठीक कराते हुए उसे चालू करवाये। एयरपोर्ट के बाहरी परिसर में टैंकर एवं वाटर एटीएम मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये। सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि सुबह 7:00 से दोपहर 1:00 तक मेडिकल कैंप की व्यवस्था एयरपोर्ट के अंदर रखना सुनिश्चित करें साथ ही एयरपोर्ट परिसर में एंबुलेंस भी रखें। उन्होंने एयरपोर्ट डायरेक्टर को निर्देश दिया है कि हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की संख्या सीमित है, इसी उद्देश्य से यात्रियों को एयरपोर्ट के अंदर में ही बैठने/ विश्राम के लिए एक स्थान चिन्हित रखे ताकि तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा नहीं हो। एयरपोर्ट के अंदर परिसर में ही हेल्पडेस्क का व्यवस्था रखें। डॉक्टर एवं एएनएम की पूरी व्यवस्था रखें। ईओ नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया है कि एयरपोर्ट के बाहरी परिसर में साफ सफाई एवं कीटनाशक दावों का छिड़काव तेजी से करवाये। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी हात्रियों को हीट वेव एवं लू से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें संबंधित एडवाइजरी का सीट बनाकर उपलब्ध करवाया जाए ताकि सभी हयात्री उसे पढ़कर अनुपालन कर सके। पटना हज भवन से हाजियों को गया एयरपोर्ट आने के दौरान गया जिला के बॉर्डर बेला से एयरपोर्ट तक लाने हेतु पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था रखी जाएगी।

## बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं का स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया कॉलेज के शिक्षा शास्त्र विभाग के बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं का स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम गुरुवार से शुरू हुआ। इसी के तहत शहर के विभिन्न विद्यालय प्लस टू टी मॉडल स्कूल, मध्य विद्यालय डेल्हा, शहीद आरक्षी मध्य विद्यालय पुलिसलाइन, मिशन मध्य विद्यालय गेवाल बीघ और मध्य विद्यालय, स्वराज्यपुरी रोड में विद्यार्थियों के अभ्यास शिक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। प्राचार्य गया कॉलेज गया प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर शुरूआत हुई। विभागाध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यार्थियों से विचार-विमर्श कर अभ्यास शिक्षण की रणनीति तैयार की जा रही है। किसी भी कक्षा के संचालन से पहले पाठ योजना का निर्माण करना सभी प्रशिक्षुओं के लिए आवश्यक है। प्रशिक्षु ज्यादा से ज्यादा दृश्य पाठ सहायक सामग्री का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि आप विज्ञान या सामाजिक विज्ञान पर आधारित कार्यकारी या अकार्यकारी प्रतिरूप जिसे वर्किंग या नॉन वर्किंग मॉडल कहते हैं, उसका प्रयोग करेंगे तो विद्यार्थियों के बीच जटिल से जटिल प्रकरणों का अध्ययन अध्यापन सरलकृत रूप में किया जा सकता है। इंटर्नशिप कोऑर्डिनेटर डॉक्टर रानी नीना प्रियदर्शनी ने सभी विद्यार्थियों को इस बात की हिदायत दिए कि किसी भी परिस्थिति में प्रशिक्षु विद्यालयों में अपने ड्रेस कोड का पालन करना ना भूले। निश्चित समय पर प्रतिदिन विद्यालय में अपना योगदान करेंगे। चेतना सत्र का आयोजन करेंगे। विद्यालय अवधि समाप्त होने के बाद ही स्कूल परिसर छोड़ेंगे।


**शपथ पत्र**

मैं हर्ष राज पिता-रंजीत प्रसाद ग्राम-दुधैला, पोस्ट-खंजहांपुर, थाना-बुनियादगंज, जिला-गया का स्थायी निवासी हूं। सत्य निष्ठा के साथ बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार कार्ड नं. 3901 6746 2365 है। मेरा नामांकन डीएवी पब्लिक स्कूल पुनाईचक बोर्ड कॉलोनी पटना दिनांक 14.06.2021 वर्ग तृतीय में हुआ है जिसमें मेरा नाम हर्ष अंकित है जबकि मेरा सही नाम हर्ष राज है। मेरा नाम हर्ष के स्थान पर हर्षराज अंकित करने वास्ते शपथ पत्र दे रहा हूं।

उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

शपथकर्ता
हर्ष राज



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस सं०–**
**डी.डी.यू/ईएल/जी/ई–निविदा/25–26/04**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय ए तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निग लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **(1) कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नामः** डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2025–26/01 विषय.– डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत (ए) सैयदराज स्टेशन के अप लूप लाइन के सीएसएल को बढ़ाने और डाउन लूप लाइन में ओवररन लाइन के प्रावधान के लिए यार्ड री–मॉडलिंग में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। (बी) एमटीजीई स्टेशन पर डाउन लूप लाइन के सीएसएल को बढ़ाने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागतः** रू० **3968269.56, निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 09.05.2025. 15:00 Hrs, **ई–निविदा वेबसाइट का विवरणः www.ireps.gov.in (2) कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नामः** डी.डी.यू/ईएल/जीएस/2025–26/01 विषय.– मानपुर स्टेशन के द्वितीय अप लूप के सीएसएल को बढ़ाने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग और मुख्य लाइन में शंटिंग से बचने के लिए शंटिंग नेक का प्रावधान में 'विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागतः** रू० **1565760.84, निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 09.05.2025. 15:00 Hrs, **ई–निविदा वेबसाइट का विवरणः www.ireps.gov.in** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग०श०)
पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू
पीआर/0115/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25–26/40


# जदयू श्रम व तकनीकी प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जदयू श्रम व तकनीकी प्रकोष्ठ की बुधवार को एक बैठक संपन्न हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रामचरित्र सिंह शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शंभू सिंह ने की जबकि संचालन नगर अध्यक्ष प्रकाश रंजन के द्वारा किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा नवनियुक्त पदधारकों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष शंभू सिंह ने कहा कि जिला कमेटी में मोहनपुर के प्रशांत कुमार को प्रवक्ता व गुरारू के शंकर बिगहा के सप्पू कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसमें 6 लोगों को उपाध्यक्ष, 19 लोगों को महासचिव, 26 लोगों को सचिव बनाया गया है। इसके अलावा जिले के 24 प्रखंडों में चमरडीह के सुनील कुमार शेट्टी को चंदौती, लखनपुर के शैलेश कुमार को मानपुर, मिसिरपुर के गौरव कुमार को टिकारी, पचमहल्ला के अमित चंद्रवंशी को बेलागंज, शंकर बिगहा के सोनू कुमार को गुरारू, जगदीशपुर के शिवम कुमार को कोंच, कुमार को कोंच, बहसापीपरा के लालू यादव को टनकुप्पा, डाला के गुड्डु कुमार साव को फतेहपुर, पड़रिया के रुपेश कुमार को बोधगया सहित 24 प्रखंड अध्यक्षों को भी मनोनीत किया गया। सभी लोगों को प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि ये लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ करेंगे। साथ ही इनके द्वारा पार्टी को मजबूत किया जाएगा और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# सीएमआर इनवार्ड में दूसरे नंबर पर है गया जिला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले में इन दिनों पैक्स अध्यक्षों से सीएमआर इनवार्ड का कार्य प्रगति पर है। बिहार के बड़े जिलों में सीएमआर इनवार्ड में गया जिला दूसरे नंबर पर है। बड़े जिलों में रोहतास के बाद गया दूसरे स्थान पर है। चावल इनवार्ड में रोहतास 85% तो गया 84% के साथ दूसरे स्थान पर अपना स्थान बना कर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। अप्रैल माह में गया जिले का टारगेट 99269 एम टी का लक्ष्य रखा गया था। एसएफसी के जिला प्रबंधक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिले के डीएम डॉक्टर त्यागराजन एसएम के कुशल निर्देशन में धान अधिप्राप्ति और सीएमआर इनवार्ड में जिला लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। अप्रैल माह के 17 दिन बीतने के साथ ही जिले में कुल 84% लक्ष्य पूरा हो चुका है। बुधवार तक अप्रैल माह के लक्ष्य का टारगेट के विरुद्ध 84222.26 एम टी चावल इनवार्ड किया जा चुका है। पिछले 5 कार्य दिवसों में कुल 139 लॉट चावल जमा किया जा चुका है।

**अन्य जिलों को भी चावल आपूर्ति कर रहा गया जिला**

राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष चावल की आगत बढ़ने के कारण विभाग ने गया जिले से राज्य के अन्य जिलों को चावल भेजे जाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि गया जिले से सीतामढ़ी जिले को 60 हजार क्विंटल, वैशाली जिले को 40 हजार क्विंटल और नवादा जिले को 15 हजार क्विंटल चावल भेजा जाना है। चावल भेजे जाने के बाद जिला में इनवार्ड की स्थिति और बेहतर होने की उम्मीद है। जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस एम ने इस मामले में सीतामढ़ी जिला पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर जल्द से जल्द चावल ले जाने हेतु अनुरोध किया है।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 15.04.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.: टीएन-13-25-26; कार्य का नामः** सियालदह में : सहायक अभियंता (वर्क्स)/1/सियालदह के क्षेत्राधिकार में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स)/सियालदह के अधीन ऑफिसर्स कॉलोनी की मरम्मत तथा नवीनीकरण तथा मोड्युलर किचन का प्रावधान साथ में फर्श एवं दीवार की टाइलों का बदलाव, सैनिटरी प्लम्बिंग तथा पीछे की सीढ़ी का मजबूतीकरण। **निविदा मूल्यः** रु. 84,73,545.40; **ईएमडीः** रु. 1,69,500/-; **क्रमांक 2; निविदा सं.: टीएन-14-25-26; कार्य का नामः** सियालदह में : सहायक अभियंता (वर्क्स)/1/सियालदह के क्षेत्राधिकार में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स)/सियालदह के अधीन कंट्रोल बिल्डिंग की रीमॉडलिंग तथा नवीनीकरण तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 84,99,492.33; **ईएमडीः** रु. 1,70,000/-; **निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय):** दोनों के लिए शून्य। **कार्य समापन अवधिः** दोनों के लिए 06 (छह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** दोनों के लिए 09.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** दोनों के लिए 09.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।
(SDAH-18/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**
**विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/04 दिनांक- 17.04.2025**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**Online आवेदन-पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2025/01 एवं 2025/02 दिनांक- 04.03.2025 एवं 2025/03 दिनांक- 04.04.2025 के अनुसार ITICAT-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration करने की अंतिम तिथि 17.04.2025 निर्धारित है। **छात्रहित में ITICAT-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Closing Date | : **25.04.2025** |
| (ii) | Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : **26.04.2025** |
| (iii) | Online Editing of Application Form | : **27.04.2025 to 28.04.2025** |
| (iv) | Uploading of Online Admit Card | : **09.05.2025** |
| (v) | Proposed Date of Examination | : **17.05.2025** |

(2) दिनांक 26.04.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापनों की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

संपादकीय

## कांग्रेस का 'नया राष्ट्रवाद'

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अहमदाबाद में हुए दो दिनी (प्लेनरी) अधिवेशन में व्यक्त 'गुजरात विजय' का संकल्प कितना और कैसे पूरा होगा, यह देखने की बात है, लेकिन इस अधिवेशन पारित प्रस्ताव में पहली बार पार्टी ने अपने 'राष्ट्रवाद'का खुलासा किया। यूं भाजपा और संघ के राष्ट्रवाद को विभाजनकारी मानने वाली कांग्रेस ने कहा कि उसका राष्ट्रवाद समाज को जोड़ने वाला है, जबकि बीजेपी और आरएसएस का छद्म राष्ट्रवाद लोगों को विभाजित करना चाहता है। इस दो दिनी अधिवेशन के अंतिम दिन पारित प्रस्ताव को कांग्रेस ने 'न्याय पथ' नाम दिया है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस अब सपा, बसपा जैसी पार्टियों के 'सामाजिक न्याय' के मुद्दे पर ही आगे बढ़ना चाहती है। अधिवेशन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोगों के मुद्दों की समानता के आधार पर इंडिया गठबंधन की स्थापना की और उसे कायम रखा। हम इस प्रयास को जारी रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। साथ ही देश में 'एक देश, एक चुनाव' जैसी संविधान विरोधी कोशिशो को सफल नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन अहम बात कांग्रेस द्वारा पिछले दरवाजे से उस राष्ट्रवाद का स्वीकार है, जो भाजपा और आरएसएस का कोर एजेंडा है। फर्क इतना है कि कांग्रेस ने अपने राष्ट्रवाद को समावेशी राष्ट्रवाद कहा है। पार्टी द्वारा अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि कांग्रेस की नजर में राष्ट्रवाद के मायने देश की भू-भागीय अखंडता के साथ साथ इस महान भूभाग में रहने वाले लोगों का सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक सशक्तीकरण भी है। पार्टी के मुताबिक कांग्रेस का राष्ट्रवाद समाज को जोड़ने वाला है जबकि बीजेपी-आरएसएस का राष्ट्रवाद समाज को तोड़ने वाला है। कांग्रेस का राष्ट्रवाद भारत को अनेकता को एकता में पिरोने का है जबकि बीजेपी-आरएसएस का राष्ट्रवाद भारत की अनेकता को खत्म करने का है। इसे और विस्तार से समझाते हुए कांग्रेस ने कहा कि त्याग, बलिदान, बहुलतावाद और उदारवाद का कांग्रेस का रास्ता ही भारतीय राष्ट्रवाद है। यही नहीं कांग्रेस ने आरएसस पर भी सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उसकी विचारधारा संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है। हालांकि संघ के उग्र राष्ट्रवाद के बरखिलाफ जनता कांग्रेस के राष्ट्रवाद को कितना स्वीकार करेगी, कहना मुश्किल है। क्योंकि पार्टी अभी तक खुद को सेक्युलरवादी के रूप में पेश करती आई है। दूसरा मुद्दा जातिगणना का भी है। कांग्रेस ने ओबीसी जातिगणना के मुद्दे को हवा देने का निर्णय लिया है। लेकिन इससे खुद को राष्ट्रीय पार्टी कहने वाली कांग्रेस को खास लाभ नहीं होता। बिहार में जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर का यह सवाल वाजिब है कि देश में 75 सालो से एससी, एसटी की जातिगणना हो रही है। लेकिन इससे उनके जीवन में क्या सुधार हुआ। इसका सीधा मतलब है कि जाति की गिनती का कोई मतलब नहीं है, जब तक कि उनका सामाजिक आर्थिक उत्था न न हो। लेकिन आज कांग्रेस अगर भाजपा से सचमुच पूरी ताकत से लड़ना चाहती है तो उसे अपना संगठनात्मक ढांचा मजबूत करना होगा, इस दिशा में कुछ खास प्रगति नहीं दिखती है। उसे तय करना होगा कि वो कौन सा वोट बैंक है, जिसे वह संवर्द्धित करना चाहती है? वक्फ बोर्ड पर भी उसकी नीति असमंजस से भरी है। कभी वह क्षेत्रीय पार्टियों की तरह व्यवहार करने लगती है तो कभी उसे याद आता है कि वह एक राष्ट्रीय पार्टी है। कांग्रेस पहले यह तय करे कि उसे करना क्या है और कैसे करना है, तभी ऐसे अधिवेशनों का व्यावहारिक महत्व है। अल्पसंख्यक वोट बैंक बचाने से भी ज्यादा बड़ी चुनौती कांग्रेस के सामने यह है कि उससे टूट चुका बहुसंख्यक हिंदू वोट वापस कांग्रेस की तरफ कैसे लौटे, जो राम जन्म भूमि विवाद के बाद से कांग्रेस से दूर जा चुका है।

# राजनीति की आँच पर सुलगता बंगाल

**पश्चिम बंगाल की भूमि, जहाँ एक समय कवियों की कलम और क्रांतिकारियों की मशाल से जागरण हुआ करता था, आज राजनीति की चिंगारियों और साम्प्रदायिक धुएँ से घिरी प्रतीत होती है। हाल के दिनों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर फैले जनाक्रोश और उसके गर्भ से उपजी हिंसा ने न केवल राज्य की सामाजिक संरचना को झकझोर दिया है, बल्कि इसने शासन की संवेदनशीलता, राजनीतिक दलों की नीयत और समाज की सहिष्णुता पर भी गहरे प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। मुर्शिदाबाद की गलियों में गूँजी गोलियों की आवाज़ें और तीन निर्दोष जानों की क्षति इस बात की भयावह गवाही हैं कि जब सियासत धर्म की ओट में खेलती है, तो सबसे पहले इंसानियत ही घायल होती है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**



वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर मुस्लिम समुदाय में एक गहरा असंतोष व्याप्त है। केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यह संशोधन अधिनियम कई मुसलमानों को यह आशंका देता है कि उनके धार्मिक और सामाजिक अधिकारों का अतिक्रमण हो सकता है। बंगाल जैसे राज्य में, जहाँ मुस्लिम आबादी एक महत्वपूर्ण संख्या में है, यह असंतोष स्वाभाविक रूप से व्यापक विरोध में तब्दील हो गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बार-बार आश्वासन दिया कि यह अधिनियम राज्य में लागू नहीं किया जाएगा और अल्पसंख्यक हितों की रक्षा की जाएगी। लेकिन ज़मीनी स्तर पर इन आश्वासनों का कोई विशेष असर नहीं दिखा, और मुस्लिम समुदाय के आक्रोश को शांत करने में प्रशासन विफल रहा।

8 अप्रैल से शुरू हुई यह हिंसा तमाम निषेधाज्ञाओं और इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के बावजूद लगातार जारी रही। सार्वजनिक संपत्तियों पर हमले, भीड़ द्वारा आगज़नी और पथराव की घटनाएँ मुर्शिदाबाद के जंगीपुर उपमंडल से लेकर कोलकाता तक फैलीं। यह स्पष्ट हो गया कि यह केवल धार्मिक असंतोष नहीं, बल्कि सुनियोजित राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल लंबे समय से एक 'सांप्रदायिक कढ़ाही' के रूप में उबल रहा है, जहाँ राजनीतिक दल जानबूझकर धर्म की आग में घी डालने का कार्य करते आए हैं।

इस प्रकरण में दोनों प्रमुख राजनीतिक दल – सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की भूमिका समान रूप से संदिग्ध और चिंताजनक रही है। टीएमसी जहाँ वक्फ संशोधन के विरोध में मुस्लिम समुदाय को मौन रूप से समर्थन देती दिखी, वहीं बीजेपी ने राम नवमी की धार्मिक शोभायात्राओं को सांप्रदायिक रंग देकर अपने जनाधार को मजबूत करने की कोशिश की। राम नवमी के जुलूस, जो पहले धार्मिक उत्सव का प्रतीक थे, अब राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन और उकसावे का माध्यम बन गए हैं। इन शोभायात्राओं में भड़काऊ नारों, हथियारों के प्रदर्शन और समुदाय विशेष को चुनौती देने जैसी घटनाओं ने स्थिति को और विस्फोटक बना दिया।

पुलिस की भूमिका भी इस पूरे घटनाक्रम में कमज़ोर और निष्क्रिय दिखाई दी। राज्य पुलिस न तो समय रहते हिंसा रोक सकी, न ही अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई कर सकी। अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा, और कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती का आदेश दिया। इससे राज्य प्रशासन की अक्षमता और राजनीतिक दबाव के तहत काम करने की विवशता भी उजागर हुई। यह स्थिति कोई अचानक उत्पन्न हुई आपदा नहीं है, बल्कि एक क्रमिक प्रक्रिया का परिणाम है, जिसमें शासन, समाज और राजनीति तीनों की असफलताएँ परिलक्षित होती हैं। पश्चिम बंगाल के कई इलाके, विशेष रूप से मुर्शिदाबाद, आर्थिक दृष्टि से बेहद पिछड़े हैं। यहाँ के लोग बीड़ी बनाने जैसे छोटे-मोटे कार्यों पर आश्रित हैं और पलायन करके अन्य राज्यों में मजदूरी करते हैं। इन परिस्थितियों में जब राजनीतिक दल धार्मिक भावनाओं को भड़काते हैं, तो समाज में आसानी से हिंसा और अराजकता फैल जाती है। यह न केवल सामाजिक ताने-बाने को तोड़ता है, बल्कि राज्य की आर्थिक और प्रशासनिक स्थिरता पर भी चोट करता है।

राज्य सरकार की यह ज़िम्मेदारी बनती है कि वह निष्पक्ष और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करे। केवल विपक्ष पर दोषारोपण करके ममता बनर्जी सरकार अपनी ज़िम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो सकती। यदि बीजेपी राम नवमी के बहाने सांप्रदायिकता का जहर फैला रही है, तो टीएमसी का भी यह कर्तव्य है कि वह केवल मुस्लिम समुदाय की राजनीति करके खुद को धर्मनिरपेक्ष घोषित करने के भ्रम से बाहर आए। दोनों दलों ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपनी-अपनी रणनीतियों को धर्म और भावनाओं के सहारे गढ़ा है, और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। देश में धार्मिक उत्सव अब आनंद का कारण न होकर भय का पर्याय बनते जा रहे हैं। पुलिस की निष्क्रियता, सरकार की असंवेदनशीलता और राजनीति की क्रूरता ने धार्मिक आयोजनों को सत्ता के लिए एक रणभूमि में बदल दिया है। जब-जब कोई विवादित कानून आता है- चाहे वह नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) हो, वक्फ संशोधन हो या किसी अन्य सामाजिक मुद्दे पर आधारित कानून- उसके विरोध को सांप्रदायिक रंग देना अब राजनीतिक दलों की आदत बन चुकी है। इसका समाधान केवल कानून व्यवस्था की बहाली से नहीं होगा, बल्कि यह आवश्यक है कि सरकारें अपने प्रशासनिक ढांचे को मज़बूत करें, धार्मिक आयोजनों को नियंत्रित करें, और सबसे महत्वपूर्ण, जनता के बीच विश्वास बहाल करें। यह तभी संभव है जब राजनीति धर्म से ऊपर उठे और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा पर केंद्रित हो।

वर्तमान में ममता बनर्जी सरकार के लिए यह एक चुनौती भी है और अवसर भी। वह इस स्थिति को एक निर्णायक मोड़ पर लाकर शासन की प्रभावशीलता को पुनः स्थापित कर सकती हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर उठना होगा और कानून का समुचित पालन कराना होगा। धर्म के आधार पर कोई रियायत नहीं दी जानी चाहिए, और जो भी कानून तोड़े, उसे कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए चाहे वह किसी भी पार्टी या समुदाय से संबंधित हो। वहीं बीजेपी को भी यह समझना चाहिए कि सांप्रदायिक उकसावे से तात्कालिक राजनीतिक लाभ तो संभव है, लेकिन दीर्घकालिक परिणाम समाज के लिए विनाशकारी होते हैं। एक सशक्त विपक्ष होने के नाते उसका दायित्व है कि वह संवैधानिक दायरे में रहकर सरकार की जवाबदेही तय करे, न कि धार्मिक आयोजनों को राजनीतिक युद्ध का औज़ार बनाए। देश के विभिन्न हिस्सों से मिलती सांप्रदायिक तनाव की खबरें इस बात का संकेत हैं कि राजनीति का धर्मीकरण अब केवल एक राज्य की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय संकट का रूप ले चुका है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र से लेकर कर्नाटक तक, यह प्रवृत्ति लगातार फैल रही है, और यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो यह भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को खोखला कर सकता है।पश्चिम बंगाल के लिए यह वक्त आत्मचिंतन का है न केवल राजनीतिक दलों के लिए, बल्कि प्रशासन, पुलिस और आम जनता के लिए भी। जब तक जनता सांप्रदायिक एजेंडे को नकार कर विकास और सुशासन को प्राथमिकता नहीं देगी, तब तक राजनीतिक दल इस विभाजन को अपनी शक्ति का साधन बनाते रहेंगे। वक्फ संशोधन और राम नवमी विवादों के बहाने उभरा यह संकट केवल एक सांप्रदायिक झड़प नहीं है, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक समरसता की परीक्षा भी है। ममता सरकार के लिए यह एक आख़िरी चेतावनी है कि वह प्रशासनिक जवाबदेही को मज़बूत करे और 'सांप्रदायिक कढ़ाही' में उबलते राज्य को ठंडा करे। अन्यथा, अगला चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन का कारण बन सकता है। राजनीति को अब आग नहीं बुझानी है, बल्कि आग लगाना बंद करना है।

अध्यात्म

## अहंकार से बचना चाहिए, इसकी वजह से जीवन में बढ़ती हैं परेशानियां



पुरानी प्रचलित कथा के अनुसार एक राजा बहुत ही धार्मिक और संस्कारी था। उसके जन्मदिन पर उसने सोचा कि आज किसी एक व्यक्ति की सारी इच्छाएं पूरी करूंगा। राज्य की प्रजा राजा को शुभकामनाएं देने के लिए राजमहल पहुंची। प्रजा के साथ एक संत भी राजा को बधाई देने के लिए आए थे। राजा संत से मिलकर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने संत से कहा कि गुरुदेव आज मैं आपकी सभी इच्छाएं पूरी करूंगा। आप जो चाहें मुझसे मांग लें। मैं आपकी हर बात पूरी करूंगा।

संत ने कहा कि मैं तो वैरागी हूं, मुझे किसी चीज की जरूरत नहीं है। अगर आप कुछ देना ही चाहते हैं तो अपनी इच्छा से मुझे कुछ भी दे सकते हैं।

अब राजा सोच में पड़ गया कि वह संत को क्या दे, राजा ने कहा कि मैं आपको एक गांव दे देता हूं। संत ने कहा कि नहीं महाराज गांव तो वहां रहनी वाली प्रजा का है। आप तो सिर्फ उस गांव के रक्षक हैं। राजा ने कहा आप ये महल ले लीजिए। संत बोलें कि ये भी आपके राज्य का ही है। यहां बैठकर आप प्रजा के लिए काम करते हैं। ये प्रजा की संपत्ति है।

राजा ने बहुत सोचने के बाद कहा कि आप मुझे अपना सेवक बना लीजिए। मैं खुद को सपर्पित करता हूं। संत ने कहा कि नहीं महाराज आप पर तो आपकी पत्नी और बच्चों का अधिकार है। मैं आपको अपनी सेवा में नहीं रख सकता हूं। ये सुनकर राजा परेशान हो गया, उसने कहा कि गुरुदेव अब आप ही बताएं, मैं क्या दूं? संत ने कहा कि राजन् आप मुझे अपना अहंकार दे दीजिए। अहंकार का त्याग करें, क्योंकि ये ही एक बुराई है जो इंसान आसानी से छोड़ नहीं पाता है। अहंकार की वजह से व्यक्ति के जीवन में कई परेशानियां आती हैं। रावण, कंस और दुर्योधन भी अहंकार की वजह से ही मृत्यु को प्राप्त हुए। ये बातें सुनकर राजा ने संत से अहंकार छोड़ने का संकल्प ले लिया।

# वक्फ विधेयक पारित होने के मायने ...

**अवधेश कुमार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद वक्फ कानून अस्तित्व में आ गया है तथा सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। इस तरह अब देश में पुराना वक्फ कानून समाप्त एवं नया कानून लागू हो चुका है। लोकसभा एवं राज्यसभा दोनों सदनों के संपूर्ण बहस को देखें तो विरोध करने वालों ने तथ्यों के आधार पर ऐसे तर्क नहीं दिए जिनसे वाकई साबित हो सके कि वक्फ कानून में बदलाव का यह कदम संविधान विरोधी, इस्लाम विरोधी एवं मुस्लिम विरोधी है तथा इसका उद्देश्य सरकार द्वारा मुसलमानों की जमीनों पर कब्जा करना है। सरकार के सांसदों द्वारा दिए गए अन्य नेताओं के भाषणों को छोड़ दीजिए तो अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू द्वारा विधेयक प्रस्तुत करते समय तथा गृह मंत्री अमित शाह के ही वक्तव्य में एक -एक तथ्य संसद की रिकॉर्ड पर रखे गए। संसद में गलत तथ्य रखने के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव आ सकता है। साफ है कि दोनों नेताओं ने जो कहा वह सच था। विपक्ष के पास अपने आरोपों को साबित करने के लिए तथ्य थे ही नहीं। विपक्ष के ज्यादातर भाषण राजनीतिक आरोपों के अलावा कुछ नहीं थे। कुछ तो तथ्यों से परे थे। उदाहरण के लिए यह कहना कि वक्फ न्यायाधिकरण के विरुद्ध न्यायालय जाया जा सकता है। कांग्रेस तथा यूपीए सरकार द्वारा बनाए गए कानून में वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले को अंतिम माना गया और सिविल न्यायालय में इसके विरुद्ध अपील नहीं की जा सकती। उच्च न्यायालय में मामला रिट के माध्यम से ले जाया गया। हम जानते हैं कि रिट कितना कठिन होता है। जिस संस्था की संपत्तियों को लेकर 40 हजार से ज्यादा विवाद हों और उनमें लगभग 10 हजार मुसलमानों द्वारा लाए गए हों उसके वर्तमान ढांचे को बनाए रखना किसी लोकतांत्रिक, संवैधानिक और प्रगतिशील व्यवस्था का पर्याय नहीं हो सकता। इसमें सुधार की मांग मुसलमानों की ओर से भी की जा रही थी।

इस्लाम में दीन की सेवा के लिए अपनी संपत्तियों को वक्फ करने की अनुमति है। इसे छीना नहीं जा सकता। हालांकि वक्फ नाम इस्लामी नहीं यह अरबी शब्द है। आप किसी तरीके से संपत्ति इस्लाम के तहत दान कर सकते हैं। वक्फ में सरकार ने स्पष्ट किया कि गैर मुसलमानों का हस्तक्षेप नहीं होगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वक्फ में मुतवल्ली और वाकिफ दोनों मुस्लिम समुदाय के होंगे। तो समस्या कहां है? वक्फ बोर्ड की भूमिका इन संपत्तियों के उनके उद्देश्यों के अनुरूप उचित प्रबंधन ,प्रशासन और नियंत्रण तक सीमित है। जो वक्फ बोर्ड संविधान के तहत बना और संसद ने पारित किया वह इस्लाम मजहब का विषय नहीं हो सकता। संसद में पारित सभी कानून उच्चतम न्यायालय के पुनरीक्षण की परिधि में आते हैं। तो इसकी संवैधानिकता का निर्णय उच्चतम न्यायालय में हो जाएगा। संविधान का सामान्य जानकार भी बता सकता है कि इसमें किसी धारा का उल्लंघन नहीं है।

अल्पसंख्यकों के अधिकारों के साथ अपने पंथ या मजहब का प्रचार करने, उसके लिए संस्थाएं बनाने आदि के मौलिक अधिकारों की हमारे देश में खासकर मुसलमानों के संदर्भ में दुर्भाग्य से गलत अवधारणा बनी और यही मानसिकता मजबूत हो गई है। इसी कारण ऐसे सारे वैधानिक कदमों को सीधे इस्लाम विरोधी या मुसलमानों के मजहबी मामलों में हस्तक्षेप बता कर दुष्प्रचार किया जाता है और इसका आम मुसलमानों पर असर भी दिखाई देता है। हालांकि धीरे-धीरे इस सोच में भी बदलाव आ रहा है। वक्फ विधेयक पर संसद में बहस के दो दिनों तक हमने देखा कि देश भर में इसके समर्थन में भी प्रदर्शन हुए और अनेक प्रतिष्ठित मुस्लिम धार्मिक संस्थाओं तथा जमातों के प्रमुखों ने पक्ष में वक्तव्य दिया। उदाहरण के लिए अजमेर शरीफ के प्रमुख हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने कहा कि यदि वक्फ बोर्ड में सुधार किया जाए जिससे मुस्लिम समुदाय को कौशल, शिक्षा और रोजगार के लाभ मिल सके तो यह बहुत जरूरी बदलाव होगा। इस तरह के अनेक बयान हैं जिनसे विरोधी मुस्लिम नेताओं और राजनीतिक दलों के आरोपों का खंडन हो जाता है।

जो सच है ही नहीं उसे प्रचारित करके देश में वोट बैंक की लंबी राजनीति हुई, इसके कारण मुस्लिम समुदाय के अंदर उदारवादी व्यापक सोच वाले हाशिए में गए तथा कट्टरपंथी शक्तिशाली, प्रभुत्वशाली व्यक्तित्व हावी होते गए। उच्चतम न्यायालय ने 1985 में शाहबानो जैसी एक तलाकशुदा वृद्ध महिला के लिए 138 रुपए मासिक भत्ते की मान्यता दी और ऐसे मुसलमानों द्वारा भ्रम पैदा करने के कारण समुदाय विरोध में उतर गया। वोट बैंक की राजनीति के तहत राजीव गांधी सरकार ने संसद से उसे पलट दिया। उसके बाद से मुस्लिम समाज से जुड़े मुद्दे, भले उनके नाम पर कानून विरोधी कार्य यहां तक कि भ्रष्टाचार और अपराध भी हो रहे हो उनमें सरकारें दखलअंदाजी बचती ही नहीं रही बल्कि इस व्यवस्था को और सशक्त करने के कानून और ढांचे खड़े कर दिए। एक साथ तीन तलाक की इस्लाम में मान्यता नहीं है। बावजूद मजहबी मामला के नाम पर जारी रहा और सरकारों को पता था, फिर भी महिलाओं के साथ अन्याय तथा पुरुषों द्वारा महिलाओं के शोषण की इस इस्लाम विरोधी व्यवस्था को समाप्त नहीं किया गया। नरेंद्र मोदी सरकार ने ही इसे किया।

वक्फ की मजहबी अवधारणा को स्पष्ट करते हुए 1995 में जब कानून में बदलाव हो रहा था तो राज्यसभा में तत्कालीन विपक्ष के नेता सिकंदर वख्त ने कहा था कि वक्फ संपत्तियां गरीब मुसलमानों की सेवाओं,तलाकशुदा महिलाओं और यतीम बच्चों की अमानत है जिसमें खयानत हो रही है। बावजूद विधेयक पारित हुआ और कानून बना। अब मुस्लिम नेता ही प्रश्न उठा रहे हैं कि आखिर वक्फ बोर्ड के रहनुमा संपत्तियों का अंकेक्षण क्यों नहीं कराते? इससे पता चलेगा कि वक्फ संपत्तियां कहां-कहां और कितनी मात्रा में खर्च हो रही है। कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को वक्फ में रजिस्ट्री कर सकता है किंतु सरकारी संपत्ति कैसे वक्फ हो सकती है यह समझ से परे है। सरकार की भूमिका अपने स्तर से गरीबों के कल्याण के लिए काम करना है। दूसरी ओर वक्फ के नाम पर सरकारी, व्यक्तिगत और आदिवासियों की अनुसूचित जमीनों, ऐतिहासिक - पुरातात्विक स्थलों तक पर वक्फ का कब्जा हुआ। सच्चर समिति ने कहा कि इसका प्रबंधन सही तरीके से हो तो 12 हजार करोड़ की सालाना आय हो सकती है जबकि आए केवल 200 करोड रुपए हो रहे हैं। सच्चर आयोग का मूल्यांकन 2005 का था। 2013 के बाद अगर 21 लाख एकड़ जमीन बढ़े हैं तो कल्पना करिए कि 12 हजार करोड़ की संभावित आय का आंकड़ा कितना बढ़ जाएगा। इस समय आय केवल 169 करोड़ है। चूंकि इस्लाम में जकात और वक्फ को मान्यता है इस कारण वक्फ जैसे केंद्रीय कानून की आवश्यकता है।

हालांकि भूमि, धर्मस्थल जिनमें मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, श्मशान घाट, कब्रिस्तान आदि मुद्दे राज्य सरकार के विषय हैं। 1954 में केंद्रीय स्तर पर वक्फ कानून संसद में बना और 1995 तथा 2013 में बदलाव हुए। राज्यों की भूमिका इसमें समाप्त नहीं हुई है। तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल में हिंदू धर्मार्थ कानून है। ये मठों, मंदिरों के प्रशासन संपत्ति और प्रबंधन को नियंत्रित करते हैं। 1955-56 में हिंदू कोड बिल के अनुसार मुसलमान के लिए शादी, तलाक और उत्तराधिकार का कोई कानून नहीं बना। यह प्रगतिशील और न्यायसंगत समाज व्यवस्था के रास्ते की ये बाधायें अब खत्म हो रहीं हैं और धीरे-धीरे मुस्लिम समुदाय के वंचित और हाशिए में पड़े समूह, महिलाओं तथा विवेकशील वर्ग इनका समर्थन कर रहा है।

वक्फ की मजहबी अवधारणा को स्पष्ट करते हुए 1995 में जब कानून में बदलाव हो रहा था तो राज्यसभा में तत्कालीन विपक्ष के नेता सिकंदर वख्त ने कहा था कि वक्फ संपत्तियां गरीब मुसलमानों की सेवाओं,तलाकशुदा महिलाओं और यतीम बच्चों की अमानत है जिसमें खयानत हो रही है। बावजूद विधेयक पारित हुआ और कानून बना। अब मुस्लिम नेता ही प्रश्न उठा रहे हैं कि आखिर वक्फ बोर्ड के रहनुमा संपत्तियों का अंकेक्षण क्यों नहीं कराते? इससे पता चलेगा कि वक्फ संपत्तियां कहां-कहां और कितनी मात्रा में खर्च हो रही है। कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को वक्फ में रजिस्ट्री कर सकता है किंतु सरकारी संपत्ति कैसे वक्फ हो सकती है यह समझ से परे है। सरकार की भूमिका अपने स्तर से गरीबों के कल्याण के लिए काम करना है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
योजनाओं को क्रियान्वित कर पाने में सफल रहेंगे। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। परिवार में सुकून का माहौल रहेगा। आज आप आराम के मूड में रहेंगे।

**वृषभ**
घर के लिये नयी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। सरकारी कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण हो जायेंगे।

**मिथुन**
कार्यभार की अधिकता के कारण चिड़चिड़ापन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहें। योग्यता और दूरदृष्टि के कारण लाभ मिलेगा।

**कर्क**
विदेशी कम्पनियों से नयी जॉब के अवसर मिल सकते हैं। युवा जातक प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। दूसरों के भरोसे काम न छोड़ें।

**सिंह**
नये उत्पाद और सेवाओं में धन खर्च हो सकता है। विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी प्रगति करेंगे। खानपान की शुद्धता का पर्याप्त ध्यान रखें।

**कन्या**
आपकी प्रबन्धन क्षमता की प्रशंसा होगी। मित्रों और हितैषियों से आपको मदद मिल सकती है। सन्तान के कार्यों पर आपको गर्व होगा।

**तुला**
पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े होने की सम्भावना है। बेमन से कार्यों को करने से बचना चाहिये। धन की कमी दूर होगी। आडम्बर और दिखावे से आपको बचना चाहिये।

**वृश्चिक**
बच्चे अपनी शिक्षा को लेकर सजग रहेंगे। थोक व्यापारियों को कारोबार में शानदार लाभ मिलेगा। महिलाओं को आज उपहार मिल सकता है।

**धनु**
जीवनसाथी आपकी काफी देखभाल करेगा। आपको शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं जो आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से लाभकारी सिद्ध होंगे। सभी काम व्यवस्थित रूप से पूर्ण होंगे।

**मकर**
अजनबी लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें। अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप अपनों के लिये समय निकाल लेंगे। सीने में जलन की समस्या हो सकती है। विवाहेतर सम्बन्धों से दूरी बनाकर रखें।

**कुंभ**
व्यापारिक साझेदारों के साथ सम्बन्ध बिगड़ सकते हैं। आज क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिये। अधिक सोच-विचार में समय व्यर्थ न करें।

**मीन**
आपका आत्मविश्वास बेहतरीन रहने वाला है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार परिणाम मिलेंगे। धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों से मुलाकात होगी।

# खेलो इंडिया मशाल गौरव यात्रा रथ पहुंचा समस्तीपुर

●डीएम ने किया स्वागत ● 500 से अधिक बच्चों ने दिखाया उत्साह ● खेल को अपने जीवन में शामिल करने की ली शपथ



**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में पहली बार 4 से 15 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 को लेकर राज्य के 38 जिलों में मशाल गौरव यात्रा शुरू हो गया हैं. गुरुवार को यह यात्रा समस्तीपुर समाहरणालय परिसर पहुंची. जहां इसका स्वागत जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने किया. मशाल गौरव यात्रा का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर नरेंद्र कुमार व जिला खेल पदाधिकारी आकाश ने खेलो इंडिया के वास्तविक मशाल के प्रतिरूप को जिलाधिकारी को हस्तगत कराते हुए समस्तीपुर के युवाओं को प्रेरित करने तथा खेल के क्षेत्र में उन्हें मुख्य धारा में लाने के निमित जन जागरूकता अभियान के सहभागी बनने का संदेश दिया. इससे पूर्व गौरव यात्रा रथ शहर के पटेल मैदान पहुंचा जहां पांच सौ से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं एवं खेल संघ के खिलाड़ियों ने ष्खेल के रंग बिहार के संगष नारे के साथ भव्य स्वागत किया. जहां बच्चों ने अपने जीवन में खेल को शामिल करने का शपथ लिया. अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि खेलो इंडिया मशाल गौरव यात्रा प्रचार रथ नगर परिषद परिक्षेत्र के विभिन्न स्थान पर भ्रमण करते हुए जन जागरूकता का संदेश देगी और शुक्रवार की सुबह दरभंगा रवाना होगी. उन्होंने बताया कि बिहार पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी कर रहा है, जो बिहार के लिए बहुत गर्व की बात है. इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है. इसी संदर्भ में मशाल गौरव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि एलइडी स्क्रीन और जागरूकता के लिए ऑडियो वीडियो प्रचार-प्रसार के संसाधनों से युक्त रथ खेलो इंडिया के वास्तविक मशाल के प्रतिरूप के साथ बिहार के सभी जिलों में जायेंगे. यह यात्रा 15 अप्रैल से दो मई जारी रहेगी और दो मई की शाम तक रथ पटना लौट जायेंगी. चार मई को पाटलिपुत्र खेल परिसर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मशाल को प्रज्वलित कर करेंगे. स्वागत कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जिला खेल कार्यालय सहायक वरुण कुमार सिंह, शिक्षक सुभीत कुमार सिंह, बीआर टीम के रवी कुमार, मुकेश कुमार, विनय कुमार विनय, अंशु कुमार सिन्हा, कुमारी वंदना, विजय कुमार, संजीव कुमार, अंजनी कुमार, निखिल कुमार सिंह, ब्रजेश झा, तरविंदर सिंह एवं रेणु कुमारी सराहनीय भूमिका निभाई.

## बच्चों को दिया गया अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

**बीहट बेगूसराय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएवी पब्लिक स्कूल एन.एच.-28, बरौनी में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के एन.टी.पी.सी. के तत्वावधान में 17 अप्रैल को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा के प्रति छात्रों और शिक्षकों में जागरूकता फैलाना और आपातकालीन स्थितियों में सतर्कता व साहस के साथ कार्य करने के लिए तैयार करना था। इस अवसर सर्वेश्वर भुजवल, प्राचार्य महोदय ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि, ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन न केवल हम सभी में जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है। बल्कि हमारे छात्रों को आपात स्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने के लिए भी तैयार करता है। आपके मार्गदर्शन में ऐसे प्रयास विद्यालय की समग्र शिक्षा प्रणाली को दशार्ते हैं जो केवल कक्षा तक सीमित नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरूवार को वीरपुर पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया है कि मोबारक पुर गांव निवासी मो० आपताह और मैदा बभनगांमा गांव निवासी रविन्द्र चैधरी ये दोनो एन,वाई डब्ल्यू केश ह्यमें महिला उत्पीडन में न्यायालय का अवहेलना करने का वारंटी है। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है।

### शिविर को लोजपा रा जिलाध्यक्ष ने किया संबोधित



**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्य चुनाव आयोग के द्वारा राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों केलिए नई दिल्ली में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के समस्तीपुर जिला अध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह उर्फ हीरा सिंह सम्मिलित हुए। प्रदेश अध्यक्ष माननीय राजू तिवारी के द्वारा प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष श्री सिंह को इस शिविर में बात रखने के मौका दिया गया। इस कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय मंच से जिले की बातों रखने केलिए राजकिशोर हजारी मनोज कुमार सिंह सुशील कुमार झा अरुण कुमार झा सुमित सिंह रीना साहनी संजीव कुमार सिंह किशोर पोद्दार राकेश साहू मुकेश कुमार सिंह कुमार पासवान प्रदीप सिंह राजकुमार पाल रामेश्वर सिंह कुशवाहा इत्यादि ने श्री सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### जिला पोषण समन्वय समिति की बैठक

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कारगिल विजय भवन में जिला पोषण समन्वय समिति सह जिला समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में पोषण पखवाड़ा के सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से शुरू होकर यह पखवाड़ा 22 अप्रैल तक चलेगा। बैठक के दौरान, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने पोषण पखवाड़ा की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।उन्होंने बताया कि इस वर्ष के पोषण पखवाड़े का मुख्य लक्ष्य गंभीर रूप से कुपोषित (सैम) और मध्यम रूप से कुपोषित (मैम) बच्चों की पहचान करना और उचित चिकित्सा प्रबंधन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है।इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पाँच चरणों की कार्ययोजना बनाई गई है। पहला चरण- इस चरण में आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सैम और मैम बच्चों की पहचान करेंगी।दूसरा चरण- पहचान किए गए बच्चों के भूख का आकलन किया जाएगा।तीसरा चरण- बच्चों की चिकित्सकीय जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार प्रबंधन किया जाएगा।चैथा चरण- बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए उचित पोषण प्रबंधन किया जाएगा।पांचवां चरण- आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा सैमध्मैम बच्चों का नियमित फॉलो-अप किया जाएगा ताकि उनके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में विभिन्न विभाग के पदाधिकारी और सभी सीडीपीओ, आईसीडीएस के जिला समन्वयक एवं जिला परियोजना सहायक सहित पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि शामिल थे।

### सफलता का प्रथम द्वार है असफलता : प्राचार्य



**पूसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड के बिरौली स्थित पी.एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, के खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय कटिहार संकुल स्तरीय बास्केटबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. टी.एन. शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि खेल से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने ने कहा कि खिलाड़ी जीवन में कभी निराश नहीं होते। हार और जीत खेल का तो सफलता और असफलता जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हार या विफलता को सकारात्मकता से लेते हुए उससे सीख लेकर नये सिरे से तैयारी में जुट जाना ही जिन्दगी है। डॉ शर्मा ने कहा कि असफलता हमेशा सफलता का प्रथम द्वार होता है इसे आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर खेल प्रभारी पी.के. जायसवाल ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता में सबसे अधिक पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बिरौली समस्तीपुर के 14 प्रतिभागी चयनित हुए हैं। वहीं नवोदय विद्यालय सुपौल के 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। कहा कि इस खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी 21 अप्रैल से आयोजित होने वाले संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में संकुल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### नहीं रहे निर्माता, निदेशक व पत्रकार आरके आनंद



**समस्तीपुर/मोरवा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नहीं रहे अमर केवल फिल्म के निर्माता, निदेशक, अभिनेता सह पत्रकार राजकुमार दास उर्फ आरके आनंद। गुरुवार की अहले सुबह अपने आवास पर तिरपन वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उनके आकस्मिक निधन से संपूर्ण मोरवा एवं सरायरंजन में शोक की लहर दौड़ गई है। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं चार पुत्रियां सहित नाती पोते-पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। विदित हो कि उन्होने प्रो अवधेश कुमार झा द्वारा लिखित स्थानीय महालोकनायक महाबली केवल महाराज और अमर सिंह महाराज पर बनी ऐतिहासिक फिल्म अमर केवल फिल्म में महाबली केवल महाराज का सशक्त अभिनय किया था। विगत 15 वर्षो से राष्ट्रीय सहारा में स्वैच्छिक सहयोग कर रहे थे। उनके निधन से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### 'भीम समग्र सेवा अभियान' की समीक्षा बैठक



**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी तरणी कुमारी ने गुरुवार को "भीम समग्र सेवा अभियान" की समीक्षा बैठक की। इस अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए विकास सुनिश्चित करना है। बैठक में पदाधिकारी ने कई जरूरी निर्देश दिए।चैनपुर, भीखपुर, सिसवा कला और बखरी के विकास मित्रों से स्पष्टीकरण पूछा गया, जो बैठक में अनुपस्थित थे। कंट्रोल रूम प्रभारी दीपक कुमार भी अनुपस्थित थे, उनसे भी स्पष्टीकरण पूछा गया है।सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने पंचायत के टोलों में जाकर शिविर में अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करें और उनका निपटारा करें। साथ ही, प्रतिदिन रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया गया।

## सौर ऊर्जा प्रशिक्षण कार्यक्रम का एसडीएम ने किया उद्घाटन



**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आशा सेवा संस्थान के द्वारा गुरूवार को एक दिवसीय सौर ऊर्जा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन संत कबीर महाविद्यालय, समस्तीपुर के सभागार में किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर जागरूकता कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। निसबड के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अक्षय ऊर्जा स्रोत है, जो कभी खत्म नहीं होगा। यह पर्यावरण के अनुकूल है, क्योंकि इसमें से ग्रीनहाउस गैसें नहीं निकलतीं। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा से बिजली बनाने के लिए सोलर पैनल का इस्तेमाल किया जाता है। सौर ऊर्जा से बिजली बनाने के बाद, बिजली बिल पर काफी बचत होती है। सौर ऊर्जा से बिजली बनाने के लिए शुरूआती निवेश के बाद, खर्च कम हो जाता है। इसलिए हमें सौर ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत कबीर महाविद्यालय के प्रिंसिपल श्री शिवशंकर कुमार ने किया। आयोजक संस्था आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वार नौ दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण लेने के बाद उनको स्वरोजगार से जोड़ा जाता है। मौके पर सुबोध कुमार, अब्दुल खालिद, रामलोचन महतो, लालन कुमार कर्ण आदि शिक्षकगण उपस्थित थे। आगत अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन संत कबीर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ शिवशंकर राय ने किया ।

## गंगा नदी में डूबने से मौत

**बीहट बेगूसराय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिमरिया गंगा घाट जब मुंडन संस्कार में भाग लेने आये दो युवक की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गंगा घाट की है. मृतक की पहचान बेगूसराय के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर निवासी उमेश साह के 17 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र कुमार तथा लाखो चक्की टोला निवासी कारी पासवान के 18 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार उर्फ गौरी के रूप में की गई है।घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक गांव के किसी की मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिएसिमरिया गंगा घाट आया हुआ था।कार्यक्रम के दौरान ही स्नान के क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया।हल्ला मचने पर परिजनों के द्वारा उसे डूबने से बचाने की कोशिश की गई। लेकिन परिजन उसमें सफल नहीं हो पाए और देखते ही देखते कृष्ण कुमार गहरे पानी में डूब गया.परिजनों में हंगामा मच गया और चीख पुकार से हंसी खुशी का माहौल मातम में तब्दील हो गया.मामले की सूचना पर एसडीआरएफ और गोताखोरों के द्वारा काफी मशक्कत के बाद एक युवक गौरव कुमार का शव बरामद किया जा सका।

## श्रम कानून संशोधन कर्मचारियों के लिए अहितकर : कुमार

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हमारे देश में 19 श्रम कानून को हटाकर केंद्रीय सरकार ने चार श्रम कानून लाया। यह श्रम कानून मजदूर एवं कर्मचारी विरोधी है। पूर्व में बनी श्रम कानून में मजदूरों का हक, सामूहिक सौदेबाजी का अधिकार, न्यूनतम मजदूरी,जॉब की गारंटी का अधिकार था। उक्त बाते अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के महासचिव एवं ट्रेड यूनियन इंटरनेशनल पब्लिक सर्विसेज के सहायक महामंत्री श्री कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा। उन्होंने कहा कि 18 मार्च को दिल्ली के प्यारेलाल भवन में देश के प्रमुख 10 राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन एवं स्वतंत्र सेवा संगठन की संयुक्त कन्वेंशन हुआ। कन्वेंशन में नेताओं ने केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट पक्षी, पूंजीपति के हित में एवं देश विरोधी, कर्मचारी विरोधी,मजदूर विरोधी कार्रवाई की पुरजोर आलोचना की गई। अब यह यूएपीए, पीएमएलए भारतीय न्याय संहिता के द्वारा मजदूर कर्मचारियों के संघर्ष को आपराधिक कानून बनाने की मनसा केंद्र सरकार की है। 111 भारतीय न्याय संहिता में मजदूर का कलेक्टिंग बारगेनिंग सांगठनिक अपराध बताया गया है। इसलिए कर नए श्रम कानून को वापस लिया जाए। उक्त कन्वेंशन में 17 सूत्री डिमांड को शामिल किया गया।उपरोक्त समस्याओं को लेकर 20 मई को पुरे देश मे कर्मचारी हडताल पर रहेगें। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के सम्मानित अध्यक्ष सह अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कॉर्पोरेट को लूट की छूट दे रखी है। विभिन्न क्षेत्रों को निजीकरण की ओर धकेला जा रहा है। युवा वर्ग काम की तलाश में भटक रहे हैं। लेकिन सरकार को किसी प्रकार की चिंता नहीं है। कर्मचारी को एकजुट करने के लिए हर राज्य, प्रमंडल, जिला, प्रखंड सहित सभी कार्यालयों में कन्वेंशन,मीटिंग,सभा के द्वारा कर्मियों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि संघर्ष के बदौलत हम अपने हकों को प्राप्त कर सकते हैं। इसके तहत बिहार के पटना में कई प्रमंडल, बेगूसराय में चार प्रमंडल एवं समस्तीपुर में कई प्रमंडल का कन्वेंशन के माध्यम से कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री मोहन मुरारी ने कहा कि उपरोक्त समस्याओं को लेकर पूरे जिले में हर अनुमंडल हर प्रखंड हर कार्यालय में एक-एक कर्मचारी से मिलकर उक्त आंदोलन को सफल बनाया जाएगा।इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव ए श्री कुमार,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय, महासंघ के जिला मंत्री मोहन मुरारी के अतिरिक्त शंकर मोची, सुनील कुमार, रामानंद सागर लव कुमार सिंह, अनिल गुप्ता, अनुराग कुमार मनीष कुमार उपस्थित थे।

**19 श्रम कानूनों को हटाकर केंद्रीय सरकार ने चार श्रम कानून लाया**

## भूमिहीनों को आवास व जमीन के लिए मिलेगा एक लाख : संजय सरावगी

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूरे बिहार में एक लाख चैबीस हजार भूमिहीन को चिन्हित किया गया है। ऐसे सभी भूमिहीन लोगों को आवास हेतु जमीन नहीं होने की स्थिति में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जमीन हेतु एक लाख रुपए दिया जायेगा। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री माननीय संजय सरावगी ने गुरूवार को प्रेस को संबोधित करते हुए उक्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेरा राजस्व और भूमि सुधार विभाग आमलोगों से जुड़ा हुआ है। बिहार सरकार के द्वारा विषेश भुमि सर्वेक्षण चल रहा है जिसमें आर्नलाइन जानकारी स्वघोषित वंशावली, अन्य उपलब्ध कागजात लिया जा रहा है। 31मार्च तक आर्नलाइन या आफलाइन जमा करना था मगर पोर्टल अभी भी चल रहा है। अभी भी लोग जरूरी एवं उपलब्ध कागजान जमा कर सकते हैं। श्री सरावगी ने कहा कि दाखिल खारिज या अन्य कार्यो करने के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी कार्य का निष्पादन आनलाइन कर रहे हैं। इसके लिए सामान्य मामले को 35 दिन और असमान्य मामले का निपटारा 75 दिन में करने का दिशा निर्देश दिया गया है। वहीं अंचल से लेकर जिला के न्यायालय में सभी मामले का निष्पादन आनलाइन सरकार के जीरो टॉलरेंस के निती के तहत हो रहा है। प्रत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जबाब देते हुए श्री सरावगी ने वक्फ संशोधन विधेयक पर सरकार का पक्ष लेते हुए कहा कि महिला, गरीब कमजोर वर्गो के मुसलमानों के हक पर माफिया कुंडी मारकर बैठा था इस विधेयक से खोया हुआ उन्हें हक मिलेगा। मौके पर भाजपा समस्तीपुर उत्तरी नीलम सहनी, दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा, एमएलसी डॉ तरूण कुमार, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र पासवान, भाजपा नेता राष्ट्रीय परिषद सदस्य राम सुमिरन सिंह, सुनील कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, प्रदीप शाह शिवे, वीरेंद्र यादव, सहित कई लोग शामिल रहे।

**मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जमीन हेतु एक लाख रुपए दिया जायेगा**

## आयुक्त ने की राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक



**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरूवार को राजस्व संबंधी विषयों पर समीक्षा बैठक मुंगेर प्रमंडल आयुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की गयी। तदोपरांत राजस्व समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्री तुषार सिंगला द्वारा की गई।इस बैठक में सभी भूमि सुधार उपसमाहत्रा एवं सभी अंचलाधिकारी मौजूद थे।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निदेश दिया गया कि अभियान बसेरा-2 में सर्वेक्षित किये गये सुयोग्य श्रेणी के परिवारों को 30.अप्रैल तक पर्चा निर्गत करने की कार्रवाई पूर्ण कर लिया जाय। साथ ही डा अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान तहत सभी महादिलत टोलों में अभियान बसेरा-2 में सर्वेक्षित सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को चिन्हित कर पर्चा निर्गत करने की कार्रवाई ससमय सुनिश्चित कर लिया जाय।जिला पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निदेश दिया गया कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन, एलपीसी, मापी एवं आधार सीडिंग में लंबित मामलों को यथाशीघ्र गुणवत्ता पूर्ण निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। भू-लगान प्रतिवेदन के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वितीय वर्ष-2024-25 में लक्ष्य से कम वसूली सभी अंचल अधिकारियों के द्वारा किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि अंचलवार सभी हल्कों में कैम्प लगाकर भू-लगान, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, एलपीसी, मापी एवं आधार सीडिंग आदि मामलों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

## भीम मार्च निकलेगी भीम सेना

**बखरी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर बखरी के अंबेडकर चौक पर बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब का अपमान करने के विरोध में हजारों की संख्या में अंबेडकरवादी 21 अप्रैल को जय भीम मार्च निकालेंगे। इसका फैसला मंगलवार को बाबा साहब अबेडकर से जुड़े दर्जनों संगठनों की संयुक्त बैठक में लिया गया। कैलाश सदा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित तमाम लोगों ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के जयंती के दिन बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा आंबेडकर की मूर्ति के ऊपर धर्म विशेष के प्रतिक वाला झंडा फहराने का जमकर विरोध किया गया तथा इसमें स्थानीय पुलिस-प्रशासन की भूमिका की निंदा की गई। इस मौके पर अंबेडकर की विचारधारा को मानने वाले संगठनों व कार्यकताओं की अनुमंडल स्तरीय ज्वाइंट एक्शन कमेटी का भी गठन किया गया है। कमेटी आंबेडकर का अपमान करने वाले सांप्रदायिक ताकतों तथा अनुमंडल पुलिस प्रशासन के खिलाफ बखरी अनुमंडल क्षेत्र में आंदोलन की रूपरेखा तय करेगी तथा उसका संचालन करेगी।बैठक को संबोधित करते हुए बखरी के विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि बाबा साहब के अपमान के खिलाफ हम एक दिन भी चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर को मानने वाले तमाम लोगों से एकजुट होने तथा 21 अप्रैल को सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ जय भीम मार्च में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि बखरी में सांप्रदायिक शक्तियों को पनपने नहीं दिया जाएगा तथा तमाम लोकतांत्रिक तरीके से खुला मोर्चा लिया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई के अंचल मंत्री शिव सहनी ने कहा कि आजादी से पहले अंग्रेजों की दलाली करने वाले लोगों की औलादें ही आज बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने की जुर्रत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान हम कभी नहीं सहेंगे तथा सांप्रदायिक ताकतों और प्रशासन को मुंहतोड़ जबाब दिया जाएगा।बखरी के प्रखंड प्रमुख शिवचंद्र पासवान ने कहा कि बाबा साहब के अपमान के खिलाफ गांव-गांव से लोग सड़कों पर उतरेंगे।सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट विकास वर्मा ने आश्चर्य व्यक्त किया कि बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के दिन उनकी मूर्ति के ऊपर धर्म विशेष की प्रतिक वाले झंडे को फहराने की इजाजत प्रशासन द्वारा कैसे दी जा सकती है।उन्होंने आंबेडकर की विचारधारा, संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी लोगों से एकजुट होकर इस घटना का विरोध करने की अपील की ताकि प्रशासन भविष्य में बाबा साहब की मूर्ति के ऊपर किसी धर्म विशेष का झंडा-बैनर नहीं लगने दे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के अपमान के खिलाफ उन सभी लोगों को एकजुट होकर 19 अप्रैल को बखरी में जय भीम मार्च में शामिल होना चाहिए जिनका देश के संविधान और लोकतंत्र में विश्वास है।

**19 की जगह अब 21 को आयोजित होगा कार्यक्रम**

## आम सहित फलदार पेड़ों को गुजिया कीट से बचायें डॉ आरके तिवारी ने बचाव के बताये उपाय

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम के फल परिपक्वता की तरफ तेजी से अग्रसर हो रहें हैं। लेकिन साथ ही बाग में कुछ कीटों को प्रकोप भी बागों में देखा जा रहा है। उनमें से एक गुजिया कीट (मिली बग) जो आम के पैदावार को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख कीट है। जिसका प्रकोप बहुतायत रुप से देखा जा रहा है। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा समस्तीपुर के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र बिरौली के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ आरके तिवारी ने गुरूवार को आम की पैदावार बढाने केलिए तकीनकी सुझाव जारी करते हुए बताया कि इस कीट के निम्फ (बच्चे) अण्डों से निकलने के तुरंत बाद पेड़ के तने पर चढ़ना प्रारम्भ कर देते है। ये झुण्ड में कोमल शाखाओं, बौर तथा फलों के डंठलों पर देखे जा सकते हैं। डॉ तिवारी ने बताया कि गुजिया के अनगिनत निम्फ और वयस्क इन भागों का रस चूस लेते हैं। अत्याधिक रस चूसे जाने के कारण प्रभावित भाग मुरझा कर अंत में सूख जाता है। निम्फ तथा वयस्क एक चिपचिपा द्रव्य भी निकालते है। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र बिरौली के उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ धीरू कुमार तिवारी ने किसानों को सावधानी बरतने हेतु जानकारी दिया कि गुजिया के मादा कीट, अप्रैल-मई में पेड़ों से नीचे उतर कर भूमि की दरारों में प्रवेश कर सफेद थैलियों में करीब 400-500 तक अंडे देती है। अंडे भूमि में नवम्बर-दिसम्बर तक सुसुप्तावस्था में रहते है। छोटे-छोटे सफेद गुलाबी रंग के बच्चे भूमि में अण्डों से निकल कर दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में आम के पौधों पर चढ़ना प्रारम्भ कर देते हैं। अच्छी धूप निकलने के समय ये



अधिक क्रियाशील होते हैं। बच्चे और वयस्क मादा कीट जनवरी से मई तक बौर, फलों के डंठलों एवं नर्म पत्तों से खूब रस चूस कर उनको सूखा देते हैं। यदि समय पर इसका नियंत्रण नहीं किया जाता है तो पूरी फसल प्रभावित हो सकती है। इस कीट से बचाव का सुझाव देते हुए डॉ तिवारी ने बताया कि गुजिया पेड़ पर चढ़ गई हो तो ऐसी अवस्था में क्लोरोपाइरीफास 20 ई.सी. (2 मिली. प्रति ली. पानी में) अथवा डायमेथोएट 30 ई.सी. (2 मिली. प्रति ली. पानी) का छिड़काव स्टीकर के साथ निम्फ की प्रारम्भिक अवस्था में करना चाहिए। कीटनाशकों का छिड़काव सुबह अथवा शाम को करना ज्यादा प्रभावशाली होता है।कीटनाशक के प्रति सहिष्णुता की स्थिति में कीटनाशक को बदलकर प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाग की जुताई करके अक्टूबर-नवम्बर माह में खरपतवार एवं अन्य घासों को बागों से निकाल देने से सुसुप्तावस्था में रहने वाले अंडे धूप गर्मी द्वारा नष्ट हो जाते हैं। इसके बाद दिसम्बर माह के तीसरे सप्ताह में वृक्ष के तने के आस-पास क्लोरपाइरीफॉस चूर्ण (1.5ः) 250 ग्राम प्रति वृक्ष मिट्टी में डालने से अण्डों से निकलने वाले निम्फ मर जाते हैं। यदि अल्काथीनध्पॉलीथीन (400 गेज) की 30 सेमी. पट्टी पेड़ के तने के चारों ओर भूमि की सतह से 50 सेमी. ऊँचाई पर दिसम्बर के चैथे सप्ताह में गुजिया के निकलने से पहले लपेट दिया जाता है तो निम्फ का वृक्षों पर ऊपर चढ़ना रुक जाता है। पट्टी के प्रयोग से पहले तने पर मिट्टी के लेप को प्रयोग में लाया जाता है। इसके बाद इसके ऊपर अल्काथीन की पट्टी बाँधी जाती है। पट्टी के दोनों सिरे सुतली से बाँधने चाहिए। इसके बाद थोड़ी ग्रीस पट्टी के निचले धेरे पर लगाने से गुजिया को पट्टी पर नीचे से चढ़ने को रोका जा सकता है। पट्टी के नीचे वाले खुले तने पर तथा तने के आस-पास क्लोरोपाइरीफॉस को कपड़े की पोटली की सहायता से डालना चाहिए। यह पट्टी बाग में स्थित सभी आम के पेड़ों तथा अन्य वृक्षों पर भी बाँध देनी चाहिए। पॉलीथीन की चादर पर इसके बच्चे, फिसल कर नीचे गिर जाते हैं।

## भीम समग्र विकास अभियान शिविर आयोजित

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भीम समग्र विकास अभियान के तहत शनिवार को पांच पंचायतों में शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में अनुसूचित जाति, जनजाति के कल्याण हेतु विभिन्न विभागों के 22 योजनाओं के लाभ से पात्र लाभुको को आच्छादित किया जाना है।

बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने बताया कि शनिवार को होने वाले शिविर हेतु प्रशासनिक तैयारी कर ली है। इसके लिए माइक्रोप्लान तैयार कर संबंधित कर्मियों को इसकी सूचना हस्तगत करा दी गई है। महेशवाड़ा पंचायत के मुशहरी टोला आंगनबाड़ी केन्द्र पावर हाउस नौलखा में आयोजन स्थल चिह्नित किया गया है। इसके लिए राजस्व कर्मचारी संजीव कुमार, पंचायत सचिव राम विनय सिंह, प्रधानमंत्री आवास सहायक अमन कुमार,पंचायत रोजगार सेवक अजय कुमार सरोज, कार्यपालक सहायक मो शमीद सहित पोषक क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता, टोला सेवक, विकास मित्र की तैनाती की गई है। शिविर के सुचारु रूप से संचालन हेतु बीटीएम कृषि विवेकानंद सिंह को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। वही पहसारा पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 03 के रविदास टोला में अवस्थित सामुदायिक दरवाजा पर शिविर का आयोजन होना है। इसके लिए राजस्व कर्मचारी अशोक कुमार पाल, आवास सहायक सौरभ कुमार, रोजगार सेवक विनोद कुमार, कार्यपालक सहायक मो सद्दाम तथा नोडल पदाधिकारी पीओ मनरेगा पंकज कुमार को बनाया गया है। पहसारा पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 03 सामुदायिक भवन मजनूपुर में आयोजित शिविर में आवास सहायक आलोक कुमार, कार्यपालक सहायक कृष्ण कुमार ठाकुर, कृषि सलाहकार संजय कुमार, आंगनबाड़ी सेविका, आशा तथा नोडल पदाधिकारी राजस्व अधिकारी अखिलेश्वर राम की तैनाती की गई है।

मुख्यालय पंचायत नावकोठी के सामुदायिक भवन वार्ड संख्या 01 में आयोजित शिविर में पंचायत सचिव सुनील कुमार सिंह, आवास सहायक प्रवीण कुमार, कृषि सहायक श्रवण कुमार,कार्यपालक सहायक रवि शंकर तथा नोडल पदाधिकारी बीसीओ अनिल कुमार चैधरी की तैनाती की गई है। समसा पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 77पर आयोजित शिविर में राजस्व कर्मचारी अवधेश कुमार, रोजगार सेवक बबलू कुमार, कृषि सलाहकार सुनील कुमार, आवास सहायक अमन कुमार, कार्यपालक सहायक नीलेश चंद्र सहित नोडल पदाधिकारी सीडीपीओ मोनिका रानी की तैनाती की गई है । बिजली, आपूर्ति, आवास, मनरेगा जॉब कार्ड, सतत जीविकोपार्जन, नलजल, नली गली योजना, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड आदि योजनाओं के लाभ से आच्छादित किया जाएगा। इसके आधारभूत संसाधन से लैस करने की कवायद जारी है।

# सभी कृषकों को ससमय शत प्रतिशत करें भुगतान: डॉ प्रेम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



सहकारिता मंत्री ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन

**मोतिहारी।** सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने आज पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सहकारिता के विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन मंत्री कृष्णनंदन पासवान, गन्ना मंत्री, बिहार सरकार, राणा रणधीर सिंह, पूर्व सहकारिता मंत्री की उपस्थिति में किया गया एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की गयी। धान अधिप्राप्ति वर्ष 2024-25:- जिले में निर्धारित लक्ष्य 155407 एमटी के विरुद्ध 151656.93 एमटी (97.59 प्रतिशत) धान की अधिप्राप्ति कुल 15022 कृषकों से की गयी है। साथ ही सभी कृषकों को ससमय शत प्रतिशत भुगतान किया गया है। इस वर्ष जिले में गत वर्षों की तुलना में सबसे अधिक धान की अधिप्राप्ति की गयी है। दिनांक 17 अप्रैल 2025 तक धान के समतुल्य सीएमआर के विरुद्ध 65.81 प्रतिशत राज्य खाद्य निगम, मोतिहारी को आपूर्ति की जा चुकी है।गेहूँ अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26: जिले को आवंटित लक्ष्य 8126 एमटी के विरुद्ध 78.90 एमटी गेहूं अधिप्राप्ति किसानो से की गयी है। सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना तिरहुत सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ लि0, मोतिहारी के हरसिद्धि, फ़ेनहारा, मधुबन, तेतरिया, कल्याणपुर, आदापुर, रामगढ़वा, चकिया, बनकटवा एवं घोड़ासहन प्रखंडों में आधारभूत संरचना का शिलान्यास किया गया। पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कुल 27 समितियां निबंधित है जिसमें किसान सदस्यों की संख्या-5153 है। आने वाले कुछ समय में इस जिले के सभी प्रखंड में स्पलाई चेन का स्टोर बन जायेगा। वर्तमान में अरेराज एवं संग्रामपुर में स्टोर बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। गोदाम निर्माण योजना: जिले में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना/कृषि रोड मैप / समेकित सहकारी विकास परियोजना अन्तर्गत कुल 348 गोदाम का निर्माण हुआ है जिससे पैक्सों एवं व्यापार मंडल में कुल 95 हजार एमटी अन्न भंडारण सुविधा उपलब्ध हुई है। मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना: जिले में मुख्यमंत्री हरित कृषि योजनान्तर्गत स्वीकृत 154 पैक्सों में कृषि संयंत्र बैंक (प्रति पैक्स 15 लाख रू0) मूल्य की स्थापना की जा चुकी है। बिहार राज्य फसल सहायता योजना: रबी 2022-23 में किसानों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है। जिसमें बिहार में सर्वाधिक पूर्वी चम्पारण जिले में 131656 किसानों में से 24789 किसान लाभान्वित हुये जिन्हें होली के अवसर पर डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में कुल 32 करोड 82 लाख 2 हजार 4 सौ 62 रूपया किसानों को फसल क्षति के रूप में दिया गया। खरीफ 2023 में 88608 किसानों में से 86415 किसानों का सत्यापन किया जा चुका है।

# राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के चौथे दिन मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस पर आयोजित हो रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह पर चौथे दिन गुरुवार प्रातः 08 बजे फिट इंडिया मूवमेंट्स के तहत अग्निशामालय, जहानाबाद में अग्निशमन कर्मियों द्वारा सेवा संबंधित अभ्यास (सर्विस ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी, प्रशिक्षु जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रेया शर्मा, ज्योति, तथा अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। इसके उपरांत, पूर्वाह्न 11:00 बजे भी- 2 मॉल, जहानाबाद एवं लजीज फैमिली रेस्टोरेंट, जहानाबाद में मॉक ड्रिल का आयोजन कर आम लोगों को बिजली से उत्पन्न होने वाली आग से बचाव, मानक अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग, तथा सुरक्षित विद्युत वायरिंग के विषय में जागरूक किया गया। इस दौरान सिलेंडर में आग लगाकर उसे बुझाने की लाइव डेमो भी दी गई। इससे पूर्व,14 अप्रैल 2025 को अग्निशमन सेवा सप्ताह के पहले दिन शहीद जवानों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया तथा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर फायर ऑडिट किया गया।15 अप्रैल 2025 को दूसरे दिन अग्निशमन पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।16 अप्रैल 2025 को तीसरे दिन अग्निशमन कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर फिट इंडिया मूवमेंट्स के तहत 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया।अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत आगामी 20 अप्रैल 2025 तक विभिन्न जन-जागरूकता एवं अभ्यासात्मक गतिविधियाँ संचालित की जाती रहेंगी।

# जिलाधिकारी ने की पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक की गई जिसमें जिला अंतर्गत सभी प्रकार के पशुओं के कल्याण एवं पशुओं के विरुद्ध क्रूरता रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाने पर विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित जिला पशुपालन पदाधिकारी से यह जानना चाहा कि पूर्वी चंपारण जिले में कहां-कहां पशु मेला लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि जहां भी पशु मेला लगाया जा रहा है उसका पंजीकरण कराना अनिवार्य है। जिला पशुपालन पदाधिकारी को इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पशु क्रूरता निवारण से संबंधित जो भी आदेश निर्गत होना है उसे तैयार कर एवं आदेश निर्गत कराकर उसे लागू कराएं। जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि परिवहन के दौरान पशुओं के लिए खुले ट्रक का उपयोग नहीं किया जाना है इसके लिए विशेष रूप से रूपांतरित वाहनों का प्रयोग किया जाना है जिसमें पर्याप्त वायु संचार, पेंडिंग, लदान एवं उतराई की व्यवस्था हो। बड़े पशुओं के परिवहन हेतु न्यूनतम दो वर्ग मीटर क्षेत्र का होना जरूरी है। इसके अनुसार एक ट्रक में अधिकतम चार भैंस या गाय का परिवहन किया जा सकता है। एक ट्रक पर 40 बकरी बकरा भेड़ आदि के परिवहन का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि दुधारु पशुओं एवं छोटे छोटे बाछा बाछी का परिवहन राज्य के बाहर वर्जित है। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्र में पशुओं का वध मान्यता प्राप्त बधशाला के अंदर ही किए जाने की व्यवस्था का प्रावधान है। खुले में पशुओं की क्रूरता पूर्वक वध नहीं किया जाना है। इसके लिए जिला अंतर्गत सभी नगर परिषद नगर पंचायत में बधशाला के निर्माण कराए जाने की बात कही गई। बैठक में बताया गया कि अत्यधिक दूध उत्पादन के लिए प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन के उपयोग का दुष्प्रभाव मानव पर अत्यधिक हानिकारक है।

# मोबाइल छिनतई का प्रयास करते तीन नाबालिग किशोर पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में मोबाइल छिनतई की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला नगर थाना क्षेत्र के एसएस कॉलेज के पास का है, जहां संतोष कुमार नामक छात्र जब कोचिंग से लौट रहा था तो उसी दौरान तीन नाबालिग किशोरों ने बुलेट बाइक पर सवार होकर आए और संतोष का मोबाइल छीनने का प्रयास करने लगे। छिनतई की घटना के दौरान पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तीनों नाबालिग लड़कों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों को नगर थाना ले जाकर पर्यवेक्षण गृह (जुवेनाइल होम) भेज दिया है। पीड़ित संतोष कुमार द्वारा इस घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए तीनों नाबालिग लड़के स्थानीय प्रोफ़ेसर कॉलोनी के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, जहानाबाद में पिछले कुछ समय से मोबाइल चोरी एवं सरेआम छिनतई की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिनमें अक्सर आरोपी फरार हो जाते हैं और पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पाती। इन्हीं कुछ कारणों से चोर और झपटमारों का मनोबल इन दिनों काफी बढ़ गया है। हालांकि गुरुवार को मोबाईल छिनतई की घटना में स्थानीय लोगों की सजगता से तीनों आरोपियों को पकड़ा जा सका। इस तरह की घटना ने एक बार फिर से शहर के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर अब नाबालिग भी चोरी और अपराध की राह पकड़ रहे हैं यह और भी बड़ी चिंता की बात है। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में ये नाबालिग गंभीर आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

# दिव्यांगों के अधिकारों को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद एसोसिएशन ऑफ़ पर्सन्स विथ डिसेबिलिटीज़ की ओर से जहानाबाद के बुनियाद केंद्र में एक दिवसीय जिला कार्यकारिणी गठन एवं दिव्यांग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए दिव्यांगजनों ने इस बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर दिव्यांग समुदाय को उनके संवैधानिक और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव सुगंध नारायण प्रसाद ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मीडिया प्रभारी सह पटना जिला अध्यक्ष संजीव कुमार यादव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अगस्त कुमार, प्रदेश प्रोग्राम मैनेजर यशु पाल और प्रदेश महिला प्रकोष्ठ प्रभारी अंजू कुमारी मौजूद रहीं। इस अवसर पर जहानाबाद जिला कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी में नवीन कुमार चंद्रवंशी को अध्यक्ष, श्रीकांत यादव को उपाध्यक्ष, विजय कुमार को सचिव राजेश कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में अनीता यादव, दिव्यांग खेलकूद प्रभारी का जिम्मा नागमणि कुमार को दिया गया है। इस दौरान रोज़गार नियोजन, कानूनी सलाहकार, चिकित्सा आदि के प्रभारी भी नियुक्त किए गए। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव कुमार यादव ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा 'कवि जी' और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद के निर्देशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें मुख्यधारा में लाने की दिशा में ठोस प्रयास हो सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विकलांगता से जुड़े कानून, सरकारी योजनाएं, रोजगार के अवसर, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों की जानकारी देने के साथ-साथ संगठन से जुड़कर सामूहिक आवाज़ उठाने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# गम्हरिया खुर्द में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन, देशी चिकित्सा पद्धति से होगा इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** आदापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत संचालित गम्हरिया खुर्द हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अब 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)' के रूप में विकसित किया जा रहा है। आयुष मंत्रालय की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। गुरुवार को देशी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जे. पी. सिंह ने सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां आयुर्वेद चिकित्सक की तैनाती की गई है और शीघ्र ही आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में फर्नीचर की व्यवस्था, भवन की रंगाई-पुताई और आवश्यक भौतिक संसाधनों को सुदृढ़ किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र पर नियमित रूप से आयुर्वेदिक चिकित्सा उपलब्ध होगी। मरीजों के नियमित जांच के साथ जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राम जानकी मठ मंदिर परिसर में संचालित इस केंद्र के लिए यदि और भूमि उपलब्ध होती है, तो एक 'आयुर्वेद पार्क' भी विकसित किया जाएगा। केंद्र में औषधीय पौधों को गमलों में लगाया जा रहा है और उनके औषधीय गुणों की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि यदि हम अपनी जीवनशैली में सुधार करें तो कई बीमारियों पर बिना दवाओं के नियंत्रण संभव है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिवक्ता सुरेश प्रसाद ने बताया कि यह केंद्र आदापुर की विभूति पंडित काशी तिवारी की प्रेरणा और महंत बाबा रामचंद्र दास महाराज द्वारा दान की गई जमीन पर बना है। पूर्व में यह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर था, जो अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर में परिवर्तित होकर ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सौगात बन रहा है। केंद्र पर तैनात चिकित्सक डॉ. दयाशंकर सिंह ने वहां चल रहे इलाज की जानकारी दी और कहा कि आने वाले समय में यह केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सा का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए बन रहा फार्मर आईडी, एग्रीस्टेक परियोजना के तहत शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** बिजबनी दक्षिणी पंचायत के बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को कृषि विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए फार्मर आईडी तैयार किया गया। यह कार्य एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य में किसान रजिस्ट्री को सुदृढ़ और डिजिटल रूप देना है। इस परियोजना के अंतर्गत बिहार भूमि के डाटाबेस को समेकित कर, प्रत्येक राजस्व गांव के एक जैसे नाम और पिता के नाम वाले किसानों की ऑनलाइन बकेट तैयार की गई है, जिसे राज्य स्तर पर ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर किसानों की डिजिटल पहचान तैयार की जा रही है। योजना के पहले चरण में राज्य के प्रत्येक अंचल से दो-दो राजस्व गांवों का चयन किया गया है, जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सर्वाधिक लाभार्थी हैं। इन गांवों के किसानों को एक विशिष्ट डिजिटल फार्मर आईडी प्रदान किया जाएगा, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी ढंग से मिल सके। शिविर में कृषि समन्वयक रणवीर कुमार सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रिंस राज, किसान सलाहकार सुनील कुमार, विजय कुमार और सरोज कुमार सहित दर्जनों किसानों ने भाग लिया। कृषि विभाग की यह पहल किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# थ्रेसर की चपेट में आने से युवक का पैर टूटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** जितना थाना क्षेत्र के झझरा गांव निवासी 45 वर्षीय तेजा राय के थ्रेसर की चपेट में आ गया जिससे उसका एक पैर टूट गया। पहले से ही एक पैर से वह विकलांग राय हाड़ामा से गेहूं का दौनी कर रहा था। उसी समय आंधी आ गयी और गेंहू रखने के लिए लिए पल्ली पर खड़े थे। पल्ली उड़ी और पल्ली के साथ वह थ्रेसर के फाइन बेल्ट के चपेट में आ गया जिससे उसका एक पैर टूट गया वही हल्की खरोच हाथ मे और माथे में भी हल्की चोट की खबर ग्रामीण रूपेश और अजित ने बताया।

# खलिहान में लगी आग से झुलसकर बच्ची की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के मकरपुर गांव में शॉर्ट सर्किट के कारण एक खलिहान में आग लग गई जिसमें दो वर्षीया बच्ची की आग में झुलसकर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि खलिहान में नेवारी एवं गेहूं का बोझा रखा हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। वही ग्रामीणों के सहयोग से जब लोगों ने आग पर काबू पाया तो देखा की विद्यानंद कुमार की पुत्री प्रीती कुमारी आग में बुरी तरह से झुलसी हुई है। जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर मखदुमपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पर दलबल के साथ पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है।

# जमीनी विवाद में धारदार हथियार से हमले में पिता-पुत्र घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के कड़ौना थाना क्षेत्र के सेवन गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी द्वारा एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इस हमले में एक ही परिवार के दो लोग घायल हो गए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि राजू कुमार घर में काम कर रहे थे, तभी उसके चचेरे भाई ने अचानक चाकू से उसपर जोरदार हमला कर दिया। हमले में राजू कुमार (43 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं उनका पुत्र सुमित कुमार भी चोटिल हो गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल जहानाबाद लाया गया, जहां राजू कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है। डॉक्टरों के अनुसार राजू कुमार के शरीर पर गहरे जख्म हैं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सर्वे कार्य के चलते जमीन विवादों में इधर पिछले कुछ महीनों से लड़ाई झगड़े में तेजी आई ह। इस कारण आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। गुरुवार को हुए आपसी विवाद की घटना भी इसी की परिणति बताई जाती है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास भी जारी है।

# पिछड़े वर्गों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध : राधामोहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी में अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत किसान संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए अब देश का अनुसूचित जाति समाज देश की प्रगति में अपनी अहम भूमिका के साथ सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने सामाजिक सशक्तिकरण के तहत रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति पद पर आसीन कर देश का गौरव बढाया। मोदी सरकार में आजादी के बाद पहली बार 12 केंद्रीय मंत्री एससी समुदाय से बनाये गए। अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम को संविधान में संशोधन करके और अधिक सशक्त बनाया गयाद्य उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा निरंतर उपेक्षा के पश्चात बाबासाहेब को 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया साथ ही बाबासाहेब से जुड़े पांच पवित्र स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया। धारा 370 हटा कर डॉ. अम्बेडकर का सपना पूरा किया गया जिसके पश्चात जम्मु और कश्मीर में भी अनुसचित जाति वर्ग को आरक्षण का अधिकार मिला और बाबासाहेब की जयंती 14 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया। अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डा रखा गया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प के तहत श्रेयस योजना द्वारा उच्च शिक्षा के लिए 21,000 से अधिक एससी छात्र लाभान्वित हुए। श्रेष्ठा योजना के तहत 3 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित हुए और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में 4 करोड़ लाभार्थी पर लगभग 59,000 करोड़ खर्च हुए। 2014 के बाद से 2 करोड़ से अधिक छात्र प्री-मैट्रिक योजना से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी सहित कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## एक नजर

### बीरगंज में अब सामान्य हो रहा जनजीवन अफवाहों पर प्रशासन सख्त

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के बीरगंज में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाले गए जुलूस पर शरारती तत्वों द्वारा किए गए पथराव के बाद उपजे तनावपूर्ण हालात अब धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। घटना के पश्चात भड़के उपद्रव और प्रशासन द्वारा लगाए गए कर्फ्यू से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन अब एक बार फिर से पटरी पर लौटने लगा है। बीरगंज की गलियों में जहां बीते दिनों सन्नाटा पसरा था, वहीं अब बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानों के शटर उठने लगे हैं, लोग आवश्यक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकलने लगे हैं और आमजन में पहले जैसी सहजता देखने को मिल रही है। इस बीच प्रशासन ने सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे फर्जी व भ्रामक समाचारों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। फ़ेक न्यूज फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह में न आएं और सौहार्द बिगाड़ने वाली किसी भी सूचना को साझा करने से बचें। बुधवार को जिलाधिकारी गणेश आर्याल और स्थानीय नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक में पांच सूत्रीय सर्वपक्षीय फैसलों के क्रियान्वयन पर सहमति बनी। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि हिंसा भड़काने में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें सख्त सजा दी जाएगी। प्रशासन और आमजन के संयुक्त प्रयासों से शांति बहाली की दिशा में ठोस प्रगति हो रही है और क्षेत्र में सौहार्द का वातावरण फिर से स्थापित हो रहा है।

### कट्टा व कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी के दौरान एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस एवं दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।गिरफ्तार युवकों की पहचान कलवारी मंझरिया निवासी नवल यादव के पुत्र सोनू कुमार तथा जंग बहादुर यादव के पुत्र लालू यादव के रूप में की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति है।

### एमएस कॉलेज में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न

**मोतिहारी।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुज़फ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र -2023-27 की परीक्षा - 03/04/2025 से प्रारंभ है 17/04/2025 को परीक्षा के नौवें दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली और दूसरी पाली में 'क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम' विषय की परीक्षा हुई । पहली पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 1253 रही । वहीं दूसरी पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 1173 रही । परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव के हवाले से मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है ।

### वरीय अधिवक्ता एवं पूर्व अपर लोक अभियोजक संजय कुमार के निधन पर शोक सभा आयोजित

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता एवं पूर्व अपर लोक अभियोजक संजय कुमार के निधन की खबर से अधिवक्ता समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता शोकाकुल हो गए और संजय बाबू के निधन पर न्यायिक जगत के लोगों के लिए अपूरणीय क्षति बताया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरजानंद प्रसाद एवं सचिव अवधेश कुमार ने बताया कि स्वर्गीय संजय बाबू अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़कर इस दुनिया से विदा हो गए। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए बार एसोसिएशन परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वरीय एवं कनीय अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संजय बाबू का निधन अधिवक्ता समाज के लिए एक गहरी क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। शोक सभा के दौरान अधिवक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व, विद्वत्ता और सेवाभाव को याद किया। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### यामाहा ने की हाईब्रिड बाइक की लॉन्चिंग: एसपी सिंह



**मोतिहारी।** यामाहा के बड़ा बरियारपुर स्थित ब्लू स्क्वायर शोरूम राज ऑटोमोबाइल्स में भारत की पहली हाइब्रिड बाइक एफजेड एसएफआई हाइब्रिड की लांचिंग हुई बाइक में नए जमाने की न्यूनतम टेक्नोलॉजी से लैस इंजन दिया गया है महा प्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि ग्राहकों को आसान किस्तों व न्यूनतम डाउन पेमेंट पर फाइनेंस की सुविधा है मौके पर उपस्थित मोतिहारी मेयर पति देवा गुप्ता और वार्ड पार्षद हरि सिंह के साथ-साथ कंपनी के बिहार प्रमुख मनीष कुमार क्षेत्रीय प्रमुख नीरज कुमार और शहर के गण्यमान लोग उपस्थित थे। उक्त मौके पर समाजसेवी देवा गुप्ता ने यामाहा के हाईब्रीड बाइक पर प्रकाश डालते हुए ग्राहकों को संबोधित किया। उक्त जनकारी एस पी सिंह ने दी।

### सीवरेज नेटवर्क परियोजना के लिए 399 करोड़ 87 लाख रुपए की मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**मोतिहारी।** नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार से प्राप्त पत्र के आलोक में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के द्वारा बताया गया है मोतिहारी सीवरेज नेटवर्क परियोजना के लिए लगभग 400 करोड़ (399.8728)की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति विभाग के द्वारा प्रदान की गई है। इस राशि से मोतिहारी सीवरेज नेटवर्क परियोजना अंतर्गत 32 वार्डों में 30000 ग्रहों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ने के लिए 187 किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क, 04 मध्यवर्ती पंपिंग स्टेशन एवं 0.800 किलोमीटर राइजिंग मेन का कार्य किया जाएगा। इस राशि में 128.0302 करोड़ केंद्रांश है तथा 271.8426 करोड़ राज्यांश है।

# डीएम के निर्देश पर कुंवर सिंह पार्क का निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर विशेष कार्य पदाधिकारी-सह-नजारत उपसमाहर्ता द्वारा रमना मैदान स्थित वीर कुंवर सिंह पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क की साफ-सफाई, रंग-रोगन, सौंदर्यीकरण, पोखर की स्वच्छता एवं जल स्तर, लाइटिंग आदि व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही कुंवर सिंह विजयोत्सव के अंतर्गत झंडोत्तोलन स्थल का अवलोकन किया गया तथा सनदीया से वीर कुंवर सिंह पार्क तक आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता, आरा सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य प्रशाखा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

**विशेष विकास शिविर की तैयारी का हुआ समीक्षा**

**आरा।** डीएम तनय सुलतानिया के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, पीरो की अध्यक्षता में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत 19 अप्रैल 2025 से आयोजित होने वाले विशेष विकास शिविर की तैयारी की समीक्षा की गई। सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अगले 2 माह में सरकार के 22 विभागों के द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से सभी महादलित टोलों में पात्र लाभुकों को आच्छादित किया जाएगा। बैठक में पीरो अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकरी सभी विकास मित्र एवं अन्य मौजूद थे।

**बिहिया-जगदीशपुर स्टेट हाइवे पर जलजमाव के समस्या पर बैठक**

**आरा।** डीएम तनय सुलतानिया के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी जगदीशपुर की अध्यक्षता में नगर पंचायत बिहिया अंतर्गत बिहिया-जगदीशपुर पथ( स्टेट हाइवे-102) पर जलजमाव की समस्या को लेकर बैठक आयोजित की गई एवं संबंधित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थानीय लोगों को लंबे समय से हो रही जलजमाव की समस्या के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएम द्वारा नाला निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिससे क्षेत्रवासियों को जलजमाव से राहत मिलेगी।

# एनएच-119 पटना-आरा-सासाराम फोरलेन परियोजना की डीएम ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एनएच-119ए (पटना-आरा-सासाराम) फोरलेन परियोजना के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने बताया कि पटना-आरा-सासाराम राष्ट्रीय राजमार्ग भारत सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। जिसे केंद्रीय मंत्रिपरिषद से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। डीएम द्वारा मुख्यतः पिलरिंग की अद्यतन स्थिति, भूमि पोर्टल पर आ रही भुगतान सम्बंधित समस्याएं एवं उनका निराकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने



संबंधित अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारी को बचे हुए भूमि अधिग्रहण कार्य को अविलंब पूर्ण करने तथा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को इस कार्य का सतत अनुश्रवण करने तथा परियोजना निदेशक, एनएचएआई, सासाराम एवं पटना को जिला भू अर्जन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने एवं उसमें आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (एनएचएआई पटना और सासाराम), अनुमंडल पदाधिकारी (सदर आरा, पीरो), उपसमाहर्ता भूमि सुधार (सदर आरा और पीरो), अंचलाधिकारी (तरारी, चरपोखरी, गड़हनी, कोईलवर, उदवंतनगर ) समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# भूमि विवाद में मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भूमि विवाद में मारपीट के एक आरोपित को फेसर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के चेतन गांव निवासी विजय यादव के रूप में की है। दरअसल, बीते दिनों चेतन गांव में मंदिर के सामने घेराबंदी का कार्य चल रहा था जिसमें निर्माण कार्य को लेकर विजय यादव और अवधेश सिंह में विवाद हो गया। मारपीट के दौरान अवधेश सिंह बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया, जहां वह क़रीब एक माह से अस्पताल में इलाजरत हैं। इधर, कांड में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर विजय यादव की तलाश की जा रही थी, जबकि वह फरार चल रहा था। इसी क्रम में आज पकड़ा गया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि मारपीट व हत्या प्रयास के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं। यह घटना के बाद से फरार चल रहा था, जबकि इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में वह पकड़ा गया जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत सर्विस ड्रिल से लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड परिसर में अग्निशमन सेवा सप्ताह के चौथे दिन अग्निशमन विभाग द्वारा सर्विस ड्रिल का आयोजन कर लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत बताया गया कि आग लगने की स्थिति में किस प्रकार त्वरित कार्रवाई कर लोगों की जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने की तकनीकी प्रक्रियाओं और उपकरणों का प्रदर्शन किया, जिससे लोगों को वास्तविक स्थिति में किये जाने वाले उपायों की जानकारी मिल सकी। इस अवसर पर प्रखंड अग्निशमन पदाधिकारी अमृता कुमारी, प्रधान अग्निक मुन्ना कुमार, अग्निक सुनील सिंह, एजहार आलम, सत्यम कुमार, अमीषा कुमारी, सोनम कुमारी, रिटन कुमारी तथा अग्निक चालक सुभाष



कुमार और रामनाथ कुमार उपस्थित थे। सभी अधिकारियों और कर्मियों ने उपस्थित लोगों को आग लगने की दशा में घबराने के बजाय सूझबूझ से कार्य करने और अग्निशमन विभाग को तुरंत सूंचना देने की अपील की।

# खरोखर में भीषण अगलगी से चना, सरसों और मसूर की फसल राख, दो लाख की क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज( औरंगाबाद)।** प्रखंड के खरोखर गांव में बुधवार देर रात लगी आग में तीन तरह की फसल जलकर राख हो गई। गांव निवासी कुंदन कुमार सिंह के खेत में रखे गए चना (4 एकड़), सरसों (4 एकड़) और मसूर (2 एकड़) की तैयार फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। अनुमानित रूप से उन्हें करीब दो लाख रुपये की क्षति हुई है। पीड़ित किसान कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि रात में अचानक खेतों में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते सारी फसल खाक हो गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सारी फसल नष्ट हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि खेती ही उनके जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन है और इस घटना से वे पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। कुंदन ने गुरुवार को वरीय पदाधिकारियों से सरकारी प्रावधान के तहत मुआवज़े की मांग की है। साथ ही, उन्होंने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग भी की है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है। वहीं, प्रभारी अंचलाधिकारी राम कुमार रमन ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीड़ित को नियमानुसार मुआवज़ा प्रदान किया जाएगा। इस घटना पर लोजपा के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पीड़ित किसान को उचित मुआवज़ा दिलाने के लिए वे स्वयं अंचलाधिकारी से बात करेंगे और हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे।

# पति सहित छह पर महिला प्रताड़ना का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** महिला प्रताड़ना के एक मामले में रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। रजा नगर रोड, चरकावां महमूद, नोनिया टील्हा वार्ड संख्या 13 निवासी अख्तर हुसैन की पुत्री नूर अफशां ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। प्राथमिकी में नूर अफशां ने बताया कि उनकी शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से 8 मई 2024 को मखदुमपुर थाना क्षेत्र, जहानाबाद जिला के वार्ड 16 निवासी सोहराब आलम से हुई थी। शादी के बाद ससुराल पहुंचने पर




पति सोहराब आलम, ससुर खुर्शीद आलम, देवर आसिफ आलम, अदनान अली, ननद राबिया शाहिन और नंदोसी मोजहिर आलम ने कपड़े की दुकान खोलने के लिए मायके से 5 लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। नूर अफशां के अनुसार, उन्होंने जब यह कहकर असमर्थता जताई कि विवाह में उपहारस्वरूप फर्नीचर, सोने-चांदी के गहने और मोटरसाइकिल दिया गया है, अब और कुछ संभव नहीं, तो आरोपितों ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर वह रजानगर स्थित अपने मायके लौट आईं। नूर ने आरोप लगाया कि 7 मार्च 2025 को उसके पति मायके आकर तलाक देकर चले गए। इस संबंध में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# व्यवसायी राजू गुप्ता की पत्नी के निधन पर शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** स्थानीय थाना गली निवासी समाजसेवी तथा रामनवमी समिति के सक्रिय सदस्य राजू गुप्ता की पत्नी अंजू देवी (उम्र 40 वर्ष) का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। हृदयगति रुकने के कारण यह दुखद घटना हुई। अंजू देवी के निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, शंकर शौंडिक, डॉ. तुलसी यादव, सिद्धी यादव, सूरज, विनोद कुमार, बाल गोविंद प्रसाद सहित कई गणमान्य नागरिकों ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी।

# अपर समाहर्ता ने फसल कटनी प्रयोगों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार एवं अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के उप निदेशक रश्मि द्वारा बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत रबी मौसम वर्ष 2024-25 के गेहूं फसल के प्रथम एवं द्वितीय फसल कटनी प्रयोगों का निरीक्षण किया गया। प्रथम फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण काको प्रखंड के डेढ़सैया पंचायत अंतर्गत भरथुआ ग्राम के मनी बिगहा टोला में किसान कमलेश यादव के खेत में किया गया वहीं द्वितीय फसल कटनी प्रयोग मखदुमपुर प्रखंड के धरनई पंचायत



अंतर्गत ओवा ग्राम में किसान उमेश यादव के खेत में किया गया। जिसका निरीक्षण उप निदेशक द्वारा किया गया। इन प्रयोगों को एसएसएस सैंपलिंग पद्धति के अनुसार 105 मीटर के क्षेत्रफल में सीसीई एप के माध्यम से संपन्न किया गया।प्रथम फसल कटनी प्रयोग में कुल 12 किलो 150 ग्राम हरा दाना प्राप्त हुआ वहीं द्वितीय फसल कटनी प्रयोग में कुल 17 किलो 650 ग्राम हरा दाना प्राप्त हुआ। इन प्रयोगों से प्राप्त उपज दर का उपयोग भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा योजनाओं एवं कृषि नीति निर्माण में किया जाता है। साथ ही, यह डाटा कृषि उत्पादकता बढ़ाने हेतु वैज्ञानिक एवं तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करने में सहायक होता है।प्रथम फसल कटनी प्रयोग में अनिल कुमार, किसान सलाहकार, काको एवं द्वितीय फसल कटनी प्रयोग में श्री अनंत कुमार, किसान सलाहकार, मखदुमपुर की सक्रिय सहभागिता रही। निरीक्षण के दौरान पवन कुमार, सतीश कुमार, मिथिलेश मिश्रा, नरेन्द्र शर्मा तथा अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय कर्मी भी उपस्थित रहे।

# झंडा नाली में डालने के मामले में किशोर गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा( औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के नरसंन गांव से यज्ञ का झंडा नाली में गाड़ने के मामले में पुलिस ने एक किशोर को गिरफ्तार किया है। जिसमें कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। जेल भेजे जाने के संबंध में एसआई पवन कुमार ने बताया कि नरसंन गांव स्थित नहर पुल के समीप शिव मंदिर में स्थापना को लेकर सात दिवसीय श्रीरूद्र महायज्ञ सह प्रवचन का आयोजन है। जिसे लेकर गांव गलियों में झंडा ग्रामीणों ने लगाया था। इसी गांव के एक बच्चा गलियो में लगे झंडे को नाली में उखाड़ कर फेंक दिया था। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज से एक किशोर को झंडा नाली में गाड़ते देखा गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर गांव के ही किशोर को गिरफ्तार किया और कागजी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया। शांति व्यवस्था कायम रहे जिसे लेकर पुलिस बल की तैनाती नरसंन गांव में कर दी गई।

# 18 अप्रैल से बिहार में महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और प्रभावशाली कदम उठाते हुए 'महिला संवाद' कार्यक्रम का आयोजन 18 अप्रैल 2024 से पूरे राज्य में किया जा रहा है। यह नवाचारात्मक अभियान जीविका से संबद्ध सभी ग्राम संगठनों के माध्यम से गांव-गांव में आयोजित हो रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उनकी इच्छाओं व आकांक्षाओं को सीधे सरकार तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 18 अप्रैल को पटना से इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करेंगे। 'महिला संवाद' के तहत पूरे राज्य में 600 विशेष रूप से डिज़ाइन की गई डिजिटल मोबाइल वैन पंचायतों में पहुंचेंगी, जो एलईडी टीवी, बैनर, पोस्टर, सेल्फी जोन और अन्य संसाधनों से सुसज्जित होंगी। इन वैनों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों और पिछले 20 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किए गए महिला कल्याण के प्रयासों की डिजिटल रूप से जानकारी दी जाएगी।''महिला संवाद'' वास्तव में एक ऐसा मंच है जो सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य करेगा, जहां महिलाएं अपनी कहानियों के माध्यम से दूसरों को प्रेरित करेंगी और एक सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में




भागीदारी निभाएंगी।

**भोजपुर जिला में 1398 संगठनों के माध्यम से संचालित**

भोजपुर में यह कार्यक्रम 1398 ग्राम संगठनों के माध्यम से संचालित होगा, जिसके लिए जीविका को 12 डिजिटल मोबाइल वैन उपलब्ध कराए गए हैं। प्रथम चरण में यह अभियान जिले के 12 प्रखंडों में शुरू होगा, जबकि संदेश एवं गढ़हनी प्रखंडों में कार्यक्रम का आयोजन 24 मई से किया जाएगा। हर दिन सुबह 9 बजे और दोपहर 3 बजे निर्धारित रोस्टर के अनुसार संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें 200 से 250 महिलाएं भाग लेंगी। इन आयोजनों के दौरान महिलाओं को योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में दिखाई जाएंगी और विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं अपना अनुभव साझा करेंगी, जिससे अन्य महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही उपस्थित महिलाएं अपनी अपेक्षाएं व सुझाव भी साझा करेंगी, जो सरकार को नीतिगत निर्णय लेने में मददगार सिद्ध होंगे। महिला संवाद न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम है, बल्कि यह महिलाओं की आवाज़ को नीतिगत मंच तक पहुंचाने का एक प्रभावशाली जरिया भी है। जिलास्तर पर महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई का भी प्रावधान रखा गया है। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए राज्य, जिला और प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। भोजपुर जिले में यह कार्यक्रम 18 अप्रैल से शुरू होकर मध्य जून 2025 तक चलेगा।

# हीट वेव एवं अग्निकांड से बचाव हेतु जिला स्तर पर तैयारियां तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गर्मियों में संभावित हीट वेव (लू) एवं अग्निकांड के संकट से निपटने हेतु गुरुवार को जहानाबाद समाहरणालय के सभागार, में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी द्वारा की गई, जिसमें सभी संबंधित विभागों जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएचईडी, नगर निकाय, ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन, विद्युत, परिवहन, आपदा प्रबंधन, एवं पुलिस विभाग आदि के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के आलोक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना है, ताकि आगामी महीनों में संभावित भीषण गर्मी एवं लू के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं एवं जन-हानि को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष वार्ड, डॉक्टरों की तैनाती, आवश्यक दवाएं, ओआरएस, आइस पैक आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कुल 10 स्वास्थ्य संस्थानों



में रेस्पॉन्स टीम गठित की गई है। इसके साथ ही एंबुलेंस सेवाएं सुदृढ़ की गई हैं। जिले में कुल 30 एंबुलेंस कार्यरत हैं।जल जीवन मिशन एवं पीएचईडी के माध्यम से 264 वार्डों में पेयजल आपूर्ति चालू है। नगर परिषदों व पंचायतों में पेयजल आपूर्ति हेतु टैंकर तैनात किए गए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा अत्यधिक गर्मी के दिनों में स्कूलों के संचालन हेतु दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। प्राथमिक स्कूलों को विशेष सतर्कता के साथ संचालन करने को कहा गया है।जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से चलाए जाएंगे आईईसी अभियान-बैनर, पोस्टर, एवं सोशल मीडिया द्वारा इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिसमें क्या करें, क्या न करें। की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान नगर निकाय व ग्रामीण निकाय को प्याऊ की स्थापना, छायादार स्थानों की व्यवस्था एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सुथरे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अग्निशमन विभाग को 24*7 के तहत अग्निशमन संचालन केंद्र का संचालन,संवेदनशील प्रतिष्ठानों का फायर ऑडिट करवाना, सभी प्राप्त कॉल का त्वरित निष्पादन एवं विभागीय मानक संचालन प्रक्रियानुसार कारवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। आपदा प्रबंधन के तहत जिले में सभी वाहनों में ड्राइवर व सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। हाइपर हीट वेव रेस्पॉन्स कोऑर्डिनेशन की निगरानी हेतु कंट्रोल रूम भी सक्रिय रहेगा। हीट वेव और लू से बचने के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी आमलोगों से अपील किया गया है। जिला प्रशासन ने अपने अपील में सलाह दिया है कि जिलेवासी दिन के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। इस दौरान पानी अधिक मात्रा में पिएं तथा साथ ही ओआरएस का उपयोग करें।लू के लक्षण दिखने पर तुरंत पास के स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी जिला प्रशासन की ओर दी गई है।

# बाइक से गिरकर महिला जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बाइक सवार एक महिला गिरकर घायल हो गई। घटना रिसियप थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव के समीप की हैं जिसमें महिला अपने भांजे के साथ बहन के घर जा रही थी। घायल महिला की पहचान थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव निवासी छोटू सागर की पत्नी ब्यूटी देवी के रूप में हुई है। गुरुवार की दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान कुटुंबा प्रमुख धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि घायल ब्यूटी देवी अपने भांजे के साथ बाइक से अपनी बहन के घर जा रही थी। इसी दौरान वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। सूचना पर पहुंचा और महिला को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई हैं।

## बाइक से गिरकर महिला घायल, रेफर

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करहारा मोड़ के समीप बाइक से गिरकर एक महिला घायल हो गयी। महिला की पहचान देव थाना क्षेत्र के सड़कर गांव निवासी वीरेंद्र पासवान की पत्नी अनिता देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

# सरकारी सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों को जल्द मिलेंगी पुस्तकें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा/भोजपुर।** बिहार के भोजपुर जिले में संस्कृत विद्यालय में पढ़ा रहे शिक्षकों का आरोप था कि उनके विद्यालय में छात्र छात्राओं को पढ़ने के लिए पुस्तक नहीं है, जिससे छात्र छात्राओं को पढ़ने लिखने में कठिनाई होती थी, इसके लिए कई बार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से कहने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी, जिससे शिक्षक नाराज होकर बड़ी पदाधिकारियों के पास इसकी शिकायत करने पर मजबूर हो गए,आपको बताते चले कि जिले में अराजकीय मान्यता प्राप्त सभी संस्कृत विद्यालयों को वर्ग



1 से लेकर 8 तक पुस्तक देने का आदेश जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा अब कर दिया गया है, और कहा गया है कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को यह निर्देश अवगत कराया गया यथाशीघ्र संस्कृत विद्यालयों के बच्चों को पुस्तक निर्गत कराया जाए नहीं तो बाध्य होकर करवाई करने का काम की जाएंगी,बताते चले की मोआप कला संस्कृत विद्यालय के द्वारा कंप्लेंन किया गया था जिसके आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा यह निर्देश दिया गया की भोजपुर जिले में जितने भी संस्कृत विद्यालय हैं उनको यथाशीघ्र पुस्तक निर्गत कराया जाए।

# अंबा बाजार को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा बाजार में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए गुरुवार को बाजार परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मौके पर अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश और अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज के दिशा-निर्देश पर ठेला, गुमटी और दुकानों के शेड को हटाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पार्किंग की सुविधा न होने का कारण लोग सड़क के किनारे वाहन खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अंबा बाजार को जाम से मुक्ति दिलाना है तो बाजार परिसर को नो पार्किंग जोन बनाना होगा और पार्किंग की व्यवस्था करनी होगी।

# जदयू एमएलसी प्रतिनिधि बने संजय यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** प्रखंड के नारायणपुर गांव निवासी संजय यादव को जदयू एलएमसी भगवान सिंह कुशवाहा ने जगदीशपुर प्रखंड का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। संजय यादव जदयू के भोजपुर जिला के महासचिव भी हैं। इस संदर्भ में संजय यादव को नियुक्ति पत्र सौंप एमएलसी ने बताया है कि किसी तरह की सरकारी बैठक या कार्यक्रमों में मेरे अनुपस्थिति में अब मेरे प्रतिनिधि ही बैठक या कार्यक्रमों में शामिल होंगे। साथ ही इससे संबंधित सूचना ग्रहण करने के साथ



ही कार्यकर्ताओं तक सूचना देने की जिम्मेदारी भी अब प्रतिनिधि की होगी। एमएलसी द्वारा जगदीशपुर नगर सहित प्रखंड के सभी बीस ग्राम पंचायत क्षेत्र के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने की सूचना एमएलसी द्वारा भोजपुर जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित जगदीशपुर एसडीएम, बीडीओ व थानाध्यक्ष को सूचनार्थ प्रेषित की गई है। वहीं नई जिम्मेदारी मिलने पर संजय यादव ने बखूबी निर्वहन की बात कही है। संजय यादव को एमएलसी प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर अशोक कुशवाहा, जनार्दन सिंह, पिंटू सोनी, बटोरन अंसारी, मुमताज वारसी, वकील सिंह, हैदर अली, प्रेम मौर्या आदि ने बधाई दी है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता भवन का निर्माण कार्य हुआ शुरू

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी एक लंबे अरसे से अधिवक्ता भवन बनने का इंतजार कर रहे मसौढ़ी के सभी अधिवक्ताओं में अब खुशी की लहर है, दरअसल हाईकोर्ट के निर्देश और बिहार सरकार की पहल पर मसौढ़ी अनुमंडल परिसर में अधिवक्ता भवन बनाया जा रहा है, जो एक मंजिला और बड़ा सा हॉल जैसा बनाया जाएगा,जिसका प्राक्कलन राशी 40 लाख की बताई जाती है।और तकरीबन 5 कट्ठा की जमीन को अधिग्रहण किया गया है, जहां पर अधिवक्ता भवन बनाया जाएगा और बताया जाता है कि 6 महीने के अंतराल में यह भवन बनाया जाना है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक ने कहा यह अधिवक्ताओं के लिए काफी खुशी की बात है क्योंकि गर्मी बरसात आदि मौसम में अधिवक्ता पेड़ के नीचे करकट और झोपड़ी बनाकर किसी तरह से न्यायीक कार्य कर रहे थे लेकिन अब उनका अपना खुद का अधिवक्ता भवन बन जाने से काफी सहूलियत होगी। वही अधिवक्ता संघ के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि इसके लिए एक लंबी लड़ाई और आंदोलन भी किया गया था, मौके पर अनिल शर्मा, रविंद्र सिंह, मुरारी सिंह,रूपेश पटेल,आदी ने खुशी जाहिर की।

### मुकेश हत्याकांड के हत्यारों के गिरेबां तक पहुंची पुलिस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुकेश उर्फ छोटन यादव हत्याकांड के पीछे लाइनर,और हत्यारे के गिरेबां तक पुलिस पहुंच चुकी है, ऐसा पुलिस दावा कर रही है और बहुत जल्द इस पूरी घटना का पदार्फाश होगा। दरअसल बीते शनिवार की दोपहर 2:30 बजे के आसपास दिनदहाड़े बीच सड़क पर प्रॉपर्टी डीलर मुकेश उर्फ छोटन यादव को गोलियों से भून दिया था,जहाँ 7.60 बोर की 10 गोलीयां दाग उसकी हत्या कर दी गई थी, जहां घटना स्थल से पुलिस ने आठ खोखे जप्त किया था। उस मामले में पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए अपनी तफशीश में जुटी थी, इसी बीच कई अहम सुराग भी पुलिस के हाथ लगे हैं, इस सुराग के सहारे पुलिस नेटवर्क के जरिए कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है जहां पर कई ऐसे अहम सुराग मिले हैं जिससे पुलिस बहुत जल्द इस घटना को पदार्फाश कर सकती है इस घटना के पीछे क्या वजह रही है, कौन-कौन इसमें शामिल थे और इस घटना से पहले कौन लाइनर था,इन सभी बिंदुओं पर पदार्फाश बहुत जल्द ही हो सकती है पुलिस की पूरी टीम इस हत्याकांड को उदभेदन करने के पीछे जुटी हुई है और लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी भी चल रही है।

### सडकों पर बेतरतीब ई रिक्शा से निपटने की तैयारी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिते 6 फरवरी को मसौढ़ी शहर में यातायात प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था, शहर को जाम से निजात दिलाने और सड़कों पर लगने वाले बेतरीब ढंग से ई रिक्शा और अतिक्रमण को हटाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में विशेष बैठक आहूत करते हुए अधीनस्थ सभी पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश देते हुए यातायात प्रबंधन प्लानिंग का खाका तैयार की थी, मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, थानाध्यक्ष कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार के साथ अन्य कर्मचारी शामिल रहे थे, जब यह पूरी प्लानिंग तैयार की गई थी तो आम अवाम के बीच यह उम्मीद जगी थी कि शहर में अब जाम से निजात मिलेगा, सड़कों पर बेतरतीब ढंग से ई रिक्शा नहीं दिखेंगे लेकिन बैठक कर तैयारी के तकरीबन 3 महीने बीत गए बावजूद आज तक इस पूरी प्लानिंग पर अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। मानो यह बैठक सिर्फ फाइलों तक ही सिमट कर रह गई है।ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या मसौढ़ी शहर में लगने वाला जाम मसौढ़ी के लिए नियति बन गई है या फिर प्रशासन सिर्फ प्लानिंग बैठक ही करते रहेंगे।

### स्कूटी समेत देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब की चल रहे अभियान के दौरान गुरुवार को एक्साईज पुलिस ने पिपरा थाना क्षेत्र के बेहरावां चकिया के पास पॉलिथीन में देसी शराब भरकर स्कूटी से पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसे रंगे हाथ दबोच लिया गया है। जहां चार बड़े पॉलिथीन में 40 लीटर देसी शराब भरकर स्कूटी पर एक बोरी में गंतव्य स्थान पर ले जाने की तैयारी भी थे, गिरफ्तार धंधेबाज का नाम लवकुश साव पिता लाल बाबू साव बिहटा मुस्फापुर का निवासी बताया जाता है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि लगातार बेहरावां चकिया के पास से देसी शराब जप्त किए जा रहे हैं कई सप्लायर पटना यहीं से सप्लाई कर रहे हैं जिसकी भनक हम सब को है और लगातार गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर रहे हैं।

### पुलिस ने 8 वारंटियों को भेजा जेल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट एनवीडब्ल्यू के तहत मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 8 वारंटी को गुरुवार को जेल भेजा गया है, यह सभी वारंटी कई मामलों में वंछित थे, कोई चोरी, मारपीट, रंगदारी जैसे कई विभिन्न मामलों में चल रहे फरार वारंटी के खिलाफ न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी थाना क्षेत्र से चार वारंटी, केवड़ा पुलिस में दो, लहसुना एक, समेत विभिन्न थानों से आठ वारंटी को जेल भेजे गए हैं।

### टैंकर से तेल चोरी करने की कोशिश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टैंकलोरी से तेल चोरी करने वाला गिरोह एक बार फिर से सक्रिय हो गया है।दरअसल पटना-गया-डोभी एन एच-22 के मसौढ़ी थाना स्थित जमालपुर गांव के पास एक होटल के सामने खड़ी पेट्रोल व डीजल से भरी टैंकलौरी से बीते रात बाईक सवार बदमाशों ने टैंकलौरी से तेल निकाल ड्राम में भरकर लेकर भागने का प्रयास किया. हालांकि टैंकलौरी के चालक द्वारा शोर मचाने के बाद बदमाश तेल छोड़कर फरार हो गये.इस संबंध में टैंकलौरी चालक सह धनरूआ के देवदहा मठिया निवासी नागेन्द्र प्रसाद के पुत्र प्रिन्स कुमार उर्फ विक्की के द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है.दर्ज प्राथमिकी में मसौढ़ी थाना के गेल्हाबिगहा निवासी चंदन कुमार समेत अन्य को आरोपित किया गया है।बताया जाता है कि इस मार्ग से जाने वाले दर्जनों टैंकलौरी के चालक होटल व ढाबा के पास खड़ा कर के टैकलौरी से एक निश्चित मात्रा में स्थानीय लोगों से तेल को बेचने का धंधा करते है।

### महिला सिपाही को बाइक चालक ने मारी ठोकर, घायल

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 227 ए रामजानकी मार्ग पर जतौर के समीप डायल 112 की वाहन में ड्यूटी पर कार्यरत महिला कांस्टेबल को एक बाइक सवार ने ठोकर मारकर घायल कर फरार हो गया। बाइक चालक की ठोकर से घायल महिला कांस्टेबल को आनन फानन में गुठनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया डायल 112 की पुलिस वाहन जतौर बाजार के समीप खड़ी हुई और उसमें से महिला कांस्टेबल कल्याणी कुमारी बाहर निकल कर सड़क पर खड़ी ही हो रही थी कि एक बाइक वाले ने जोरदार ठोकर मार दिया जिससे वे सड़क गिरकर घायल हो गयीं। वाहन में सवार प्रभारी सीपी पासवान,चालक व अन्य कांस्टेबल जबतक उतरते तबतक बाइक चालक बाइक लेकर फरार हो गया।

# मनरेगा, आवास, बिरसा सिंचाई कूप योजनाओं में प्रगति नहीं आने पर होगी कार्रवाई: उप विकास आयुक्त

## पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक कार्यो को नहीं रखें लंबित, कार्य के प्रति गंभीर रहें बीडीओ



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में पंचायती राज से संबंधित सभी योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त ने मनरेगा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप आदि विभिन्न योजनाओं की प्रगति की प्रखंडवार गहणता से समीक्षा की। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत कार्य कराने का निदेश दिया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बरने वाले पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्य के प्रति गंभीर रहकर प्रगति लाने का निदेश दिया।उप विकास आयुक्त ने तत्परता के साथ कैंप का आयोजन कर एक सप्ताह में योजनाओं के क्रियान्वयन का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता नहीं चलेगी। कार्यो में सक्रियता दिखाते हुए मनरेगा एवं आवास संबंधी योजानाओं के कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य को लंबित नहीं रखें। उन्होंने कहा कि मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन एवं योजना अभिलेखों का अंतिमीकरण के कार्य में पंचायत स्तर से शिथिलता बरतने से सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में बेहतर प्रदर्शन करने में समस्या आ रही है। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की और मानव दिवस सृजन करने में सुधार लाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के कार्यों को करने के लिए वर्तमान में मौसम अनुकूल है। मनरेगा के कार्यों में गति लाकर बरसात पूर्व तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वैसे प्रखंड जिनका एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक शून्य प्रगति है। इसके संबंधित ग्राम रोजगार सेवक को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीडी जेनरेशन पर फोकस करने का भी निदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने पुरानी लंबित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में कार्य में प्रगति लाकर पूर्ण कराते हुए अविलंब मनरेगा सॉफ्ट में बंद करने का निदेश दिया।

**आवास योजना में एमआर इश्यू करें**

उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत योजनाओं की स्वीकृति एवं लाभुकों को एफटीओ के माध्यम से किस्त भुगतान तथा योजना पूर्ण कराने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि एम आर इश्यू में शिथिलता नहीं बरतें। उन्होंने एमआर इश्यू करने का निदेश दिया। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत लाभुकों का निबंधन, जीयोटैग एवं आवास स्वीकृति का निदेश दिया। साथ ही आवास प्लस 2.0 अंतर्गत सर्वे का कार्य पूर्ण कर अच्छादन प्रमाण पत्र समर्पित करने का निदेश दिया। उन्होंने आवास योजना की स्वीकृति के आकड़ों पर प्रकाश डालते हुए आवास योजना स्वीकृत करने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने आवास कोर्डिनेटर एवं जेएसएलपीएस के बीपीएम को आवास योजना को लेकर सर्वे कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराने का निदेश दिया, ताकि योग्य लाभुक आवास योजना के अच्छादन से नहीं छूटे।

**अबुआ आवास पूर्ण करने का निदेश**

अबुआ आवास योजना अंतर्गत भुगतान किए गये लाभुकों का आवास पूर्ण कराते हुए जीयो टैग करने का निदेश दिया। उन्होंने इसमें भी एमआर इश्यू करने का निदेश दिया।

**लाभुक स्वयं से कर सकते हैं जियोटैग**

उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी दी गयी है कि अबुआ आवास योजना अन्तर्गत आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा आवास निर्माण के लिए लाभुक को ससमय किस्त की राशि भुगतान करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉची द्वारा ईल्लीप्र-,१८ छीपी' ऋूडळअऋ अढढ तैयार किया गया है। इसके माध्यम से आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार लाभुक स्वयं अपने निमार्णाधीन आवास का जियोटैग कर सकेंगे। इस एप्प को गुगल प्ले स्टोर अथवा अबुआ आवास योजना के पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड के पश्चात मोबाईल में इसे इन्टॉल करने के क्रम में लाभुक के माबाईल में ओ0टी0पी प्राप्त होगा। इसके लिए सभी लाभुकों को अपना मोबाईल न0 प्रखण्ड लॉगईन में अपडेट करना अनिवार्य होगा। लाभुक द्वारा स्वयं से किये गये जियोटैग को पंचायत सेवक द्वारा सात दिनों के अन्दर स्थल सत्यापन करते हुए जियोटैग को अप्रुव अथवा रिजेक्ट (कारण सहित) करना है।

**अभियान चलाकर बिरसा सिंचाई कूप को कराएं पूर्ण**

उप विकास आयुक्त ने बिरसा सिंचाई कूप के कार्यों में गति लाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिन पीपीओ द्वारा कार्य में शिथिलता बरती जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभियान चलाकर बिरसा सिंचाई कूप पूर्ण कराने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना की कार्य प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने मई तक कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया।

**पंचायत स्तरीय जनता दरबार रखें जारी**

उप विकास आयुक्त ने पूरे जिले में प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, पीएम- जनमन आवास आदि के लंबित लाभुकों के लिए पंचायत स्तरीय जनता दरबार के आयोजन को जारी रखने का निदेश दिया, ताकि आवास संबंधी लाभुकों की समस्याओं को सुनने एवं लंबित योजनाओं में प्रगति लाने संबंधी उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐप के माध्यम से संबंधित व्यक्ति खुद भी अपने घर का जीयो टैग कर सकता है। समीक्षा बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग में ऑनलाइन माध्यम से प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं समाहरणालय सभागार में परियोजना पदाधिकारी मनरेगा जिला प्रशिक्षण समन्वयक, आवास जिला समन्वयक, आवास योजना, मनरेगा के जिला कोर्डिनेटर, प्रखंड कोर्डिनेटर, बीपीओ, जेएसएलपीएस के बीपीएम आदि उपस्थित थे।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बोर्ड ने 7,500 करोड़ रुपए की फंडरेजिंग को दी मंजूरी

**मुंबई/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की आज हुई बैठक में इक्विटी पूँजी (सीसीपीएस) के तहत प्रेफरेंशियल इश्यू को मंजूरी दी गई। इसमें करीब लगभग 4,876 करोड़ रुपए की राशि करंट सी इन्वेस्टमेंट्स बी.वी. को दी जाएगी, जो वारबर्ग पिंकस एलएलसी की एक सहयोगी कंपनी है। इसके अलावा, लगभग 2,624 करोड़ रुपए की मंजूरी प्लेटिनम इनविक्टस बी 2025 आरएससी लिमिटेड को मिली है, जो अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसके निजी इक्विटी विभाग द्वारा संचालित होती है। पिछले छह वर्षों में, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने खुद को एक इन्फ्रास्ट्रक्चर-केंद्रित विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) से बदलकर एक आधुनिक, तकनीकी-संचालित और पूरे भारत में फैले यूनिवर्सल बैंक के रूप में सफलतापूर्वक रूपांतरित किया है। इस सफर में बैंक ने वितरण, तकनीक और प्रतिभा में बड़े स्तर पर निवेश किया है, ताकि वह देश के अग्रणी प्राइवेट सेक्टर बैंकों में से एक के रूप में स्थान पा सके। इन वर्षों में बैंक की जमा राशि छह गुना बढ़ी है, लोन और एडवांस की राशि दोगुनी हुई है, और कासा अनुपात 8.7% से बढ़कर 47.7% तक पहुँच चुका है। वित्त वर्ष 2019 में जहाँ बैंक को 1,944 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था, वहीं वित्त वर्ष 2024 में बैंक ने 2,957 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया। हालाँकि, वित्त वर्ष 2025 की पहली तीन तिमाहियों में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र की चुनौतियों के कारण लाभ में थोड़ी गिरावट आई, लेकिन बैंक ने इन चुनौतियों का भी प्रभावी ढंग से सामना किया।

इस नए फंड रेज के साथ, बैंक का ओवरऑल कैपिटल एडिक्वेसी रेश्यो 16.1% से बढ़कर 18.9% हो जाएगा (जिसमें सीईटी-1 रेश्यो लगभग 16.5% रहेगा, जो 31 दिसंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार है)। इससे बैंक की बैलेंस शीट को और भी मजबूती मिलेगी और आगे के लिए मुनाफे के साथ आत्मनिर्भर विकास की दिशा में गति भी मिल सकेगी। श्री वी. वैद्यनाथन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, "हमने बैंक की नींव पहले दिन से ही एक विश्वस्तरीय बैंक बनाने की दीर्घकालिक सोच के साथ रखी है। हमारा उद्देश्य एक ऐसी संस्कृति स्थापित करना है, जो ग्राहकों के लिए संवेदनशील हो और उन्हें उत्कृष्ट सेवा प्रदान करे। हम तकनीक के मामले में काफी उन्नत हैं और लगातार नई तकनीकों को अपनाने में विश्वास रखते हैं।" उन्होंने कहा, "बैंक अब मुनाफे के मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ चुका है और एक अहम पड़ाव पर है, जहाँ हमारी आय वृद्धि नियमित रूप से ओपीईएक्स वृद्धि से अधिक होने की उम्मीद है। इससे परिचालन लाभ बेहतर होगा। कई ऐसे व्यवसाय, जो अब तक निवेश के दौर में थे, वे अब बड़े पैमाने पर लाभ कमा सकेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "हमें खुशी है कि वारबर्ग पिंकस एक बार फिर हमारे साथ जुड़ रहा है और एडीआईए की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी हमारे शेयरधारकों में शामिल हो रही है। हम दोनों संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने वैश्विक अस्थिरताओं के बीच भी हम पर और हमारे भविष्य की योजनाओं पर विश्वास जताया है। हमारा मानना है कि यदि हम एक मजबूत, सम्मानित और ग्राहकों द्वारा पसंद की जाने वाली संस्था के रूप में खुद को साबित करें, और मजबूत लाभप्रदता के साथ काम करें, तो हम अपने स्टेकहोल्डर्स को लंबे समय तक स्थायी लाभ दे सकते हैं।" विशाल महादेविया, मैनेजिंग डायरेक्टर, हेड-एशिया प्राइवेट इक्विटी, और ग्लोबल को-हेड- फाइनेंशियल सर्विसेस, वॉरबर्ग पिंकस, ने कहा, "हम मानते हैं कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र रोमांचक अवसर से परिपूर्ण है और यह दीर्घकालिक विकास की ओर बढ़ रहा है। वॉरबर्ग पिंकस में, हमारे पास उत्कृष्ट टीमों के साथ साझेदारी करने का लंबा अनुभव है। हम आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की टीम को उनके शुरूआती दिनों यानि एक दशक से जानते हैं। हमने बैंक के निर्माण को निकट से देखा है। हम उत्साहित हैं कि हम आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टीम के अगले विकास और स्थायी आरओई सुधार में उनका समर्थन करने के लिए फिर से निवेश कर रहे हैं।" हमद शाहवान अलधाहेरी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर- प्राइवेट इक्विटी डिपार्टमेंट, एडीआईए, ने कहा, "आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने खुद को भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक के रूप में स्थापित किया है, जिसे एक अनुभवी प्रबंधन टीम का समर्थन प्राप्त है। इसने कई वर्षों में अपनी तकनीकी और शाखा संरचना का विस्तार किया है और यह भविष्य के लिए अच्छी स्थिति में है। यह निवेश बैंक की निरंतर वृद्धि का समर्थन करने पर केंद्रित है, जिससे यह देश में वित्तीय उत्पादों की बढ़ती माँग को पूरा कर सके।"

# मो. राशिद को तत्काल प्रभाव से हटाने एवं वित्तीय अनियमितता की जांच कराने की मांग

## बिहार राज्य हज समिति

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपरोक्त विषय के संबंध में में अध्यक्ष, बिहार राज्य हज समिति पूरी जिम्मेदारी से बिहार राज्य हज समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद राशिद हुसैन जो पिछले 13 वर्षों से बिहार राज्य हज समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित है इनके कार्यकाल में हुए वित्तीय अनियमितता से अवगत कराना चाहता हूँ कि कई वर्षों से हज भवन, पटना में अल्पसख्यंक कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न तरह के कोचिंग कार्यक्रम समय-समय संचालित किया जाता है। जिसके संचालन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के हाथों में रहने के कारण कोचिंग कार्यक्रम में पारदर्शिता नहीं है तथा कोचिंग कार्यक्रम में होने वाले व्यय में काफी गड़बड़ी हुई है। कोचिंग में ज्यादातर पढ़ाने वाले शिक्षक मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के मित्र या इनके मधुर संबंध वाले ही व्यक्ति है जिनको यह मानमाने ढंग से पढ़ाने के एवज में बड़ी राशि भुगतान किया गया है। किस शिक्षक ने कितने घंटे पढ़ाया इसका कोई अता पता नही बस शिक्षक को अपनी मर्जी से भुगतान कर दिया गया। कोचिंग कार्यक्रम को संचालित करने के लिए क्रय किये गये सामग्रियों एवं उपस्करों का बिल ज्यादातर फर्जी है, जिसकी जाँच कराई जाई। हज भवन में 10 सुज्जित अत्याधुनिक कमरे एवं 2 कान्फ्रेंस हॉल बने हुये है जिसका उद्देश्य राज्य हज समिति की आय में बढोतरी हो सके। परन्तु मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा विगत कई वर्षों से बिना शुल्क लिये हुये प्राईवेट कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है तथा अत्याधुनिक कमरों को भी बिना शुल्क के अपने पारिवारिक लोग तथा पहचान वालों को ठहराया जा रहा है। जबकि राज्य हज समिति की बैठक में कमरें एवं कान्फ्रेंस हॉल का शुल्क निर्धारित किया गया था। परन्तु आज तक इन कमरों एवं कान्फ्रेंस हॉल से एक भी पैसे की आमदनी नहीं हुई जिसका मुख्य कारण अपने परिचितों को मुफ्त में ठहराना एवं कार्यक्रमों का आयोजन कराना है, जिसकी जाँच कराई जाये। 3. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा कार्यालय के वाहनों का दूरपयोग किया जा रहा है। इनका आवास कार्यालय से मात्र 5 से 7 किलोमीटर दूर स्थित हैं, इसके विपरित प्रत्येक माह यह कार्यालय के वाहनों में 400 से 500 लीटर तेल भखाते है। जबकि नियम के अनुसार इन्हें प्रत्येक माह 180 लीटर तेल ही उपयोग करना है इसके अतिरिक्त तेल भरखाने के लिए विभाग की अनुमति लेनी पड़ती है, जोकि सरकारी वाहनों का दूरपयोग दशार्ता है। जिसका मुख्य कारण अपने घर के सारे कार्य, निजी कार्य से बार-बार भोजपुर, दरंभगा एवं मधुबनी जाना शामिल है, जिसकी जाँच कराई जाए। विदित हो कि इन्होंने हज समिति के पुराने ड्राईवर जो कई वर्षों से कार्यरत था उस ड्राईवर को हटाकर अपने रिश्तेदार को ड्राईवर में रखा ताकि अपनी मनमर्जी चला सके। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा हज भवन की साफ-सफाई में अत्याधिक पैसों की बरबार्दी की गई है। साफ-सफाई फिनाईल से ना करवाकर अपने पारिवारिक लोगों के एम्वे कम्पनी के आई.डी. से साफ-सफाई का सामान कई वर्षों तक क्रय किया गया जिससे इनके द्वारा पारिवारिक लोगों को काफी फायदा पहुँचा गया है। आज भी यहाँ साफ-सफाई के नाम पर अगरबत्ती में उपयोग की जाने वाली महँगी-महँगी सेंट, अतर से जमीन की साफ-सफाई करवा रहे है। विदित हो कि इनके पूरे 13 वर्ष के कार्यकाल में आज तक ऑडिट नहीं कराया गया है। ऑडिट कराना आवश्यक है ताकि सच्चाई सामने आ सके। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा कार्यालय के खाते से हज कमिटि की राशि अपने सगे भाई को 12 लाख रुपए ट्रांसफर किया गया है, जिसकी जाँच कराई जाए।

# नारी सशक्तिकरण को लेकर महिला संवाद, मसौढ़ी अनुमंडल में 12 स्थल चयनित, दंडाधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग की ओर से शुक्रवार से गांव गांव में महिला संवाद कार्यक्रम होना है। ऐसे में मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडो मे कुल 12 जगहो का चयन किया गया है जहाँ बारह दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है जिसके उपस्थिति मे कार्यक्रम होगा। स्थल चयन मे मसौढ़ी प्रखंड के पांच जगहो मे निशियावां पंचायत मे तिन और चपौर पंचायत मे दो जगहों पर वही धनरूआ मे मई नेतौल पंचायत में तीन विजयपुरा में दो इसके अलावा पुनपुन प्रखंड में लखना पूर्वी, पश्चिमी और बराह पंचायत में महिला संवाद कार्यक्रम होना है। जहां पर सभी दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है, यह 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक कार्यक्रम किया जाना है।बताया जा रहा है कि नीतीश सरकार की ओर से महिला संवाद के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इनमें महिला सशक्तिकरण नीति 2015, महिला आरक्षण, नशामुक्ति अभियान, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा उन्मूलन अभियान, जीविका योजना, सीएम कन्या उत्थान योजना, बालिका पोशाक योजना समेत अन्य योजना शामिल हैं।

# सिलाई मशीन महीनों से है खराब, मसौढ़ी जेल में महिला बंदियों का प्रशिक्षण खटाई में




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कारा विभाग की ओर से विभिन्न जेलों में विभिन्न मामलों में बंद महिला बंदियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की पहल को लेकर सभी जेलों में सिलाई मशीन देकर उन महिलाओं को सिलाई कटाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की योजना की शुरूआत हुई थी। ऐसे में शुरूआत के दिनों में मसौढ़ी जेल में दो सिलाई मशीन दिया गया था, कुछ दिनों तक महिला बंदियों को प्रशिक्षण भी दिया गया, बाद के दिनों में लगातार सिलाई मशीन खराब पड़े हुए हैं और जेल में बंद महिला बंदियों को इसकी सुविधा नहीं दी जा रही है, सिलाई कटाई का प्रशिक्षण बंद है। ऐसे में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खटाई में पडती दिख रही है, इस मामले में बंदी कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ महीना पहले सिलाई मशीन खराब हो गया था अभी फिलहाल 8 महिला बंदी जेल में हैं सिलाई मशीन को दुरुस्त किया जाएगा और उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। बहरहाल ऐसे में सिस्टम पर सवाल उठना लाजिमी है कि अगर सिलाई मशीन खराब पड़े हुए थे तो आखिर उन्हें ससमय रहते क्यों नहीं दुरुस्त कराया गया, नहीं दुरुस्त करने के पीछे यह लापरवाही साफ प्रतीत होती है।

# भीषण गर्मी-लू से बचाव को लेकर अनुमंडल प्रशासन अलर्ट, हर स्तर पर तैयारी

## एसडीएम ने सभी पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लू आपदा से बचाव को लेकर गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय कक्ष में एसडीएम अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में सभी प्रखंडों के विभिन्न विभागों के पदाधिकारीयों के साथ एक विशेष बैठक आहूत की गई। जहां पर एसडीएम अमित कुमार पटेल ने सभी अंचलाधिकारी,बीडीओ, स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिए हैं।, अग्निकांड और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है जहाँ शहरी क्षेत्रों में प्याऊ और वॉटर टैंकर की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख स्थलों पर लू से बचाव की जानकारी वाले पोस्टर लगाए जाएंगे। सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में लू से पीड़ितों के इलाज की विशेष व्यवस्था की गई है। ओआरएस, जीवन रक्षक दवाएं, आईवी फ्लूड की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जरूरत पड़ने पर आइसोलेशन वार्ड बनाए जाएंगे। एसी, कूलर और आइस क्यूब की व्यवस्था भी रहेगी।इसके अंतर्गत अंचलाधिकारी को अगलगी कांड का शिकार हुए पीड़ितों को प्लास्टिक, 2400 और और 12000 तत्कालीन सहायता देने,अग्निशमन विभाग को सभी जगह पर मॉक ड्रिल कर जन जागरूकता करने के साथ-साथ सभी एंबुलेंस चालको का नंबर जारी करने का निर्देश दिया गया।

# नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर नगर परिषद मसौढ़ी करेगा नगर जनसंवाद



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के नव विस्तारित क्षेत्रों में नगर जन संवाद कार्यक्रम की शुरूआत 22 अप्रैल से होनी है। कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि नगर विकास विभाग के अपर सचिव के निर्देश पर नगर जन संवाद कार्यक्रम शुरू होना है।जहां विस्तारित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता एवं विकास कार्यो के शीघ्र एवं समुचित कार्यान्यिवन के उद्देश्य से नगर जन संवाद (मुहल्ला सभा) का आयोजन किया जा रहा है। वहीं इसकी तैयारी को लेकर नगर परिषद सभागार में नगर प्रबंधक शेखर प्रसाद कुमार की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक आहूत की गई जिसमें प्लानिंग पदाधिकारी श्वेता सिन्हा, अमीन रामाधार प्रसाद यादव, वार्ड पार्षद शंभू कुमार सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्ड स्तर से प्राप्त होने वाले माइक्रोप्लान के अनुसार नगर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन होना है। अमीन रामाधार प्रसाद यादव ने बताया कि नगर परिषद मसौढ़ी के नव विस्तारित वार्डो में वार्ड नंबर 1, 7, 8, 9, 26, 32, 33, 34 वार्ड है। जहां पर नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता नागरिकों का फीडबैक आदि कार्य करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### याद किए गए गीतों के राजकुमार गोपाल सिंह नेपाली



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गीतों के राजकुमार कविवर गोपाल सिंह नेपाली को उनकी 62 वीं पुण्य तिथि पर समारोह पूर्वक श्रद्धांजलि दी गई। नगर के कविवर नेपाली स्मारक के समीप अहले सुबह जुटे श्रद्धालु कवि,साहित्यकार और पत्रकारों ने स्व. नेपाली की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्रो. परमेश्वर भक्त, डॉ. गोरख प्रसाद मस्ताना, जय किशोर जय, सुरेश गुप्त, अरुण गोपाल नगीना प्रसाद,राजू प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### बालू लदी ट्रेक्टर ट्राली जब्त, चालक गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने बुधवार की रात बीरहा नदी से अवैध बालू खनन कर ला रहे बालू समेत ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है।साथ ही चालक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिपक प्रसाद ने बताया कि सुचना मिली कि बीरहा नदी से अवैध तरीके से बालू खनन कर ट्रेक्टर ट्राली पर लोडींग किया जा रहा है। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए बींदा चौक बालू समेत ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त बालू और ट्रेक्टर ट्राली को खनन विभाग को सौंप दिया गया है। जबकि गिरफ्तार चालक जिला पर्सा नेपाल के सेरवा पिराडी के धर्मवीर राम को जेल भेजा गया है।

### डीएम ने की 10 लोक शिकायतों की सुनवाई



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में प्राप्त दस शिकायतों की सुनवाई की। इनमें से पांच मामलों में अंतिम आदेश पारित किया गया जबकि शेष पांच मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि को लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। डीएम श्री समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निवारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को सजग, संवेदनशील व सक्रिय रहना होगा।

### पटना में पहली बार शौर्य दिवस का आयोजन 23 को



**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती 23 अप्रैल को पहली बार राजधानी पटना में शौर्य दिवस के रूप में मनाई जाएगी। आयोजन समिति के सदस्य रामाकांत सिंह सोलंकी व धर्मेंद्र सिंह चौहान ने विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को निमंत्रण दिया। आयोजन में भारतीय वायुसेना के सूर्यकिरण विमान दल द्वारा एयर शो और आकाशगंगा पैरा जंपर्स द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम बापू सभागार में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी होंगे। इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं।

### ई. आदित्य सिंह को वीर कुंवर सिंह शौर्य जयंती का मिला निमंत्रण



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सुजीत प्रियदर्शी ने अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा प्रवक्ता ई. आदित्य सिंह को 23 अप्रैल को बापू सभागार, पटना में वीर कुंवर सिंह जयंती पर होने वाले शौर्य जयंती समारोह के लिए औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा। इस आयोजन में वायुसेना का सूर्यकिरण एरोबेटिक प्रदर्शन और आकाशगंगा पैरा जंपिंग शो भी शामिल है। कार्यक्रम आयोजन के सूत्रधार सांसद राजीव प्रताप रूडी खुद गांव-गांव जाकर आमंत्रण दे रहे हैं।

### बोरे से मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के कर्ण कुदरिया पंचायत के नहर के साइफन से एक अज्ञात पुरुष का शव बंद बोरे में बरामद हुआ। दुर्गंध की सूचना पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और शव की पहचान की कोशिश की जा रही है।

### बुलेट की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैनपुर महावीर मंदिर के पास एनएच 227ए पर तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से साइकिल सवार रवि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी मशरक में प्राथमिक इलाज के बाद छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रवि कुमार किशुनपुरा गांव का रहने वाला है और बाजार जा रहा था।

### भाजपा के सक्रिय सदस्यों की बैठक

**बनियापुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीताराम वाटिका में भाजपा के सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री नंदकुमार चौहान, जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी सक्रिय सदस्यों को बूथ स्तर पर जिम्मेदारियां और एनडीए की बढ़त के लिए टिप्स दिए गए।

### 200 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने पूर्वी बलुआ पिपरा टोला के दियारा क्षेत्र में छिपाकर रखी गई 200 लीटर अर्धनिर्मित महुआ शराब जब्त कर उसे विनष्ट कर दिया। पुलिस ने शराब बनाने में प्रयुक्त 100 किलो मीठा और अन्य सामग्री भी जब्त की है। अज्ञात धंधेबाज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस अभियान में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार, एएसआई अमित कुमार, पीएसआई धीरेन्द्र कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

### आवास को लेकर बृद्ध महिला ने लगाई गुहार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सम्हौता गांव की एक वृद्ध महिला गुरूवार को प्रखंड कार्यालय पहुचकर आवास योजना का लाभ दिलाने को लेकर बीडीओ से गुहार लगाई है। 60 वर्षीय वृद्ध महिला हसन बीबी ने बताया कि उसे आवास योजना का आज तक लाभ नहीं मिला है।आवास के लाभ को लेकर कई बार पंचायत के जन प्रतिनिधियों से भी मिली। लेकिन किसी ने नही सुनी। इधर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि वृद्ध महिला अगर योग्य होगी तो उन्हें आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इसके लिए आवास सहायक को आवास सर्वे में शामिल करने के लिए निर्देशित किया गया है। बीडीओ ने ये भी कहा कि सभी आवास सहायकों को भी यह निर्देश गया है कि कोई भी योग्य लाभुक आवास के सर्वे से नहीं छुटे।

### फसल चराने से मना करने पर मारपीट, एफआईआर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के चानकी गढ़ निवासी छठु राम ने फसल चराने से मना करने को लेकर दो लोगो पर गाली गलौज व मारपीट करने व फसल को जला देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर में सैदपुर गांव के गुड्डू यादव एवं खेसारी यादव को नामजद किया है। आरोप है कि 11 अप्रैल की शाम दोनो अपने भैस से रहर का फसल चरा रहे थे। मना करने पर गाली गलौज व मारपीट करने पर उतारू हो गए। और धमकी दिए कि तुम्हारा फसल बर्बाद कर देंगे। इसी बीच 16 अप्रैल को खेत मे काट कर रखे रहर के फसल को जला दिया गया है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में छानबीन करते हुए अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### नया बनेगा व्यापार मंडल का गोदाम

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल परिसर में व्यापार मंडल का नया गोदाम का जल्द हीं निर्माण होगा। इसको लेकर जर्जर पड़े व्यापार मंडल के गोदाम भवन को तोड़ा जा रहा है। तोड़ने के उपरांत नए सिरे से गोदाम का निर्माण किया जाएगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिलीप मिश्र ने बताया कि एकीकृत सहकारी विकास परियोजना (आईसीडीपी) के तहत नए गोदाम का निर्माण होगा। नए गोदाम का क्षमता पांच सौ मीट्रिक टन होगा। जल्द हीं इसका ले-आउट करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नए गोदाम के निर्माण पर करीब 26 लाख रुपए खर्च होगी।

# हथियारों के साथ पुलिस के हत्थे चढ़े चार अपराधी





**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार के निर्देशन में एवं तकनीकी शाखा के सहयोग से गोरेयाकोठी पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर एक बड़ी सफलता प्राप्त की है.यह कार्रवाई गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरेया स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे बगीचा में गुप्त सूचना के आधार पर की गई.इसमें चार अपराधियों को हथियार, लूटे गए मोबाइल, चाकू और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया. इसके बाद पुलिस मामला दर्ज कर सभी अभियुक्त को जेल भेज दिया है. स्थानीय पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध युवक अवैध हथियार एवं लूटे हुए सामान के साथ ग्राम सरेया के एक बगीचे में छिपे हुए हैं. सूचना के सत्यापन के पश्चात तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया. जिसमें तकनीकी शाखा और गोरेयाकोठी थाना की सक्रिय भूमिका रही. संयुक्त रूप से की गई इस कार्रवाई के दौरान तीन अपराधियों को मौके से रंगे हाथ पकड़ा गया. जिनके पास से देशी पिस्तौल, देशी कट्टा, जिन्दा कारतूस, एक फोल्डेबल चाकू, तीन मोबाइल और जिसमें एक लूटा गया मोबाइल शामिल है. तथा एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई.गिरफ्तारी के बाद जब्त किए गए सभी सामानों को थाना लाकर विधिवत जब्ती सूची में अंकित किया गया और अभियुक्तों से पूछताछ की गई. पूछताछ में यह जानकारी सामने आई कि उक्त अभियुक्त पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं. पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों में विजय कुमार साह उम्र 18 वर्ष पिता उपेंद्र साह निवासी बालबंगरा थाना दरौंदा, शब्बू हुसैन उम्र 18 वर्ष पिता राजन हुसैन निवासी बालबंगरा थाना दरौंदा,रोहित कुमार उम्र 18 वर्ष पिता दीपक महतो निवासी झझवा थाना दरौंदा शामिल है. तीनों अपराधियों से कड़ी पूछताछ के दौरान एक अन्य अपराधी का नाम उजागर हुआ. जिसके उपरांत पुलिस ने उसी रात्रि एक अन्य ठिकाने पर छापेमारी करते हुए चौथे अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया.इसमें कार्तिक कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता बीरेंद्र महतो, निवासी झझवा, थाना दरौंदा शामिल है. बताया गया कि सभी के पास से बरामद सामग्री में01 पिस्टल एवं 04 जिन्दा कारतूस,01 देशी कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतूस,01 फोलडेबल चाकू,01 लूटा गया मोबाइल फोन,02 अन्य मोबाइल फोन,01 स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल शामिल है. पकडे गये बदमाशों में शब्बू हुसैन का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है.इसके विरुद्ध दरौंदा थाना कांड संख्या-328/23, धारा 414 भा.दं.वि. एवं 25 (1-बी) ए/26/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज है. यह मामला भी अवैध हथियार और चोरी के सामान से संबंधित है.चारों अभियुक्तों को गोरेयाकोठी थाना कांड संख्या-129/25 के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. इन पर भारतीय दंड संहिता एवं आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराएं लागू की गई हैं. पुलिस द्वारा जब्त किए गए मोबाइल में से एक मोबाइल की पहचान एक पूर्व लूट की घटना से मेल खाती है.जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अभियुक्त लूट की कई घटनाओं में संलिप्त हो सकते हैं. पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई को जिले की कानून व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है. उन्होंने बताया कि पुलिस को लगातार मिल रही सूचनाओं और तकनीकी सहायता के आधार पर अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लाई गई है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपराधियों के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाई जा रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी.

## बधाई गाने पहुंचे किन्नरों को पवरियों ने जमकर पीटा, दो गंभीर रूप से जख्मी



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के बसंतपुर में बधाई गाने को लेकर किन्नरों एवं पवरियों के बीच हिंसक झड़प हो गई.हिंसक झड़प में दो किन्नर गंभीर रूप से जख्मी हो गई.सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने के बाद दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया गया.जख्मी किन्नरों में संगीता 55 एवं मुस्कान 35 साल शामिल हैं.घटना के संबंध में जख्मी संगीता किन्नर ने बताया कि गुरुवार की सुबह हम लोग पांच की संख्य में लगभग 8 बजे बसंतपुर निवासी प्रहलाद प्रसाद के घर बधाई गा रहे थे.एसी दौरान लगभग 30-35 की संख्या में पवरिया पहुंचे तथा बधाई गाने का विरोध कर हम लोगों की काठी डंडे एवं लोहे के रॉड से पिटाई करने लगे.उसने बताया कि हम लोग किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे तथा इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे.उसने बताया कि हम लोग वसंतपुर में ही रहकर लोगों के यहां बधाई गा कर अपना जीवन यापन करते हैं.

## जिलाधिकारी ने की समग्र सेवा अभियान के तहत लगाए जाने वाले कैंप की समीक्षा



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को अंबेडकर समग्र सेवा अभियान को लेकर प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी गणों ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समग्र सेवा अभियान के तहत लगाए जाने वाले कैंप के तैयारी की विस्तार से समीक्षा की।जिला पदाधिकारी, सिवान ने इस संबंध में बताया है कि अनु. जाति एवं अनु. जनजाति टोलों में आधारभूत संरचना के विकास सहित अनु. जाति एवं अनु. जनजाति परिवारों को नियमानुसार सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। अनु. जाति एवं अनु. जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए सभी अनु. जाति एवं अनु. जनजाति टोला में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जाना है। विकास शिविर में सरकार के सभी प्रमुख विभागों की सहभागिता होगी एवं उनसे जुड़े योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को दिलाया जाना प्रमुख लक्ष्य होगा। शिविर के आयोजन के पूर्व में सभी विभागों के कार्यालय प्रधान अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के अच्छादान हेतु ऑफलाइन/ ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर उनका नियमानुसार निष्पादन शिविर से पूर्व कर लेने का निर्देश जिलपदाधिकारी ने दिया। आगे उन्होंने बात छूटे हुए लाभुक से शिविरमें आवेदन प्राप्त किया जाएगा एवं तथा यथासंभव ऑन स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। शिविर में सरकार के सभी प्रमुख विभागों की सहभागिता एवं उनसे जुड़े योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को दिलाया जाना लक्षित है। इसके पूर्व राशन कार्ड, उज्जवला योजना, औपचारिक शिक्षा, आँगनबाड़ी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कुशल युवा प्रोग्राम / कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई ग्राम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड/ स्वास्थ्य कार्ड / हेल्थ कैम्प, प्रधानमंत्री आवास योजना/वास भूमि/बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बुनियाद केन्द्र / हर घर नल जल योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की गली-नली मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनाओं से अनु. जाति एवं अनु. जनजाति टोलों में नियमानुसार आच्छादन किया जाना है।

## गंभीर घायल को बिना टांका लगाए दो इंजेक्शन देकर किया रेफर

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही से परिजन नाराज



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय लापरवाही का एक और मामला सामने आया है.भगवानपुर हाट प्रखंड निवासी स्वर्गीय सुखदेव महतो का पुत्र विजय कुमार महतो ट्रक का चक्का खुलकर गंभीर चोट लगने के बाद गुरुवार को इलाज के लिए परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर हाट लेकर पहुंचे. लेकिन डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के नाम पर केवल दो इंजेक्शन टीटी एवं दर्द का दिया और बिना टांका लगाए मरीज को सदर अस्पताल रेफर कर दिया.सदर अस्पताल में गंभीर स्थिति में मरीज के पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने विधिवत टांके एवं ड्रेसिंग कर ब्लीडिंग को रोका.परिजनों ने बताया कि विजय कुमार अपनी घड़ी की दुकान पर बैठे थे इसी दौरान सामने से गुजर रहे एक ट्रक का चक्का खुलकर दुकान के अंदर प्रवेश कर गया.ट्रक के चक्के से चोट लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी ही गया.परिजनों का आरोप है कि मरीज के घाव से लगातार खून बह रहा था और स्थिति गंभीर थी, इसके बावजूद डॉक्टरों ने टांका लगाने की जहमत नहीं उठाई। इससे न सिर्फ मरीज की तकलीफ बढ़ी बल्कि रास्ते में संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया.मरीज के परिजन ने बताया हम समय पर मरीज को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टरों ने लापरवाही दिखाते हुए सिर्फ दो इंजेक्शन लगाए और फौरन रेफर कर दिया. अगर समय रहते टांका लगा दिया जाता तो स्थिति इतनी बिगड़ती नहीं.स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जाहिर की है और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जांच की मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन इलाज में लापरवाही होती है, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा.फिलहाल मरीज को सदर अस्पताल में भर्ती कर इलाज जारी है.

## आपसी वर्चस्व को ले हुई गाली गलौज

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मधुसूदन उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज में बीते सप्ताह आपसी वर्चस्व को ले हुई गाली गलौज की घटना की गुरुवार को डीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय पहुँच जांच की ।इस दौरान डीईओ ने सम्बंधित शिक्षकों से उनका पक्ष जाना।बीते सप्ताह विद्यालय के कार्यालय में राजनीति की बात करने,गुटबाजी करने,आपसी वर्चस्व को ले तीन चार शिक्षकों में गरमा गरम बहस हुई।बातें बढ़कर गाली गलौज व धमकी देने तक पहुँच गई। इसका किसी ने रिकार्डिंग कर लिया।यह बात स्थानीय ग्रामीणों तक पहुँच गई।ग्रामीणों ने सुरेंद्र शर्मा,अभय सिंह,राजू प्रसाद,प्रभारी ब्रजेश कुमार आदि शिक्षकों की शिकायत विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य संतोष तिवारी से की।

## 30 अप्रैल तक कार्मिकों का डाटाबेस उपलब्ध कराने का निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के निमित जिलास्तर पर कार्मिकों का डाटाबेस संधारित किया जाना है। डाटाबेस संधारण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण द्वारा सभी कार्यालय प्रधान सहित अन्य विभागों कार्यालयों आदि को निर्देशित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कार्यालय प्रधान (केन्द्रीय राज्य सरकार कार्यालय एवं पीएसयू), सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक, पश्चिम चम्पारण अपने अधीनस्थ कार्यालयविद्यालय में कार्यरत कर्मियों (नियमितसंविदा) का डाटा संग्रहित कर एनआइसी, समाहरणालय परिसर में संचालित कार्मिक कोषांग को हरहाल में 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधीनस्थ कार्यरत किसी भी कर्मी का नाम छोड़ा नहीं गया है।

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, आईटी प्रबंधक जिलास्तर पर कार्मिकों का डाटाबेस पूर्व की तरह एनआइसी, बिहार के सॉफ्टवेयर पर ऑनलाईन प्रविष्टि अपने पर्यवेक्षण में करायेंगे।सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी कार्यालय प्रधान इस आशय का प्रमाण पत्र समर्पित करेंगे कि उनके द्वारा सभी कर्मियों का डाटा उपलब्ध करा दिया गया है तथा कोई कर्मी छूटे नहीं हैं। तत्पश्चात एनआईसी, बेतिया से निर्गत प्रमाण पत्र के आलोक में माह अप्रैल 2025 के वेतन विपत्र कोषागार कार्यालय, बेतिया द्वारा पारित किया जायेगा।वैसे कार्मिक जिनका वेतन विपत्र कोषागार कार्यालय द्वारा पारित नहीं किया जाता है, उनके संबंध में संबंधित कार्यालय प्रधान/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी एनआईसी बेतिया से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही अप्रैल 2025 का वेतन मानदेय का भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

कार्मिकों के संख्या बल के अनुसार जिनका वेतन भुगतान कोषागार से होता है, उनके मामले में कोषागार में संधारित आंकड़ों से मिलान कोषागार कार्यालय द्वारा किया जायेगा। यदि किसी कार्यालय विद्यालय से सम्पूर्ण एवं त्रुटिरहित डाटा कार्मिक कोषांग, पश्चिम चम्पारण को उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो इसके लिए संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

उपलब्ध कराये गये डाटा में विसंगति पाये जाने पर निर्वाचन कार्य की महता को देखते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। प्रभारी पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग द्वारा बताया गया कि कार्मिकों के डाटाबेस से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा विहित प्रपत्र 1 एवं 2 पश्चिम चम्पारण जिला के आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है, जहां से विहित प्रपत्र डाउनलोड कर उसे त्रुटिरहित भरते हुए कार्मिक कोषांग में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

## अंबेडकर जयंती सप्ताह समारोह के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के कचनार गांव के उत्तर टोला स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सप्ताह समारोह के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम से पहले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा रथ पर रखकर डीजे के साथ गांव का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा शामिल हुए। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा साहब किसी एक जाती के लिए कार्य नहीं किया उन्होंने सभी जाती धर्म के लोगों के लिए कार्य किया।इस अवसर पर ग्रामीणों ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## राम जानकी पथ निर्माण कार्य हेतु अधिग्रहीत भूमि के मुआवजा वितरण हेतु कैंप का आयोजन



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को जिला पदाधिकारी, सिवान ने राम जानकी पथ निर्माण हेतु अधिगृहित किए गए जमीन के एवज में मुआवजा वितरण के स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित रैय्यतों के बीच मुआवजा वितरण में तेजी लाने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी गुठनी को पूर्व की बैठक में दिया था।जिला पदाधिकारी सिवान के आदेश के आलोक में आज दिनांक 17 अप्रैल को गुठनी अंचल में राम जानकी पथ निर्माण हेतु अधिग्रहण किए गए जमीन के एवज में मुआवजा वितरण हेतु कैंप का आयोजन अंचलाधिकारी गुठनी के द्वारा किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में रैय्यत ने अपना-अपना आवेदन समर्पित किया। जल्द ही सभी रैय्यतों के खाते में अधिग्रहित भूमि के एवज में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।विदित हो कि राम-जानकी पथ के निर्माण का कार्य आरंभ हो चुका है।

## ग्रामीणों के समक्ष जेई ने की निर्माण कार्य की जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के कटघरवा से राजपुर तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य मे अनिमितता की जांच गुरुवार को ग्रामीण कार्य विभाग के जेई रामदुलार चौहान ने किया। इस दौरान उन्होंने सोनासती और राजपुर गांव में कई जगहों पर सड़क के मैटेरियल व उसके मानक की जांच की। जेई ने बताया कि सड़क निर्माण में अनिमितता की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा मिली थी जिसके बाद कार्य को बंद कराया गया था। ग्रामीणों के शिकायत के आलोक में ग्रामीणों पर उनके उपस्थिति में सड़क निर्माण कार्य की जांच की गई है। जांच में जहां मोटाई कम पाई गई है उसे दुरुस्त करवाया गया है। साथ हीं सड़क पर बिछे मेटल (पत्थर) की जांच गई तो इसकी मोटाई तीन इंच व उससे अधिक मिली है।

## गृह रक्षकों का नामांकन स्वच्छ एवं पारदर्शी ढंग से कराने का जिला पदाधिकारी ने दिया निर्देश




**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को जिला पदाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु गठित कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक कार्यालय कक्ष में की गई। जिला पदाधिकारी ने गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश उपस्थित अधिकारियो को दिया। विदित है कि गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु महानिदेशक-सह-महा समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि शाम सेवाएं, बिहार पटना के द्वारा सिवान जिला के लिए गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु कुल 231 रिक्त पदों को आरक्षण कोटि वार रोस्टर अनुमोदित करके दिया गया है।राज्य के सभी जिलों में जिला स्तर पर गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के साथ चयन प्रक्रिया 30 अप्रैल 2025 तक समाप्त कर प्रशिक्षण हेतु अनुशंसा मुख्यालय को भेजा जाना है। इसी निर्देश के तत्वाधान में दिनांक 22 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक राजेंद्र स्टेडियम में शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन जिला प्रशासन सिवान के द्वारा किया जाएगा। गांधी मैदान को सुरक्षित मैदान के रूप में रखा गया है। मैदान में सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिवान सदर को दिया है।

**सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में होगा रजिस्ट्रेशन**

आगामी 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले राजेंद्र स्टेडियम में शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन होगा।इस परीक्षा को पारदर्शी बनाने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा राजेंद्र स्टेडियम में चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। रजिस्ट्रेशन हेतु 10 काउंटर का निर्माण करवाया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु विभिन्न कोषांगों का गठन भी जिला पदाधिकारी सिवान के आदेशानुसार किया गया है। जिसमें विधि- व्यवस्था कोषांग के वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता सिवान रहेंगे। नोडल पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिवान सदर रहेंगे। निबंधन कोषांग के वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता सिवान तथा नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिवान रहेंगे। वहीआयोजन कोषांग के वरीय पदाधिकारी के रूप में उप विकास आयुक्त सिवान तथा नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सिवान, जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी सिवान एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पुलिस केंद्र सिवान रहेंगे। इसके साथ साथ चिकित्सा कोषांग के वरीय पदाधिकारी के रूप में सिविल सर्जन एवं नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्वास्थ्य सिवान,पेयजल, शौचालय एवं साफ सफाई कोषांग के वरीय पदाधिकारी के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सिवान, सामग्री कोषांग के वरीय पदाधिकारी अपर समाहर्त आपदा एवं नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी व मेधा सूची कोषांग के वरीय प्रभारी के रूप में उप विकास आयुक्त सिवान एवं नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला पंचायती राज पदाधिकारी रहेंगे। उक्त जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सिवान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## 20 अप्रैल को होगा जलेस का 11 वां जिला सम्मेलन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनवादी लेखक संघ सीवान का 11 वां जिला सम्मेलन 20 अप्रैल रविवार को होगा.सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा बैठक न्याय मार्ग श्रीनगर सीवान स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता मणीश प्रसाद सिंह के निवास स्थान पर आयोजित की गई.बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता मणीश प्रसाद सिंह ने किया. इस बैठक में शहर के बुद्धिजीवियों साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्मेलन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार - विमर्श किया गया और सम्मेलन को सफल बनाने के लिए स्वागत समिति एवं जलेस के पदाधिकारियों, सदस्यों से अपील करते हुए यथासंभव सहयोग की अपेक्षा की गई. इस बैठक में विचार व्यक्त करने वालों में डॉ के एहतेशाम, डॉ संदीप कुमार यादव,युगल किशोर दूबे, प्रवीण कुमार द्विवेदी, नवीन कुमार वर्मा आदि प्रमुख थे.

# सड़क दुर्घटनाओं में मासूम समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** गुरूवार को जिले के दो अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क दुर्घटनाओं में एक मासूम बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के कनाप गांव में हुई जहां 3 वर्षीय अंकित की स्कूल बस की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तिताई बिगहा मोड़ स्थित पार्क के समीप घटित हुई, जहां एक बेकाबू स्कार्पियो ने बाइक सवार 45 वर्षीय किसान को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।

दाउदनगर थाना क्षेत्र के कनाप गांव में स्कूल बस की चपेट में आने से 3 साल के मासूम की मौत हो गई। मृतक अंकित कुमार कृष्ण रविदास का पुत्र था। घटना गुरुवार सुबह की है। अंकित अपनी दीदी सोनम को स्कूल बस तक छोड़ने गया था। दोनों भाई-बहन रविदास टोला स्थित देवी मंदिर के पास बस का इंतजार कर रहे थे। सोनम बस में चढ़ गई। इसके बाद अंकित बस के पीछे आ गया। बस मोड़ते समय चालक को बच्चा नहीं दिखा और वह बस की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने चालक को पकड़ किया पुलिस के हवाले कर दिया। परिजन तुरंत बच्चे को हसपुरा सामुदायिक अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। कृष्ण रविदास के परिवार में मृतक अंकित के अलावा बेटी सोनम और 6 माह का एक बेटा है।

वहीं, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तिताई बिगहा मोड़ स्थित पार्क के समीप एक बेकाबू स्कार्पियो ने बाइक सवार 45 वर्षीय किसान को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही बाइक सवार किसान की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कुटुंबा प्रखंड के सिमरा थाना क्षेत्र के चिल्हियावां गांव निवासी गोपाल मेहता के पुत्र अरुण मेहता के रूप में हुई है। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि स्कार्पियो में बाइक व किसान दोनों फंस गए। स्कार्पियो चालक किसान को बाइक के साथ घसीटते हुए 30 मीटर तक ले गया। इसके बाद स्कॉर्पियो छोड़ चालक फरार हो गया। आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दिया और मुआवजे की मांग को ले बैठ गए। घटना की सूचना मुफस्सिल व रिसियप थाना को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने आक्रोशितों को मुआवजे की आश्वाशन पर समझा-बुझाकर जाम हटवाया।

## मौत का मार्ग बना एनएच 139 : डॉ. सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने एनएच 139 पर चतरा मोड़ के समीप कुटुंबा प्रखंड के चिल्हियांवा गांव निवासी अरूण मेहता की सड़क दुर्घटना में मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि औरंगाबाद- हरिहरगंज मार्ग मौत का सड़क बन गया है। आए दिन सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत हो रही है। इतनी दुर्घटनाओं के बावजूद जिला प्रशासन खासकर जिला परिवहन पदाधिकारी और पथ निर्माण विभाग बेखबर रहते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि मनरेगा में मजदूर तथा सब्जी बेचकर मृतक अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इसी महीने बेटी की शादी करने की तैयारी भी चल रही थी। उन्होंने बिहार सरकार और जिला प्रशासन से मृतक के आश्रितों को कम से कम बीस लाख रूपये मुआवजा तथा परिवार के जीविकोपार्जन के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने की मांग की है।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के 111 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव के तहत हुआ चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के देव प्रखंड अन्तर्गत धनाड़ी स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एक विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित सुब्रोस कंपनी लिमिटेड ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया मे इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के उत्साही विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी द्वारा तकनीकी एवं व्यवहारीक परीक्षणों के आधार पर 111 छात्रों का अंतिम रूप से 2 चरणों में चयन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डा. बिनोद कुमार सिंह चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतू हम हमेशा प्रयासरत है। हमारा उदेश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं बल्कि उनके अंदर उद्योग जगत कि आवश्यकताओं के अनुसार कौशल भी विकसित करना है। उन्होंने कहा कि यह हमारे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर कि प्रतिष्ठित कंपनियों मे अपनी योग्यताएं साबित कर रहें है। प्रशिक्षण एवं प्लेस्मेंट पदाधिकारी व्याख्याता माजिद हुसैन ने कहा कि इस तरह के कैंपस ड्राइव से विद्यार्थियों को उद्योग जगत से सीधे जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है जो उनके करियर को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होता है। इस आयोजन के भव्य सफलता मे संस्थान के मैकेनिकल इंजिनियरिंग विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष व्याख्याता रंजन कुमार, इलेक्ट्रीकल्स के प्रभारी विभागाध्यक्ष श्वेता जमुआर, इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष मिथलेश कुमार का विशेष योगदान रहा, जिन्होने छात्रों को तकनीकी एवं व्यवहारिक रूप से तैयार करने मे महत्वपूर्ण भुमिका निभाई। इस सफल आयोजन में संस्थान के अन्य सभी व्याख्ताओं एवं कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा। संस्थान के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उनकी मेहनत, समर्पण और संस्थान के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

# औरंगाबाद के पांच थानों में नये थानाध्यक्ष की पोस्टिंग

■ **औरंगाबाद जिला में कानून व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया फेरबदल : पुलिस अधीक्षक**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को तीन इंस्पेक्टर एवं दो सब-इंस्पेक्टरों को अब नई जिम्मेदारियां सौंपी गई है। मृत्युंजय कुमार उपाध्याय को नबीनगर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले वे डीआईयू प्रभारी थे। इसी तरह गोह थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी मो. इरशाद को दिया गया है। पहले ये पुलिस केंद्र में कार्यरत थे। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को बनाया गया हैं, ये पुलिस कार्यालय में कार्यरत थे। बंदेया के थानाध्यक्ष सुरज कुमार बनाये गये हैं, ये देव थाना में कार्यरत थे। वहीं नरारी कलां खुर्द थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को बनाया गया हैं, ये बंदेया थानाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दृष्टिगत पांच पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस फेरबदल में इंस्पेक्टरों तथा सब इंस्पेक्टरों को अब नई जिम्मेदारियां सौंपी गई है। पुलिस पदाधिकारियों के स्थानांतरण के साथ ही उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को अविलंब अपने-अपने पदस्थापना स्थल में योगदान करने का निर्देश दिया है।

## आत्महत्या को उकसाने वाला आरोपित चाचा गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** एक लड़की को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले चाचा को देव पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के सड़कर गांव निवासी रामाकांत तिवारी उर्फ छोटू तिवारी के रूप में की गई है। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि बीते दिनों नीलम कुमारी ने आत्महत्या कर ली थी जिसमें एक सुसाइट नोट प्राप्त हुआ था। उस सुसाइट नोट में भतीजी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप चाचा पर था। जांच-पड़ताल में मामले की पुष्टि की हुई। इसी क्रम में आरोपित गुरूवार को पकड़ा गया, जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# एनटीपीसी नबीनगर ने ग्रामीण विकास को दी नई उड़ान

## महुआंव में सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नबीनगर अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में नबीनगर प्रखंड के महुआंव गांव में एक अत्याधुनिक सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। इस भवन का उद्घाटन एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा ने किया। उद्घाटन के पूर्व उन्होंने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भवन का निरीक्षण किया और इसकी संरचना व सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि यह भवन गांव के लोगों के लिए सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के संचालन में बेहद सहायक सिद्ध होगा। सुविधाओं की बात करें तो भवन में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पंखों जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ एक विशेष मंच भी बनाया गया है, जो सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन को और भी सुलभ एवं व्यवस्थित बनाएगा। भवन को ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया है ताकि इसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। श्री बेहेरा ने कहा कि एनटीपीसी नबीनगर सिर्फ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि हम स्थानीय समुदाय के समग्र विकास के लिए भी कृतसंकल्पित हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हमारी परियोजना के आसपास के गांवों में निरंतर काम हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी एनटीपीसी की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस भवन से गांव में सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलेगा और आयोजन स्थलों की कमी की समस्या भी दूर होगी।

## अगलगी को लेकर प्रशासन ने जारी किए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में खेतों, घरों और झोपड़ियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन ने आम लोगों के लिए आग से बचाव के उपाय जारी किए हैं और सावधानी बरतने की सलाह दी है। प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, घरों और आसपास के क्षेत्रों में सूखी घास, पत्तियों और ज्वलनशील पदार्थों को एकत्र न होने दें। खेतों में फसल काटने के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने से बचें। बिजली के तारों और उपकरणों की नियमित जांच करें, ताकि किसी भी प्रकार की चिंगारी से आग न फैले। रसोई गैस का उपयोग करते समय पूरी सतर्कता बरतें और खाना पकाने के बाद गैस सिलेंडर की नॉब अवश्य बंद करें।

# गृह रक्षकों के नामांकन की तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में गृह रक्षकों के 217 रिक्त पदों पर स्वच्छ नामांकन की तैयारी को लेकर समाहरणालय के सभाकक्ष में आज एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा 30 अप्रैल से गांधी मैदान में आयोजित की जाएगी। हर दिन करीब 1400 अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया चयनित एजेंसी के माध्यम से सुबह 5 बजे से शुरू होगी। इसके लिए मैदान में एक बार में 100 अभ्यर्थियों के दौड़ने योग्य ट्रैक का निर्माण, समतलीकरण, बैरिकेडिंग और प्रतीक्षा स्थल बनाया जाएगा। हर काउंटर और प्रशिक्षण स्थल पर बायोमेट्रिक जांच और सीसीटीवी कवरेज अनिवार्य रहेगा, जबकि स्वास्थ्य कोषांग की ओर से चिकित्सकों की टीम, एम्बुलेंस और ओआरएस सहित आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में विभिन्न कार्यों के निष्पादन के लिए अलग-अलग कोषांग गठित कर उनके नोडल पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है, जो अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन उच्च स्तरीय निगरानी में करेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन, पंचायती राज, सदर एसडीओ, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत कई जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के नबीनगर प्रखंड के रामपुर पंचायत के प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई एवं पंचायत सरकार भवन का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा यूनिट पर कार्यरत कर्मियों से प्लास्टिक अपशिष्ट के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। जानकारी के क्रम में यूनिट पर कार्यरत सभी मशीनों की तकनीकी क्षमता एवं उनके कार्य करने के तरीके के बारे में भी जानकारी ली गई। मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि यूनिट को और क्रियाशील बनाने के लिए इसे और वृहद करने की आवश्यकता है। इसके अलावा उन्होंने यह भी निर्देश दि या कि यूनिट को और स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। प्लास्टिक के अलावा अन्य ठोस अपशिष्ट का फॉरवर्ड लिंकेज करने पर फोकस किए जाने की आवश्यकता है ताकि अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई अथवा स्वच्छता समाधान केंद्र पर आने वाले विभिन्न प्रकार के कचरे का अंतिम निपटान किया जा सके। साथ ही कर्मियों को कार्य करने के दौरान उससे निकलने वाली गैस से बचाव हेतु मास्क पहनने का निर्देश दिए गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सिन्हा कॉलेज में संस्थापक अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा की लगेगी प्रतिमा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद के सेमिनार हॉल में महाविद्यालय के संस्थापक श्री अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा (त्रिपुरारी बाबू) के सम्मान में, महाविद्यालय के प्रांगण में त्रिपुरारी बाबू की एक आदमकद मूर्ति स्थापना को लेकर प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई, जिसमें मंचासीन डॉ रामनारायण यादव, डॉ योगेन्द्र कुमार सिंह, डॉ रामप्रकाश एवं महाविद्यालय के प्रधान सहायक सौरभ सुमन उपस्थित रहे। मंच का संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह ने की। इस बैठक में सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों से इसकी सहमति ली गई जिसे सभी ने एक आवाज में इसकी सहमति दी। इसके बाद बारी-बारी से सभी प्राध्यापकों ने अपने-अपने विचार रखें जिसमें डॉ संजीव रंजन, सहायक प्राध्यापक राजनीतिक विज्ञान विभाग ने अपना विचार रखा एवं उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के क्रम में जिन विभूतियों ने योगदान दिया है तो उनके योगदान से समाज को अवगत कराने के लिए महाविद्यालय के हर विभाग में एक चेतना शिविर का आयोजन किया जाए जो कि सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास हुआ। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष सुदीप कुमार ने श्री अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा के नाम से महाविद्यालय में अखौरी छात्रवृत्ति योजना चलाने की बात कही जो कि सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास हुआ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रामप्रकाश ने की। कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह, डॉ रमेश सिंह, अनूप कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, डॉ राजीव रंजन सिंह, अमित रंजन, कौशल किशोर, आदित्य गुप्ता, शशिकंात कुमार, किरण कुमारी, रेणु कुमारी, शिवम कुमार, शक्ति कुमार सिंह, निशा सिन्हा, राहुल कुमार सिंह, रमेश सिंह, मनोज कुमार सिंह लेखापाल, नंदलाल कुमार इत्यादि ने भाग लिया।

## महिला संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़कर सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से औरंगाबाद जिले में 18 अप्रैल से 15 जून 2025 तक 'महिला संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की पहल जीविका, औरंगाबाद के सहयोग से की जा रही है।

सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR



राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

**संदेश**

'गुड फ्राइडे' ईसा मसीह के संघर्ष और बलिदान की पुण्यस्मृति का दिन है।

प्रभु यीशु ने हमें प्रेम, दया, क्षमा, सेवा और करूणा का संदेश दिया। उनके उपदेश हमें सत्य और न्याय की राह पर सतत आगे बढ़ने की सीख देते हैं।

आइए, 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर हम प्रभु ईसा मसीह द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों को आत्मसात कर उनका अनुसरण करने का संकल्प लें।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-000796 (Governor Secretariat)D. 2025-26

बिहार सरकार



**संदेश**

मुख्यमंत्री
बिहार

गुड फ्राइडे के अवसर पर समस्त ईसाई भाई–बहनों सहित सभी प्रदेश वासी प्रभु यीशु के बलिदान का स्मरण करते हैं। इस दिन ईसाई भाई–बहन उपवास रखते हैं और गिरिजाघर में प्रार्थना करते हैं।

प्रभु ईसा मसीह ने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से संपूर्ण मानवता को प्रेम, दया और निरीहों के प्रति करूणाभाव का संदेश दिया है। वर्तमान परिवेश में सहिष्णुता, धैर्य, बलिदान और त्याग संबंधी ईसा मसीह की शिक्षा और उपदेशों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है।

प्रभु यीशु के बताये मार्ग के अनुसरण से मानव समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। इस अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि प्रभु यीशु के आदर्शों का पालन करेंगे।

(नीतीश कुमार)

PR No.-001249 (Home)D. 2025-26